गांधी अभिनंदन ग्रंथ

महात्मा जी के संबंध में लिखित अनेक भाषाओं के
प्रतिनिधि कवियों का काव्य-संग्रह

••

संपादक
सोहनलाल द्विवेदी

भूमिका-लेखक
सर सर्वपल्ली राधाकृष्णन

••

गांधी-अभिनंदन-ग्रंथ कार्यालय,
लखनऊ.

बोधिसत्त्व-कथा पुण्या बहूनां श्रुतिमागता,
साम्प्रतं बोधिसत्त्वस्तु परं त्वय्येव दृश्यते।

पृष्ठ १

श्री विधुशेखरस्य

बापू का आशीर्वाद

सेवाग्राम

भाई सोहनलालजी,

आपकी कृति के गुण-दोष बारे में मैं क्या कहूँ ? काव्यों की परीक्षा करने की मेरे में कोई योग्यता नहीं पाता। मेरी स्तुती में जो काव्य लिखे गए हैं, उस बारे में मैं क्या कह सकता हूँ ? हाँ, इतना मैं कह सकता हूँ सही, आपने परिश्रम काफ़ी उठाया है। कोई भी शुभ परिश्रम व्यर्थ नहीं जाता है।

बापू के आशीर्वाद

१६—१०—४४

PREFACE

Sir Sarvapalli Radhakrishnan

We are living in an age similar to the one in which the Romans were at the time of the barbarian invasions. Tacitus in the Preface to his Histories *writes: "We are entering upon the history of a period rich in disasters, gloomy with wars, rent with seditions, and savage in its very hours of peace.there was defilement of sacred rites, adulteries in high places, the sea was crowded with exiles, island-rocks drenched with murder. All was one delarium of hate and terror; slaves were bribed to betray their masters, freed men their patrons; he who had no enemy was destroyed by his friend." The real cause of the present chaotic condition of the world is a new paganism which has displaced the ancient religious cultures. The paganism which says not: "Blessed are the meek for they shall inherit the earth", but "blessed are the strong for they possess the earth." The remedy for the present condition is a revival of the true spirit of religion. Gandhi appeals to us to adopt it. He proclaims that the law of love is not alien to human nature, that it will make for freedom and social progress, if we let love influence our social consciousness. War is a crime. It is opposed to civilised life, it is unworthy of human beings. It is false to suggest that it is a blessing in disguise that it will help us to realise noble aims. Whatever good ends are aimed at by war, can be achieved by the application of peaceful methods. In a world sunk in savagery, Gandhiji stands up for the adoption of the spirit of true love.*

To India his message is the same. Our political freedom can be won, not by catch-words, but by constructive work, by the development of the capacity to work together, face difficulties, and dispose of them in a spirit of charity and love. His name will continue to be honoured as long as civilisation lasts. This book is a collection of poems contributed by writers in different languages, paying their homage to the great personality of Mahatma Gandhi.

सर सर्वपल्ली राधाकृष्णन

बर्बरों के आक्रमणों के समय में जिसप्रकार रोमन रहते थे, आज हम उसी प्रकार के युग में रह रहे हैं। टेसीटस ने अपने 'इतिहासों' की भूमिका में लिखा है—'हम ऐसे ऐतिहासिक युग में प्रवेश कर रहे हैं, जो सर्वनाश से समृद्ध है, युद्धों से धूमिल है, विप्लवों से विदीर्ण है, और जब शान्ति स्थापित होना चाहिए, तभी अमानुषिकता से आक्रान्त है। उस समय पवित्र अनुष्ठान अपवित्र किए जाते थे, प्रतिष्ठित घरानों में व्यभिचार होते थे, देश-निर्वासितों से समुद्र भरा पड़ा था, और द्वीपों की गिरि-कन्दराएँ हत्याओं से रँगी पड़ी थीं। यह सभी कुछ घृणा और विभीषिका का सन्निपात था। स्वामियों और संरक्षकों को धोखा देने के लिए दस्यु और मुक्त-दासों को घूस दी जाती थी। जिसके कोई शत्रु न होता, उसे उसके मित्र ही वध कर डालते थे।' आज के संसार की अशान्ति का मूल कारण एक नई बर्बरता है, जिसने प्राचीन धार्मिक संस्कृतियों को पदच्युत कर दिया है। वह बर्बरता जो यह तो कहती नहीं कि 'भाग्यशाली तो वे हैं जो दीन हैं, क्योंकि पृथ्वी का उत्तराधिकार उन्हींका है'; बल्कि यह कहती है कि 'भाग्यशाली तो सशक्त हैं क्योंकि, धरती उनके अधिकार में है।' आज की इस परिस्थिति के उद्धार का उपाय एक ही है और वह यह कि धर्म की सच्ची भावना का प्रवर्तन हो। गांधीजी इस धार्मिक भावना को ग्रहण करने के लिए हमें प्रेरणा देते हैं, इसीलिए वे हमें मान्य हैं। गांधीजी की घोषणा है कि प्रेम मनुष्य की प्रकृति के विरुद्ध नहीं, बल्कि, यदि हम अपनी सामाजिक चेतना के ऊपर प्रेम का प्रभाव पड़ने दें तो इसीसे हम स्वतंत्रता और सामाजिक उन्नति प्राप्त कर सकेंगे। युद्ध अपराध है। यह सभ्य-जीवन का विरोधी है। यह मानव को शोभा नहीं देता। यह कहना सरासर झूठ है कि युद्ध प्रच्छन्न वरदान है, और इससे हमारे उदात्त उद्देशों की पूर्ति होती है। जो उद्देश हम युद्ध के द्वारा प्राप्त करना चाहते हैं, वे तो शान्ति-मय साधनों से भी प्राप्त हो सकते हैं। बर्बरतापूर्ण संसार में गांधीजी ही सच्चे प्रेम के तत्व को ग्रहण करने में अग्रगण्य हैं।

भारतवर्ष के लिए उनका यही संदेश भी है। केवल कोरे नारे लगाने से नहीं, बल्कि, रचनात्मक कार्यक्रमों से, साथ मिलकर कार्य करने की शक्ति के विकास से, कठिनाइयों से लोहा लेने से, और जो सफलता हमें प्राप्त हो, उसे प्रेम-पूर्वक उदारता से आपस में बाँट देने ही से हमें राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त हो सकती है। जब तक सभ्यता का चिह्न संसार में रहेगा, गांधीजी का नाम आदर के साथ स्मरण किया जायगा।

यह ग्रन्थ उन्हीं महात्मा गांधी के महान व्यक्तित्व के प्रति विभिन्न भाषाओं के कवियों की काव्य-श्रद्धांजलि है।

ग्रन्थ के संरक्षक

श्री घनश्यामदास जी बिड़ला का वक्तव्य

गांधीजी की ७५वीं जन्मतिथि के उपलक्ष में तरह तरह के आयोजन हो रहे हैं। कस्तूरबा स्मारक निधि यह एक वृहत् आयोजन है। किन्तु द्विवेदीजी ने इस अभिनंदन-ग्रन्थ का संपादन करके इस अवसर पर गांधीजी के साहित्यिक-अभिनंदन के साथ साथ देशवासियों को भी एक नई कृति दी है। गांधीजी के प्रति भिन्न-भिन्न उपासकों की इसमें श्रद्धांजलि है। और सबसे बड़ी बात यह है कि इसकी सारी आय महादेव-स्मारक कोष में दी जायगी।

द्विवेदीजी का विचार है कि कुछ प्रतियाँ एक एक हज़ार में, कुछ पाँच-पाँच सौ में, कुछ एक एक सौ में बेची जायँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जिनके पास शक्ति है, वे ऊँची क़ीमत देकर इस पुस्तक को ख़रीदेंगे, क्योंकि जहाँ इसके पाठक एक तरफ़ पवित्र साहित्य से उपवीत होंगे, दूसरी ओर महादेव भाई कोष को सहायता पहुँचाकर पुण्य-लाभ करेंगे।

महापुरुषों के तनिक से सम्पर्क से भी पुण्य की वृद्धि होती है। इसलिए, गांधीजी और महादेव भाई के सम्पर्क से इस ग्रंथ द्वारा जो कुछ पुण्यलाभ हो, उससे हमारा सबका कल्याण हो, ऐसी हम सब प्रार्थना करें।

स्वर्गीय महादेव देसाई

चित्रः 'हिन्दुस्तान टाइम्स'
के सौजन्य से।

ग्रंथ के हितैषियों की सूची

जिन्होंने विशेष मूल्य में ग्रन्थ लेकर, श्री महादेव स्मारक-निधि की योजना सफल बनाई है—

१००१ रु०

श्री घनश्यामदास जी बिड़ला, कलकत्ता

५०१ रु०

सर्वश्री सर बद्रीदास गोयनका कलकत्ता, श्री मूलचन्द्र जी अग्रवाल, कलकत्ता, श्री मिहिरचन्द्र जी धीमान कलकत्ता, श्री आर० के० भुवालका, कलकत्ता, भाई चिम्मनलाल वाडिया कलकत्ता, श्री मोतीलालजी लाठ कलकत्ता, श्री रामेश्वरजी नेपाली कलकत्ता, श्री घनश्यामदासजी लाडेलका, कलकत्ता, श्री मोहनभाई, कलकत्ता, श्री भागीरथजी कनोड़िया, कलकत्ता।

सर्वश्री पंडित अमरनाथ जी झा, कुलपति, प्रयाग-विश्वविद्यालय, श्री पुरुषोत्तमदास जी टंडन, इलाहाबाद, श्री रमेशकुमार अवधेशकुमार, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद, श्री व्रजकृष्ण चाँदीवाला, दिल्ली, श्री महन्त शान्तानंदनाथजी हरिद्वार, श्री हीरालालजी खन्ना, प्रिंसिपल, सनातनधर्म कालेज कानपुर, श्री रामरतन गुप्त एम० एल० ए० (केन्द्रीय) कानपुर, सेठ अमरचंदजी उरई, श्री ओमवतीजी लाहौर, श्री यतीशप्रसाद पाठक, लाहौर, श्री चिमन भाई दादू भाई, गुजरात, श्री वल्लभदासजी मोदी, एडवोकेट बंबई, श्री एम० एम० रामाराव बंबई, श्री सुखबरन सुराना, चूरू, श्री श्रीमन्नारायण अग्रवाल, वर्धा, श्री बी० एन० व्यास, कलकत्ता, श्री राजा यादवेन्द्र दत्त दुबे, जौनपुर, श्री कृष्णचन्द्र व्रजकिशोर बिन्दकी यू० पी०, सेठ राजाराम, बिन्दकी यू० पी०, श्री सरदार गुरुबख्शसिंह लखनऊ, श्री पोखरमल विश्वंभरदयाल, लखनऊ, श्री निर्मलचंद्र चतुर्वेदी एडवोकेट लखनऊ, श्री विष्णुनारायण भार्गव, लखनऊ, श्री राजराजेश्वर भार्गव, लखनऊ, श्री भृगुराज भार्गव, लखनऊ, श्री सोहनलाल द्विवेदी, लखनऊ।

पंडित अमरनाथजी झा

भारतवासियों की ईश्वर से प्रार्थना है कि महात्माजी शतायु हों, और "शतायुर्वै पुरुषः" वाक्य सिद्ध हो।

माननीय श्री पुरुषोत्तमदासजी टंडन

पूज्य महात्मा गांधी हमारे देश की अनुपम विभूति हैं। उनको पाकर हम अपनी दरिद्रता में भी भाग्यवान हैं। देश के हिन्दू-मुसलमान के, ब्राह्मण और हरिजन के, बड़े-छोटे सब अंशों के,—वह वास्तविक स्नेहपुञ्ज 'बापू' हैं। साधारण रीति से पचहत्तर वर्ष की आयु में मनुष्य क्षीणशक्ति हो जाता है, किन्तु अपने बापू की कल्पना हम सशक्त महारथी के रूप में करते हैं। उनकी बहुत आवश्यकता है। हमें इस आयु से सन्तोष नहीं। उनके १०० वर्ष पूरे होने की लालसा हमारे हृदय में भरी है।

गांधी-अभिनन्दन-ग्रन्थ, हमारी इस लालसा का प्रतीक होगा। सोहनलालजी की यह संकलित कृति हिन्दी-साहित्य की मूल्यवान सम्पत्ति होगी।

माननीय श्री सम्पूर्णानन्दजी

मैं गांधी-अभिनन्दन-ग्रंथ के निकालने के प्रास्तव का स्वागत करता हूँ। गांधी जी के सम्बन्ध में बहुत-सा पद्यात्मक वाङ्मय जमा हो गया है। हम उसके किसी-किसी रत्नकण को कभी-कभी देख भी लेते हैं। परन्तु, ऐसी रचनाओं के संग्रह का भविष्यत् में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक दृष्टि से बहुत मूल्य होगा।

माननीय श्री गोपीनाथ बारदोलाई

मेरे लिए तो कोई भी कविता इतनी ऊँची नहीं हो सकती, जो महात्मा जी के अन्तर की सहृदयता को व्यक्त कर सके, न कोई ऐसी भाषा ही समृद्ध जान पड़ती है जो गांधी जी के जीवन की गरिमा को लिख सके। हाँ, भाषा और छंद महात्मा जी को काव्य का आलंबन बनाकर अवश्य गौरवान्वित हो सकते हैं। परमात्मा करे, प्रत्येक वर्ष इस ग्रंथ को प्रकाशित करने के अनेक अवसर मिलें।

सम्पादकीय

'गान्धी अभिनन्दन ग्रंथ' अपने पाठकों के हाथ में देते हुए हमें परम हर्ष हो रहा है।

इस ग्रंथ में अन्तर्प्रेरणा से लिखी हुई रचनायें ही संकलित की गई हैं, बहिर्प्रेरणा से लिखाकर नहीं। अतः, यह अपने सच्चे अर्थ में अभिनंदन-ग्रंथ है।

हमें यह लिखते हुए गर्व होता है कि संसार की किसी भी भाषा में ऐसा ग्रंथ आज तक नहीं प्रकाशित हुआ, जिसमें संसार के सर्वश्रेष्ठ पुरुष के संबंध में इतनी भाषाओं के इतने कवियों की कविताएँ एक स्थान में संगृहीत की गई हों।

यह सौभाग्य राष्ट्रभाषा हिन्दी को प्राप्त हुआ है, अतः, यह प्रत्येक राष्ट्रभाषा-प्रेमी के गर्व का विषय है।

अनेक भाषाओं के प्रथम श्रेणी की एवं प्रतिनिधि कवियों की कवितायें इसमें प्रकाशित करने की हमें सफलता मिली है, इससे ग्रंथ का महत्त्व समझा जा सकता है।

हमारा दृढ़ विश्वास है कि इस काव्य को देश के हृदय में स्थान मिलेगा, तथा श्रद्धा एवं अनुराग से पढ़ा जायेगा।

मराठी भाषा के 'तिलक' के ल के स्थान में 'ळ' प्रयुक्त किया गया है, दक्षिणी भाषाओं में भी। इसीप्रकार, तामिल भाषा के ऴ zha के उच्चारण के लिए ष के नीचे बिंदु लगाया गया है।

मूल और अनुवाद को हमने यथासाध्य शुद्ध तथा प्रामाणिक छापने का प्रयत्न किया है; किन्तु, जिसमें अनेक भाषायें छापी गई हों, उसमें कहीं भूल न रह गई हो, ऐसा असंभव है। अनुवाद कहीं विस्तार से है, कहीं भावानुवाद।

हम विशेष रूप से उन पत्र के व्यवस्थापकों एवं संपादकों को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने ग्रंथ की योजना को समय समय पर प्रकाशित करके हमारा हाथ बटाया है।

उन बन्धुओं तथा बहनों की प्रशंसा किन शब्दों में की जाय, जिन्होंने ऊँचे मूल्य में ग्रंथ लेकर श्री महादेव-स्मारक-निधि को सफल बनाया है।

अपने परमहितैषी श्री घनश्यामदासजी बिड़ला को धन्यवाद देने का मुझमें साहस नहीं। उनकी सद्भावना ही इसमें फलफूल रही है।

श्री भागीरथजी कनोड़िया तथा जिन अन्य मित्रों ने हमें इसकी योजना में किसी प्रकार भी सहायता दी है, हृदय से हम उनके कृतज्ञ हैं।

सोहनलाल द्विवेदी

संपादक-मंडल तथा परामर्श-दाता

संस्कृत	पं० महादेव शास्त्री, कवि-चक्रवर्ती, अध्यक्ष संस्कृत-विभाग, काशी विश्वविद्यालय
हिंदी	श्री मैथिलीशरणजी गुप्त
उर्दू	श्री बिस्मिल, इलाहाबादी
गुजराती	श्री झवेरचंद मेघाणी
बंगाली	पं० हजारीप्रसाद द्विवेदी, शान्ति-निकेतन
मराठी	डा० माधवगोपाल देशमुख एम० ए०, पी-एच० डी०
राजस्थानी	श्री नरोत्तम गोस्वामी, बीकानेर
तामिल, तेलगू, मलयालम	दक्षिण हिंदी-प्रचार सभा, मद्रास
कन्नड़	कर्नाटक साहित्य सभा, हुबली
चीनी	शान्तिनिकेतन
अंग्रेज़ी	प्रो० एन० के० सिद्धान्त, लखनऊ विश्वविद्यालय

अनुवादक-मंडल

संस्कृत	पंडित लक्ष्मीकान्त शास्त्री, साहित्याचार्य
बंगला	पंडित हज़ारीप्रसाद द्विवेदी, शास्त्राचार्य
गुजराती	श्री शंकरदेव विद्यालंकार
मराठी	श्री र० रा० खाडेलर 'अधिकार' लखनऊ
तामिल, तेलगू, मलयालम	दक्षिण हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास
कन्नड़	कर्नाटक-साहित्य-संघ, हुबली
चीनी	शान्तिनिकेतन, बंगाल
अंग्रेज़ी	पंडित लक्ष्मीनारायण मिश्र बी० ए० आचार्य हिन्दी विद्यापीठ, प्रयाग

कवि नामानुसार क्रम सूची

संस्कृत

हिन्दी

संख्या			पृष्ठ

संख्या | | | पृष्ठ

उर्दू

बंगला

गुजराती

संख्या | | | पृष्ठ

मराठी

उड़िया

मैथिल

राजस्थानी

सिंधी

तामिल

तेलगू

मलयालम

कन्नड़

कनारसी

चीनी

अंग्रेज़ी

आभार

श्री नंदलाल बोस, श्री रविशंकर रावल, श्री कनु देसाई, श्री कुमारिल स्वामी, श्रीमती महादेवी वर्मा तथा श्री कनु गांधी जैसे प्रख्यात कलाकारों ने अपने अमूल्य चित्रों को ग्रन्थ में प्रकाशनार्थ देने की कृपा की है, एतदर्थ हम अनुगृहीत हैं।

बापू के चरणों में

शुभाकांक्षा

महामना पंडित मदनमोहन मालवीयजी महाराज

गांधी जीवैं वर्ष शत,
देश होय स्वाधीन;
शांति स्थापन होय जग,
मारग चलैं नवीन ।*

* New world order

राष्ट्रमाता

कस्तूर बा

महात्माजी का सबसे अभिनव चित्र

श्री कनु गांधी के सौजन्य से

महात्मा

महामहोपाध्यायः श्री विधुशेखर भट्टाचार्यः शान्तिनिकेतनम्

महत्त्वान्मनसो यत्त्वं महात्मेति न संशयः,
मनोवाक्कर्मणामैक्यादपि त्वं नो मतस्तथा।

स्थितप्रज्ञकथां शास्त्रे को नु नाम न बुध्यते ?
स्थितप्रज्ञस्तु किं कश्चिद् दृश्यते सदृशस्त्वया !

बोधिसत्त्वकथा पुण्या बहूनां श्रुतिमागता,
साम्प्रतं बोधिसत्त्वस्तु परं त्वय्येव दृश्यते।

तत्किञ्चित्तपसस्तेजो यतः शक्रोऽपि कम्पते,
इति पौराणिकीं वार्तां जानन्ति बहवो जनाः।

सा शक्तिस्तपसः सत्या न वेति चेद् बुभुत्स्यते,
महात्मा सोऽयमस्माकं न कस्मात्तूर्णमीक्ष्यते ?

क्वासौ कौपीनसर्वस्वः महात्मा क्षीणविग्रहः,
विविधायुधसन्नद्ध आङ्ग्लराजः क्व वा पुनः।

निरन्तरं तथाप्यस्माद् विभेत्येष महात्मनः,
सुगुप्तोप्याङ्ग्लभूपालः कम्पमानः पदे पदे।

यस्मिञ्जीवति विश्वस्य मङ्गलं विश्वतोमुखम्,
महात्मा श्रेयसे सोऽयं जीयाज्जीव्याच्च सन्ततम् !

संस्कृत

कुसुमाञ्जलिः

सर्वतन्त्रस्वतन्त्रः पं० महादेवः शास्त्री कवि-तार्किक-चक्रवर्ती,
काशी-विश्वविद्यालयः

कौटिल्यकाल-कलिते वलिते बलौघैर्दुष्कालदुष्कलनिगालितकालकूटे,
लोलेऽबले विलुलिताकुलितेऽजनाभे कं सा निभालयतु लङ्घितराजलक्ष्मीः?

क्रूरं क्वणन्ति परितो निगडाः कराला आपादचूडमनिशं निबिडं निबद्धाः,
यैर्घोरतामुपगतैर्निजराज्यपद्मा सद्मामलं किमपरं श्रयतां शरण्यम्?

या तादृशेऽपि सुकृताद्बलावशेषे दिष्टे विशिष्टकुरुपाण्डवयुद्धभूमौ,
कृष्णेन बुद्धिबलसर्वविशेषभाजा नालम्बि नीतिरमला फलबीजलग्ना!

सत्ये वसीदति पराङ्मुखतामुपेते धर्मे दहत्यतिभरं पृथिवीं रणाग्नौ,
मानुष्यके सुलभसंशय-जीवनाप्ते तां दिव्यशक्तिमपरः क इहाविभर्त्तु?

सत्याग्रहेऽद्भुतपराक्रमशालिशस्त्रे तां शाश्वतीं सफलतां महतींप्रपन्ने
साम्राज्यवैभवविधूननधामपुञ्जे गुञ्जन्तु कीर्तनवचांसि सतां महांसि।

शक्या न या कथमपि प्रतिहिंसितुं साऽहिंसा दृढा जयति कापि महाविभूतेः,
जागर्तिमात्मनि जयोर्जितदेशशक्तिमुज्जृम्भयन्नतिबलस्मय - घूर्णनीया।

स्वातन्त्र्यमूल्यमखिलं न ददाति यावत्तावन्नलभ्यमिदमर्चित मातृभूमेः
तत्प्राप्तये तनुमसौ तुलितो विभेद्य स्तुत्यः परामनुपयन् किल कोटिमस्याः।

गौराङ्गभूपबलिनो ननु दर्पमार्गः 'सन्त्यज्यतां भरतभूमिविहानघोषात्—
मा भैष्ट मोहनसमूहितमन्त्रवर्णादुच्चाटनादिह हितं विमृशन्तु सत्यम्।

सत्याग्रहव्रतधराय वराग्रचक्रहस्ताय पूर्णतपसे पर - दुःखिताय,
सम्मोहनाय बलिनां समशक्तिभाजां भक्तिः सदाभ्युदयतां ननु मोहनाय।

सत्यासक्तः सितात्मा कविकृतिनिपुणो वृत्तगोवर्धनश्रीः
कृत्वा चक्रं कराग्रे गतिविगतिजुषां नेत्रदानैक-शक्तः;
एको यः कर्म्मयोगी निखिलहितविधौ बद्धकक्ष्यः श्रितेशः
सोऽव्यादव्याजभव्यः सकलनरवरो मोहनो देशमेनम्।

शुभाभिनन्दनम्

दर्शन-केसरी पं० गोपालशास्त्री, काशी

पार्थं जगाद हरिरत्र विभूतिमान् यस्तेजोंऽश एव मम स ध्रुवमित्यवेहि,
तेनासि मोहन! बुधैरभिनन्दनीयस्त्वत्पूजनं हि गुणपूजनमीश्वरस्य।

स्पृश्यास्पृशि-व्यपगमादि समस्तमत्र स्वाराज्यसाधन-चतुर्दश-रत्नजातम्,
त्वं साम्प्रतं वितनुषे जनतासु तस्माद्रत्नाकरत्वमधिगच्छसि भो महात्मन्!

पाश्चात्यशासनविदूषित-भारतेऽस्मिन्नन्नादि-दुःख-बहुले बहुलोभयुक्तान्,
ताञ्छासकान् वदसि हातुमिमां धरां यत्तस्मात्त्वमेव समयज्ञ! समर्चनीयः।

त्वं विश्वनेतासि निजप्रभावान्नीतिस्त्वदीयैव बुधाभिनन्द्या,
कालः समायाति यतोऽचिरेण लोकाः समस्तास्तव मार्गगाः स्युः।

सत्याग्रहं चक्रमहो दधानोऽप्यहिंसया त्वं कवचेन नद्धः,
सुसारथी राष्ट्रसभारथस्य कृष्णत्वमाविष्कुरुषे स्वकार्यात्।

महात्मन्! दीर्घायुर्भव नय नरांस्त्वं निजपथे
प्रतीच्यानां पाशं व्यपनय समन्तादपि भुवः;
स्वतन्त्राः स्युः सर्वे जनपदभवा उद्यमपराः
न कश्चिद् देशः स्यादपरनृपवश्योऽद्य भुवने।

गुणगौरवम्

साहित्याचार्यो भट्टमथुरानाथः शास्त्री कविरत्नम् 'मञ्जुनाथः', जयपुर

पूर्णः कर्णधार इव धीरं धुर्यकान्त्या लसन्
  शमयति शान्त्या यो हि राजनीति - नौ-रवम्
भारतविभवकृते धार्मिक - युधि स्थिरोऽसौ
  वशयति वक्रदलं चक्रमिव कौरवम्।
मञ्जुनाऽथ माननीयमान्तरमहिम्ना सदा
  श्लाघ्यन्ते द्रढिम्ना यं हि नृपमिव पौरवम्
धार्मिकधनिष्ठैर्मान्यमण्डलमहिष्ठैरपि
  गीयते गरिष्ठैरद्य 'गान्धी' - गुणगौरवम्।

साहित्यायुर्वेदाचार्यः श्री हरिदत्तः शर्मा शास्त्री, सप्ततीर्थः,
आगरा

गान्धिः शिवो दीन-जनैक-बन्धुः,
प्रगाढ़ - कारुण्य - जलैक - सिन्धुः ;
जीयात् समा नैतिक - विज्ञतान्धुः,
शताच्छ्रुतं तापस - चन्द्रिरेन्दुः ।
"स्वर्ग-निर्गत-निरर्गल-गङ्गा-तुङ्ग-भङ्गुर-तरङ्ग-सखानाम् ,
केवलामृतमुचां वचनानां यस्य लास्य-गृहमास्य-सरोजम् ।"

सोऽयं महात्मा भुवनोपकारे,
दृढ़व्रती केन न माननीयः ;
विनाशयन्नन्ध-तमिस्र-तान्तिम् ,
प्रभाकरः केन न वन्दनीयः ।
पञ्च-सप्तति-वर्षाणि यो ऽ हासील्लोकहेतवे ,
तज्जीवनं शताब्दीयं प्रार्थयामो महेश्वरम् ।

नमस्कृतिः

विद्यावतंस-साहित्याचार्य-साहित्यरत्न-श्री लक्ष्मीकान्तः
शास्त्री, लखनऊ

क्व निस्त्रिंशशीर्षप्रशासानुरक्तिः
असृक्पायिनी प्राज्यसाम्राज्यशक्तिः,
क्व कौपीनवासा अहिंसाप्रसक्तिः
जगन्मुक्तये बद्धकाराधिभक्तिः,
परं यद्बलाद् वेपते राजचक्रम्,
नमस्कुर्महे तेजआनम्रशक्रम् ।
यदीयं यशः सर्वतो दिक्पटेषु,
स्थितं प्रीणयत् स्वर्णतूलीं वरेषु,
निरस्त्रोपि जेता सशस्त्रान् रणेषु,
जनैरर्च्यमानो मनोमन्दिरेषु,
प्रसिद्धार्थसिद्धार्थसर्वस्वसिद्धिम्,
नमस्कुर्महे सत्यधाम्नः समृद्धिम् ।

संस्कृत

पुष्पाञ्जलिः

श्री नारायणशास्त्री खिस्ते, काशी

येनापन्निस्तीर्णा वसुधा वसुधार्यभीनेन
भारतभूतिलकायितसौभाग्यं तं नरं न को नन्देत्।
नवयुगनिर्माता यः प्रायश्चक्रं करे वहति,
स जयति मोहनरूपो महात्मशब्दोऽद्वितीयगो यस्य

यः सांख्यपूरुष इव प्रकृतीरजाः स्वाः
स्वोपासनेन कुरुते बहुधा कृतार्थाः,
शान्तः स्वयं स्वरतिरेव पुनस्तटस्थ-
स्तस्मै नमोऽस्तु मुनये किल मोहनाय।

अभिनन्दनम्

श्री विन्ध्येश्वरीप्रसादः शास्त्री धर्माचार्यः, काशी

सत्यस्यैक - दृढव्रती नृपनयप्रज्ञान - निष्णातधी
रागद्वेषविहीन - निर्मलमतिः सत्कर्मवीरो यतिः;
स्वीयैर्विश्वजनीनसद्गुणचयैः शश्वत् सतां "मोहनो
दासो' मातृभुवश्चिरं विजयतां श्रीकर्मचन्द्रात्मजः।

प्रह्लादो नु भवान् हिरण्यकशिपोर्दुर्नीतिदावानलः
स्वास्थ्नामर्पयिता परोपकृतये किंवा दधीचिर्मुनिः;
बुद्धो वा करुणाकरो रिपुसुहृत् खि्रस्तोऽथ शान्त्यम्बुधिः
सन्तस्त्वद्विषये निरन्तरमिमं सन्देहमातन्वते।

केचित् सत्यपराः परार्थमपरे सर्वस्वसंन्यासिनो
देशोद्धाररताः परे च कतिचित् कारुण्य-पूर्णाशयाः;
तत्त्वज्ञान - विदस्तथान्य इतरे शिक्षा - परिष्कारिण-
स्त्वादृक्संसुगुणाकरं नु जननी प्रासोष्ट नाऽन्या सुतम्।

रत्नानां जलधेर्विविच्य गणने व्योम्नस्तथा ज्योतिषां
शक्तः सन् भवतो गुणान् गणयितुं नेशः फणीशोऽपि च
इत्येवं मनसा विचिन्त्य विनयाद् विश्वेशमभ्यर्थये
दीर्घायुष्ट्व - मसौ ददातु भवते, धर्मे दृढत्वं तथा।

'भगवान् अवतीर्णः'

श्रीमती पंडिता क्षमाराव विदुषी

बहुवर्षाणि देशार्थे दीनपक्षावलम्बिना,
कृषकाणां सुमित्रेण कृतो येन महोद्यमः।

अपूर्व - कीर्तियुक्तस्य निःस्पृहस्यानहङ्कृतेः,
माहात्म्यमस्य भूपानां वैभवाच्च विशिष्यते।

वयमाङ्गलयुगे बद्धा भविष्यामोऽधिकाधिकम्,
विवशा दुर्बलाश्चेति बोधितं दूरदर्शिना।

स्वबान्धवानसौ पौरान्मोह - सुप्तानबोधयत्,
स्वधर्मः परमो धर्मो न त्याज्योऽयं विपद्यपि।

कर्षकाणां स्थितिं तेषां कष्टमूलं च वेदितुम्,
त्यक्तभोगो विपद्बन्धुर्ग्रामे ग्रामे चचार सः।

जीवन्तोऽपि न जीवन्ति परदास्य - धुरन्धराः,
पारतन्त्र्यमुदाराणां मरणादति रिच्यते।

अद्भुतं तस्य माहात्म्यं शास्ति यत्किल भारतम्,
विभूतिःकापि सा दिव्या न शक्तिः खलु मानुषी।

निक्षिप्तं विधिना तेजस्तस्मिन् गान्धौ महात्मनि,
जन्मभूमिं तमोग्रस्तां विद्योतयितुमात्मनः।

तस्मादधर्मनाशाय प्रशान्तेः स्थापनाय च,
गान्धिरूपेण भगवानवतीर्णः किमु स्वयम्?

भारतावनिरत्नाय सिद्धतुल्य - महात्मने,
गान्धिवंश - प्रदीपाय गीतिमेतां समर्पये।

श्री ईशदत्तः शास्त्री 'श्रीशः' साहित्य-दर्शनाचार्यः, काशी

जय जय युग-जागरण-विधायक !
मूर्त्त-भारत-स्वाभिमान जय कोटि-कोटि-जन-नायक !

जय हे मृदुल-मधुर, मङ्गलमय, मनुजमूर्तिधर ! निर्जर !
जय निश्छल, जय निर्मल, जय हे निर्मद, जय निर्मत्सर !
जय अजातशत्रो नवीन, जय वशीकरण-मधु-निर्झर !

स्मित-संवर्षण, भुवन-विभूषण, जय गीताया गायक !
जय जय युग-जागरण-विधायक !

ज्वाला-जुषां विजय-संजीवन, जाग्रत-जन-भय-भञ्जन !
ज्योतिर्मय, जय जगत्प्राण, जय जगद्वन्द्य, जन-रञ्जन !
जगतामेकमात्रजीवातो, जगती - गत - सुनिरञ्जन !

'जनताकृते जीव शरदां शतमार्य-धर्म-परिच्ायक' !
जय-जय युग-जागरण-विधायक !

श्री बादरायणः

(लन्दनस्थ-गोलमेज-परिषदः परावर्त्तनकाले)

श्रुत्वा त्वन्नवशान्तिमन्त्रमपरं निस्तब्धभूतं जगद्
हिंसास्त्राणि वृथेति सत्यमवनौ ज्ञातं च
त्वं देवोऽसि समस्तमानवकुले त्वं सेवको वै परः
शब्दे या तव शक्तिरस्ति महती स्वातन्त्र्यदात्र्यस्तु सा ।

धन्योऽयं दिवसः प्रसन्नवदनाः सर्वे जना आगता
नार्यः कुङ्कुमवर्णयुक्तवसना अम्भोधितीरस्थिताः ;
बाला अत्र तव प्रभाव-करणैराकर्षिता मीलिता
हिंसाया जगदुद्धरन् जनगुरो प्रत्यागतः स्वस्ति ते ।

जीयाच्चिरं स इह भारतपारिजातः

स्वामी श्रीभगवदाचार्यः

यः पारतन्त्र्यमखिलं सततं समूलं
श्रीभारतस्य च विलोपयितुं सयत्नः ;
कारागृहं परिपुनाति तु साम्प्रतं यो
जीयाच्चिरं स इह भारतपारिजातः ।

यद्दर्शनेन सहसा हृदयेषु नृणां
नित्यं समुल्लसति शान्तिमहापयोधिः ;
कौपीनमात्रपरिधान उदात्तचेता
जीयाच्चिरं स इह भारतपारिजातः ।

यस्यात्मशक्तिमनघां बहुलं च धैर्यं
बुद्धिं परां च दृढतां परमां च शान्तिम्
आश्रित्य भारतमचिन्त्यसमृद्धिमागा-
जीयाच्चिरं स इह भारतपारिजातः ।

यस्यैव बुद्धिमनुसृत्य च भारतीया
पारं व्रजेद्धि जनता परतन्त्रताब्धेः ।
मान्यः सतां जगति शश्वदजातशत्रु-
र्जीयाच्चिरं स इह भारतपारिजातः ।

गांधी सोऽयं जयतु—

श्री भदन्तशान्तिभिक्षुः, शान्तिनिकेतनम्

नान्यं दृष्ट्वा किमपि शरणं मानसे भीतभीता
दैन्यं नीता जननयनयोर्धूर्त - दुःशासनेन ;
पाञ्चालीव श्रयति जनिभूर्यं परित्राणहेतोः
पातु लोकाञ्जगति स चिरं जीवतान्मोहनोऽयम् ।

धर्मं प्राहुर्यमिह सुगताः सर्वनिर्वैरभावं
तं संश्रित्याचरति विमलां संयतो योऽद्य चर्याम् ;
दुःखं सर्वं करुणहृदयः प्राणिनां हर्तुकामो
गान्धी सोऽयं जयतु भुवने बोधि-सत्त्वानुगामी ।

गांधी-गोविंद

महाकवि श्री जगन्नाथदास 'रत्नाकर'

जानि बल पौरुष विहीन दलहीन भयौ
आपने बिगाने हूँ कटाई जाति काँधी है।
कहै 'रतनाकर' यों मति गति साधी मची
जाकी क्रांति-वेग सों असांति महा आँधी है।
कुटिल कुचारी के निगीरन मुखारी पर
बक्र चाहि चक्र चरखे की फाल बाँधी है।
ग्रसित गुरंड-ग्राह आरत अथाह परे
भारत-गयंद को गोविंद भयो गाँधी है।

कविरत्न पं० सत्यनारायण

जय जय सदगुन सदन अखिल भारत के प्यारे!
जय जगमधि अनवधि कीरति कल विमल उज्यारे!
जयति भुवन-विख्यात सहन प्रतिरोध सुमूरति!
सज्जन सम भ्रातृत्व शान्ति की सुखमय सूरति!
जय कर्मवीर त्यागी परम, आतप-त्यागि-विकास-कर!
जय यस-सुगंधि-वितरनकरन, गांधी मोहनदास वर!

जय परकाज निबाहन कृत बन्दीगृह पावन!
किन्तु, मुदित मन वही भाव मंजुल मनभावन!
मातृभक्त जातीय भाव-रच्छण के नेमी!
हिन्दी हिन्दू हिन्द देश के साँचे नेमी!
निज रिपुहौ कौ अपराध नित; छमत न कछु शंका धरत।
नव नवनीत समान अस, मृदुल भाव जग-हिय हरत।

जयति तनय अरु दार सकल परिवार मोह तजि!
एकहि व्रत पावन साधारन ताहि रहे भजि!
जय स्वकार्य तत्परतारत अरु सहनशील अति!
उदाहरन करतव्य - परायनता के शुचमति।
जय देशभक्ति - आदर्श प्रिय, शुद्ध चरित अनुपम अमल!
जय जय जातीय तड़ाग के अभिनव अति कोमल कमल!

जय विपत्ति मैं धैर्य धरन अविकल अविचल मन!
दृढ़ व्रत शुच निष्कपट दीन दुखियन आश्वासन!
जय निस्स्वारथ दिव्य जोति पावन उज्जलतर!
परमारथ प्रिय प्रेम-बेलि अलबेलि मनोहर!
तुमसे बस तुमहीं लसत, और कहा कहि चित भरैं?
सिवराज प्रताप रु मेज़िनी, किन-किन सों तुलना करैं!

यहि अवसर जो दियो आत्मबल को तुम परिचय,
लची निरंकुश शक्ति, भई मुदमई सत्य जय।
जननी जन्मभूमि भाषा यह आज यथारथ,
पूत सपूत आप जैसो लहि परम कृतारथ!
लखि मोहन मुखचन्द तब, याके हृदय उमंग है!
त्रयताप हरत मनमुद भरत, लहरत भाव तरंग है!

श्री मुंशी अजमेरी

स्वागत हे शुचि, शुद्ध, सरल, महनीय महात्मा,
भावमयी, भयहीन, भव्य भारत की आत्मा!
स्वागत मोहनदास, कर्मचन्दात्मज गान्धी,
विदित अहिंसा-व्रती, विश्व के अचरज गान्धी!

स्वागत हे श्रीरामचरण - पङ्कज - अनुरागी!
शुद्ध सतोगुण मूर्ति, तथा रज-तम के त्यागी!
स्वागत निज कर्तव्य कार्य के करनेवाले!
दलितोद्धारक भाव देश में भरनेवाले!

स्वागत हे संसार पूज्य, भारत के नेता!
जीव मात्र के मित्र, जगत भर के शुभचेता!
स्वागत शुचि सङ्कल्प, मनोबल-रूप तपस्वी,
तन-मन-धन देशार्थ समर्पक महा यशस्वी!

स्वागत हे सर्वोच्च धर्म के सच्चे ध्यानी!
कर्मवीर हे स्थितप्रज्ञ! गीता के ज्ञानी!
राजनीति जो रही सदा से छलिनी माया,
शुद्ध बना दी उसे पलट दी उसकी काया!

देव! दिव्य संदेश देश को दिया आपने,
अमृतोपम उपदेश देश को दिया आपने!
सत्याग्रह का शस्त्र देश को दिया आपने,
खादी का वर वस्त्र देश को दिया आपने!

प्रकार उपकार आपके गिन-बतलावें!
महिमा अमित-अपार, पार हम कैसे पावें!
विभु-विभूति हैं आप, उठाने हमको आये,
हम अजान थे, इसीलिए पहचान न पाये।

धीरे-धीरे किन्तु आपको जान रहे हम,
उर अन्तर उपदेश आपका मान रहे हम।
परिणत भी हम कार्य रूप में उसे करेंगे,
पराधीनता-पाश काट भवसिन्धु तरेंगे।

दिव्य दशमूर्त्ति

साहित्य-वाचस्पति श्री पं० अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

जय जय जयति लोकललाम !
सकल मंगल धाम ।

भरत भू को देख अभिनव भाव से अभिभूत,
राममोहन रूप धर भ्रम-निधन-रत अविराम ।।

विविध नवल विचार विचलित युवक दल अवलोक,
रामकृष्ण स्वरूप में अवतरित बन विश्राम ।

विपुल आकुल बाल विधवा बहु विलाप विलोक,
विदित ईश्वरचन्द्र वपु धर स्ववश कृत विधि बाम ।

वेद विहित प्रथित सनातनधर्म मथित विचार,
दयानन्द शरीर धर शासन निरत वसुयाम ।

यतन प्राय समाज शोधन की बताई नीति,
विहर रानाडे हृदय में विदित कर परिणाम ।

एकसत्ता मंत्र से ही धर्म की ध्रुव शक्ति,
रामतीर्थ स्वरूप धर उर हार कर हरिनाम ।

दलित वंचित व्यथित महि में की अचिन्तित क्रान्ति,
बाल गंगाधर तिलक बनकर अलौकिक काम ।

राजनीति विधान की विधिहीनता को हीन,
गोखले गौरवित तन धर विरच सित मनि श्याम ।

तिमिर पूरित भरत भू में ज्योति भर दी भूरि,
मदनमोहन मूर्त्ति धर बनकर भुवन-अभिराम ।

विविध बाधा मुक्तिपथ की शमन की रह शान्त,
मंजु मोहनचन्द में रमकर विहित संग्राम ।

मातृ महि हित रत करे हर हृदय कुत्सित भाव,
द्रवित उर 'हरिऔध' गुंफित दिव्य जन-गुणग्राम ।

नाना कार्य विधायिनी निपुणता नीतिज्ञता विज्ञता,
न्यारी जाति हितैषिता सबलता निर्भीकता दक्षता,
सच्ची सज्जनता मतिता स्वच्छन्दता सत्यता,
दिव्यों की दश देशजन को देती रहे दिव्यता !

महात्माजी के प्रति

श्री मैथिलीशरण गुप्त

तुम तो प्राण दे चुके बापू ! स्वयं उन्हें साधारण जान,
कृपया कभी न करना अब फिर अपने दिए हुए का दान।
उन्हें न्यास सा रखना आगे !

अब उन पर अधिकार उन्हीं का, उनमें हैं जिनके भगवान !
लिया सँभाल उन्होंने जिनको किया शक्ति भर उनका मान !
और भाग्य हैं जिनके जागे !

श्री लोचनप्रसाद पांडेय

आर्य ! आपके यत्न से, भारत हो स्वाधीन
शुभ स्वराज भोगें सभी, हों दुख दैन्य विहीन
रामराज्य का दृश्य फिर, देखै भारतवर्ष
कलियुग में फिर प्रकट हो, त्रेता का उत्कर्ष।
कृषक रहें ऋणमुक्त सब, हों शिक्षित सच्चरित्र।
प्रति गृह को पावन करे, देशी वस्त्र पवित्र।
देशभक्ति परिपूर्ण हो, जनता हृदय उदार।
लहै अहिंसा-धर्म में, शान्ति अखिल संसार।

डा० रामप्रसाद त्रिपाठी, डी० एस-सी० प्रयाग विश्वविद्यालय

साबरमती के तट जाग्यो मंत्र साबर है
जाके ढिंग यंत्र हू न नैक चलि पावै है,
फूँकि कै बिदेसी-तंत्र, फूँकि के सुदेसी-मंत्र
यंत्रन की यंत्रणा सों देसहि बचावै है;
कर मैं न अस्त्र अरु धर मैं न वस्त्र पै
अशस्त्र देश हू को जो सुशस्त्रहि गहावै है,
ऐसो व्रतधारी, बलधारी, तपतेजधारी
भारत-सपूत देवदूतहि लजावै है।

निःशस्त्र सेनानी

श्री माखनलाल चतुर्वेदी

(महात्माजी के दक्षिण अफ़्रीका के सत्याग्रह पर लिखित)

फिसलते काल-करों से शस्त्र, कराली कर लेती मुँह बन्द ;
पधारे ये प्यारे पद-पद्म, सलोनी वायु हुई स्वच्छन्द !
'क्लेश ?'—यह निष्कर्मों का साथ, कभी पहुँचा देता है क्लेश ;
लेश भी कभी न की परवाह, जानते इसे स्वयम् सर्वेश ।

'देश ?'—यह प्रियतम भारत देश, सदा पशु-बल से जो बेहाल ;
'वेश ?'—यदि वृन्दावन में रहे, कहा जावे प्यारा गोपाल ।
द्रौपदी भारत माँ का चीर, बढ़ाने दौड़े यह महराज ;
मान लें, तो पहनाने लगूँ, मोर-पंखों का प्यारा ताज !

उधर वे दुःशासन के बन्धु, युद्ध-भिक्षा की झोली हाथ ;
इधर ये धर्म-बन्धु नभ-सिन्धु, शस्त्र लो, कहते हैं—'दो साथ,'
लपकती हैं लाखों तलवार, मचा डालेंगी हाहाकार ;
मारने-मरने की मनुहार, खड़े हैं बलि-पशु सब तैयार ।

किन्तु क्या कहता है आकाश ? हृदय ! हुलसो सुन यह गुंजार ;
पलट जाये चाहे संसार, 'न लूँगा इन हाथों हथियार!'
'जाति ?'—वह मज़दूरों की जाति, 'मार्ग ?' यह काँटोंवाला सत्य ;
'रंग ?' श्रम करते जो रह जाय, देख लो दुनिया भर के भृत्य ।

'कला ?'—दुखियों की सुनकर तान, नृत्य का रंग-स्थल हो धूल ;
'टेक ?'— अन्यायों का प्रतिकार, चढ़ाकर अपना जीवन-फूल ।
'क्रान्तिकर होंगे इसके भाव ?' विश्व में इसे जानता कौन ?
'कौन सी कठिनाई है ?' यही, बोलते हैं ये भाषा मौन !

'प्यार ?' उन हथकड़ियों से और, कृष्ण के जन्मस्थल से प्यार !
'हार ?'—कन्धों पर चुभती हुई, अनोखी ज़ंजीरें हैं हार !
'भार ?'—कुछ नहीं रहा अब शेष, अखिल जगतीतल का उद्धार !
'द्वार ?' उस बड़े भवन का द्वार, विश्व की परम मुक्ति का द्वार !

पूज्यतम कर्म-भूमि स्वच्छन्द, मची है उठ पड़ने की धूम ;
दहलता नभ-मंडल ब्रह्मांड, मुक्ति के फट पड़ने की धूम ।

हे क्षुरस्य धारा पथ-गामी !

श्री बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

हे विशुद्ध, हे पूर्ण बुद्ध, सुनिरुद्ध तृष्णा हे संन्यासी !
हे ज्वलन्त, हे सन्त, शान्त हे, हे अनन्त के अभ्यासी !!
मानवता की तुम प्रहेलिका, जगती के तुम अचरज हे !
हे विकास की विकट समस्या, श्रेष्ठज हे, जय अन्त्यज हे !!

योगयुक्त हे, शोकमुक्त हे, यज्ञभुक्त हे बलिदानी !
हे अपमानित, हे सम्मानित, श्री गुरुदेव परमज्ञानी !
हे प्रलयंकर, हे शंकर, हे किंकर, हे निष्ठुर स्वामी !
परमसेव्य हे तुम चिर-सेवक, ओ कर्मठ, ओ निष्कामी !!

हे क्षुरस्य-धारा-पथ-गामी, हे जगमोहन, जय-जय हे !
युद्धवीर हे, रुद्धपीर हे, नीति-विद्रोहन जय-जय हे !
अनय विजय हे अभय-निलय हे, सदय हृदय पापक्षय हे !
हे कृतान्त से का कूट तुम, जीवन-दायक मधुपय हे !

धन्य हुई यह वसुधा वृद्धा, मानवता यह धन्य हुई !
तव विप्लवकारी प्रसाद से भय-भावना नगण्य हुई !!
ये मिट्टी के पुतले भी बढ़-बढ़ लड़ गढ़ चढ़ने दौड़े,
क्या ही फूँके प्राण कि इतने सदियों के बन्धन तोड़े ?

आज उठी है अश्रुत स्वर-लहरी जगती के अम्बर में,
एक नवल उत्साह-वीचि फैली है सकल चराचर में।
आज शस्त्र-अस्त्रों की घातें खूब कुण्ठिता हुईं भली,
"अक्रोधेन जिनेक्रोधम्" की क्या ही चर्चा नई चली !

अहो, विश्व के हृदय-पटल को कम्पित कर देनेवाले !
अहो, कराल, मृदुलता से मानव-हिय भर देनेवाले।
आज अहिंसा सत्य, शान्ति की परिधि विश्वव्यापिनी बनी,
यह आकुंचित तटिनी जग-विप्लावक मन्दाकिनी बनी।

देव, तुम्हारे एक इशारे में है उथल-पुथल जग की,
उदधि-गँभीर कण्ठध्वनि में है आभा विप्लव के रँग की।
अस्थि-पुंज में यज्ञ-कुण्ड की ज्वालाएँ ये प्रकट रहीं,
ओ प्रचण्ड तापस, बस-बस, जग भस्मसात् होवे न कहीं !

पछत्तर वर्ष

श्री सियारामशरण गुप्त

ये पछत्तर वर्ष सुप्रभ, ये पछत्तर वर्ष,
पा गया है राष्ट्र का तारुण्य परमोत्कर्ष !
रात दिन प्रति प्रहर पल पल,
सतत गति में सतत उज्वल,
बढ़ रहे करने शतक्रतु योग का संस्पर्श,
यह महत्तर वर्ष नव नव, यह महत्तर हर्ष !

झिल गया है समय की प्रतिकूलता का रोष,
खिल गया है राष्ट्र-उर का अमल शतदल-कोष।
मरण - मूर्च्छा से सचेतन,
जागरण का उच्च केतन
उड़ उठा है सर्व-समुदय का लिये सन्तोष,
मिल गया है कण्ठ को जीवन जयी उद्घोष।

व्याप्त है संहार-विष से जब नभस्थल सर्व,
धन्य है तब यह हमारा अमर जीवन-पर्व !
पार कर आया गहन-घन,
दमन के दुर्लंघ्य गिरि-वन,
गगन की इस उच्चता में रज्जु-बन्धन खर्व,
शस्त्र के भुजबल भुजङ्गम का गलित है गर्व।

झुक रहा है दूर तक जिसके लिए भवितव्य,
नमित हैं हम निकट में श्रद्धा लिये निज नव्य।
भुवन हो प्रिय - प्रेम - दीक्षित,
शुचि अहिंसा में परीक्षित,
आज नव निर्वैर-पथ हो विश्व को गन्तव्य,
आज का आनन्द हो चिर काल का कर्तव्य !!

बापू के प्रति

युग प्रवर्तक कवि श्री सुमित्रानंदन पंत

तुम मांसहीन, तुम रक्तहीन, हे अस्थि-शेष, तुम अस्थिहीन!
तुम शुद्ध बुद्ध आत्मा केवल, हे चिर पुराण, हे चिर नवीन!
तुम पूर्ण इकाई जीवन की, जिसमें असार भव शून्य लीन;
आधार अमर, होगी जिस पर भावी की संस्कृति समासीन!

तुम मांस, तुम्हीं हो रक्त-अस्थि, निर्मित जिससे नवयुग का तन;
तुम धन्य! तुम्हारा निःस्व त्याग है विश्वभोग का वर साधन!
इस भस्मकाय तन की रज से जग पूर्णकाम, नव जगजीवन;
बीनेगा सत्य अहिंसा के तानों बानों से मानवपन!

सदियों का दैन्य तमिस्र तूम, धुन तुमने कात प्रकाश-सूत;
हे नग्न! नग्न-पशुता ढँक दी बुन नव संस्कृत मनुजत्व पूत!
जग पीड़ित छूतों से प्रभूत, छू अमृत-स्पर्श से हे अछूत!
तुमने पावनकर, मुक्त किए मृत संस्कृतियों के विकृत भूत!

सुख भोग खोजने आते सब, आए तुम करने सत्य खोज;
जग की मिट्टी के पुतले जन, तुम आत्मा के, मन के मनोज।
जड़ता, हिंसा, स्पर्धा में भर चेतना, अहिंसा नम्र ओज;
पशुता का पंकज बना दिया तुमने मानवता का सरोज!

पशु बल की कारा से जग को दिखलाई आत्मा की विमुक्ति;
विद्वेष, घृणा से मनुजों को, सिखलाई दुर्जय प्रेम-युक्ति।
वर श्रमप्रसूति से की कृतार्थ तुमने विचार परिणीत युक्ति;
विश्वानुरक्त हे अनासक्त! सर्वस्व त्याग को बना भुक्ति!

सहयोग मिला शासित जन को शासन का दुर्वह हरा भार;
होकर निरस्त्र, सत्याग्रह से रोका मिथ्या का बलप्रहार।
बहु भेद विग्रहों में खोई ली जीर्ण जाति, क्षय से उबार;
तुमने प्रकाश को कह प्रकाश, औ' अंधकार को अंधकार!

उर के चरखे में कात सूक्ष्म युग-युग का विषय जनित-विषाद;
गुंजित कर दिया गगन जग का, भर तुमने आत्मा का निनाद!
रँग-रँग खद्दर के सूत्रों में नवजीवन, आशा, स्पृहा, ह्लाद;
मानवी-कला के सूत्रधार हर दिया यंत्र कौशल प्रवाद!

जड़वाद जर्जरित जग में तुम अवतरित हुए आत्मा महान!
यंत्राभिभूत युग में करने मानव जीवन का परित्राण।
बहु छाया - बिम्बों में खोया पाने व्यक्तित्व प्रकाशमान;
फिर रक्तमांस प्रतिमाओं में फूँकने सत्य से अमर प्राण!

संसार छोड़कर ग्रहण किया नर जीवन का परमार्थ सार;
अपवाद बने मानवता के, ध्रुवनियमों का करने प्रचार!
हो सार्वजनिकता जयी, अजित! तुमने निजत्व निज दिया हार;
लौकिकता को जीवित रखने तुम हुए अलौकिक, हे उदार!

मंगल शशि लोलुप मानव थे, विस्मित ब्रह्मांड परिधि विलोक;
तुम केन्द्र खोजने आए तब सब में व्यापक गत राग शोक।
पशु पक्षी पुष्पों से प्रेरित उद्दाम-काम जन - क्रान्ति रोक;
जीवन इच्छा को आत्मा के वश में रख शासित किए लोक!

तुम विश्वमंच पर हुए उदित, बन जग जीवन के सूत्रधार;
पट पर पट उठा दिए मन से, कर नर चरित्र का नवोद्धार।
आत्मा को विषयाधार बना, दिशि पल के दृश्यों को सँवार;
गा गा — एकोहं बहुस्याम, हर लिये भेद, भव भीति-भार!

एकता इष्ट निर्देश किया, जग खोज रहा था जब समता;
अंतर शासन चिर रामराज्य, औ' वाह्य आत्महन अक्षमता।
हो कर्मनिरत जन, रागविरत, रति विरति व्यतिक्रम भ्रम ममता;
प्रतिक्रिया क्रिया, अवयव साधन, है सत्य सिद्धि गतियति क्षमता।

साम्राज्यवाद का कंस, वंदिनी मानवता पशु बलाक्रांत;
शृंखला दासता, प्रहरी बहु निर्मम शासन-पद शक्ति भ्रांत।
कारागृह में दे दिव्य जन्म, मानव आत्मा को मुक्त, क्रांत;
जन शोषण की बढ़ती यमुना तुमने की नतपद प्रणत शांत।

कारा थी संस्कृति विगत भित्ति, बहु धर्म जाति गत रूपनाम।
बंदीजग जीवन, भू विभक्त, विज्ञान मूढ़ जन प्रकृति-काम;
आए तुम मुक्त पुरुष! कहने— मिथ्या जड़ बंधन सत्य राम;
नानृतं जयति सत्यं मा भैः, जय ज्ञानज्योति! तुमको प्रणाम!

श्रीमती महादेवी वर्मा

हे धरा के अमर सुत ! तुमको अशेष प्रणाम !
जीवन के अजस्र प्रणाम !
मानव के अनन्त प्रणाम !

दो नयन तेरे, धरा के अखिल स्वप्नों के चितेरे,
तरल तारक की अमा में बन रहे शत-शत सबेरे,
पलक के युग शुक्ति-सम्पुट, मुक्ति-मुक्ता से भरे ये,
सजल चितवन में अजर आदर्श के अंकुर हरे ये,
विश्व जीवन के मुकुर दो तिल हुए अभिराम !
चल-क्षण के विराम ! प्रणाम !

वह प्रलय उद्दाम के हित अमिट बेला एक वाणी,
वर्णमाला मनुज के अधिकार की, भू की कहानी,
साधना-अक्षर, अचल विश्वास ध्वनि-सञ्चार जिसका,
मुक्त मानवता हुई है अर्थ का संसार जिसका,
जागरण का शंख-स्वन, वह स्नेह-वंशी-ग्राम !
स्वर-छान्दस् विशेष ! प्रणाम !

साँस का यह तन्तु है कल्याण का निःशेष लेखा,
घेरती है सत्य के शतरूप सीधी एक रेखा,
नापते विश्वास बढ़-बढ़ लक्ष्य है अब दूर जितना ?
तोलते हैं श्वास चिर संकल्प का पाथेय कितना,
साध कण-कण की सँभाले कम्प एक अकाम !
नित साकार श्रेय ! प्रणाम !

कर युगल, बिखरे क्षणों की एकता के पाश जैसे,
हार के हित अर्गला, तप-त्याग के अधिवास जैसे,
मृत्तिका के नाल जिन पर खिल उठा अपवर्ग-शतदल,
शक्ति की पवि-लेखनी पर भाव की कृतियाँ सुकोमल,
दीप-लौ सी उँगलियाँ तम-भार लेतीं थाम !
नव आलोक लेख ! प्रणाम !

स्वर्ग ही के स्वप्न का लघु खण्ड चिर उज्ज्वल हृदय है,
काव्य करुणा का, धरा की कल्पना ही प्राणमय है,
ज्ञान की शत रश्मियों से विच्छुरित विद्युत-छटा सी,
वेदना जग की यहाँ है स्वाति की क्षणदा घटा सी,
टेक जीवन-राग की, उत्कर्ष का चिर याम!
दुख के दिव्य शिल्प! प्रणाम!

युग चरण, दिव औ' धरा की, प्रगति पथ में एक कृति है,
न्यास में यति है सृजन की, चाप अनुकूला नियति है,
अंक है रज अमरता के सन्धिपत्रों की कथायें,
मुक्त, गति में जय चली, पग से बँधी जग की व्यथायें,
यह अनन्त क्षितिज हुआ इनके लिए विश्राम!
संसृति सार्थवाह! प्रणाम!

शेष शोणित बिन्दु, नत भू-भाल पर है दीप्त टीका,
यह शिरायें शीर्ण, रसमय कर रहीं स्पन्दन सभी का,
ये सृजन जीवी, वरण से मृत्यु के, कैसे बनी हैं?
चिर सजीव दधीचि! तेरी अस्थियाँ सञ्जीवनी हैं!
स्नेह की लिपियाँ, दलित की शक्तियाँ उद्दाम!
इच्छाबद्ध मुक्त! प्रणाम!

चीरकर भू व्योम को, प्राचीर हों तम की शिलायें,
अग्निशर-सी ध्वंस की लहरें गला दें पथ दिशायें,
पग रहे सीमा, बने स्वर रागिनी सूने निलय की,
शपथ धरती की तुझे औ' आन है मानव-हृदय की,
यह विराग हुआ अमर अनुराग का परिणाम!
हे असि-धार पथिक! प्रणाम!

शुभ्र हिम-शतदल-किरीटिनि, किरण कोमल कुन्तला जो,
सरित तुंग तरंग मालिनि, मरुत-चञ्चल अञ्चला जो,
फेन-उज्ज्वल अतल सागर चरणपीठ जिसे मिला है,
आतपत्र रजत-कनक-नभ चलित रंगों से धुला है,
पा तुझे यह स्वर्ग की धात्री प्रसन्न प्रकाम!
मानववर! असंख्य प्रणाम!

शुभ्र हिम-शतदल-किरीटिनि, किरण कोमल कुन्तला जो,
सरित तुंग तरंग मालिनि, मरुत-चञ्चल अञ्चला जो,
फेन-उज्ज्वल अतल सागर चरणपीठ जिसे मिला है,
आतपत्र रजत-कनक-नभ चलित रंगों से धुला है,
पा तुझे यह स्वर्ग की धात्री प्रसन्न प्रकाम !
मानववर ! असंख्य प्रणाम !

चित्रः श्रीमती महादेवी वर्मा की तूलिका से

—पृष्ठ २०

बापू महान्

श्री कुमारिल स्वामी, शान्तिनिकेतन के सौजन्य से

लोहे को पानी कर देना !

श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान

जब जब भारत पर भीर पड़ी, असुरों का अत्याचार बढ़ा;
मानवता का अपमान हुआ, दानवता का परिवार बढ़ा।
तब तब हो करुणा से प्लावित करुणाकर ने अवतार लिया;
बनकर असहायों के सहाय दानव दल का संहार किया।

दुख के बादल हट गए, ज्ञान का चारों ओर प्रकाश दिखा;
कवि के उर में कविता जागी, ऋषि-मुनियों ने इतिहास लिखा।
जन-जन में जागा भक्ति-भाव, दिशि-दिशि में गूँजा यशो गान;
मन-मन में पावन प्रीति जगी, घर-घर में थे सब पुण्यवान।

सतयुग बीता, त्रेता बीता—यश-सुरभि राम की फैलाता;
द्वापर भी आया, गया—कृष्ण की नीति-कुशलता दरशाता।
कलियुग आया—जाते जाते उसके गाँधी का युग आया;
गाँधी की महिमा फैल गई, जग ने गाँधी का गुण गाया।

कवि गद्गद् हो अपनी अपनी श्रद्धांजलियाँ भर भर लाए;
'रोमा रोलाँ', 'रवि ठाकुर' ने उल्लसित गीत यश के गाए।
इस समारोह में रज-कण-सी मैं क्या गाऊँ? कैसे गाऊँ?
इतनी विभूतियों के सम्मुख घबराती हूँ कैसे जाऊँ?

दुनियाँ की सब आवाज़ों से जो ऊपर उठ उठ जाती है;
लोहे से लोहा बजने की आवाज़ उस तरफ़ आती है।
विज्ञान, ज्ञान की परिधि आज अब नहीं किसी बन्धन में है;
सब ओर एक ही बात एक ही चर्चा यह जन-जन में है।

कैसे लोहे में धार करें? कैसे लोहे की मार करें?
मानव दानव बन किस प्रकार आपस में घोर प्रहार करें?
चल जाँय तोप जल जाय विश्व; बम लेकर निकले वायुयान,
लोहे के गोले बरस पड़ें वर्षा की बूँदों के समान।

यह लोहे के युग की महिमा—श्मशान बन गए ग्राम ग्राम;
यह लोहे के युग की क्षमता मिट गए धरा के धाम धाम।
इस लौह-पान ने क्या न किया—जीवित ग्रामों को गड़ा दिया;
इस लौह-ज्ञान ने क्या न किया—गिरजे से गिरजा लड़ा दिया।

उस ओर साधना है ऐसी इस ओर अशिक्षित ओ अजान;
फावड़ा कुदाली वाले ये—मज़दूर और भोले किसान।

आशा करते हैं एक रोज वह अवतारी फिर आवेगा;
आसुरी कृत्य करके समाप्त फिर दुनिया नई बसावेगा।
पर किसे ज्ञात था जग में वह अवतरित हो चुका है ज्ञानी;
जिसके तप-बल से झुके सभी दुनिया के ज्ञानी विज्ञानी।

वह कौन? एक मुट्ठी भर का अध-नंगा सा बूढ़ा फ़कीर;
जिसके माथे पर सत्य-तेज, जिसकी आँखों में विश्व-पीर।
जिसकी वाणी में शक्ति, भेद जो कुलिश-कपाटों को जाती;
जिसके अन्तर का प्रेम देख असि-धारा कुंठित हो जाती।

वह गाँधी हम सबका 'बापू' वह अखिल विश्व का प्यारा है;
वह उनमें ही से एक जिन्होंने आकर विश्व उबारा है।
हैं बुद्ध सुखी, उसमें अपने ही परम-धर्म का ज्ञान देख;
हैं ईसा ख़ुश बलिदान देख पैग़म्बर ख़ुश ईमान देख।

बह चलीं तोप, गल चले टैंक, बन्दूकें पिघली जाती हैं;
सुनते ही मंत्र अहिंसा का अपने में आप समाती हैं।
पाषाण-हृदय जो थे देखो वे आज पिघल कर मोम हुए;
मैं 'राम' बनूँ इस आशय से, 'रावण' के घर में होम हुए।

है यही आदि गाँधी-युग का, जो बापू ने विस्तारा है;
हैं यहीं अन्त लोहे के दिन, जिनका विज्ञान सहारा है।
विज्ञानी की है परम सिद्धि जग को लोहे से भर देना;
है हँसी-खेल तुमको बापू! लोहे को पानी कर देना।

इस तुकबन्दी में सार नहीं पर पूजा की दो बूँदें लो;
इन बूँदों में छोटा-सा कण उन पावन बूँदों का भर दो।
जो आगा खाँ के महलों में छल छल करती, थी छलक पड़ीं;
उन दो विभूतियों की स्मृति में बरबस आँखों से ढलक पड़ीं।

विश्ववंद्य बापू

डा० रामकुमार वर्मा, प्रयाग विश्वविद्यालय

क्रियाशील दृढ़ हाथ और मुख पर मृदुतम मुस्कान,
कठिन साधना से निकली हो जैसे सिद्धि महान!
एक तेज—जिसमें कितने सूर्यों का अभ्युत्थान,
एक मंत्र—जिससे अभिशापों से निकले वरदान,
स्वर जो विश्व-ताप की सब अनुभूति लिए है साथ,
है स्वतंत्रता के प्रदीप-सा पराधीन के हाथ!

ये सब जैसे हैं विभूतियाँ जो लेकर अनुराग,
बापू! सज्जित करने आईं आज तुम्हारा त्याग!
वही त्याग—जो वैभव के स्वप्नावसान का ज्ञान—
बनकर जाग्रत है जीवन के क्षण-क्षण में सुख मान।
विश्व-संपदा छोटी है, इतना महान है त्याग!
पद-वंदन के लिए तुच्छ लगती है स्वर्ण-पराग!!

कर्मयोग के साधक! तुम हो निर्बल के बल राम!
कितने कण्ठों में गूँजा है आज तुम्हारा नाम?
विश्ववंद्य! तुमने खोजे हैं निष्प्राणों में प्राण।
किया तुम्हीं ने जीवन में जीवन का नव-निर्माण!
छिद्रों में संगीत भरा, कर दिया उन्हें स्वर-द्वार,
तुमने लघु संकेत किया, गूँजा सारा संसार।

बापू! तुमको पाकर युग का धन्य हुआ इतिहास!
आज तुम्हारा वर्तमान ही है भविष्य की साँस!!
जिस पथ पर गतिशील तुम्हारी छाया का आकार,
है उस पथ पर ही स्वतन्त्रता का मंगलमय द्वार!
सुन पड़ता है वीर-गीत सुन पड़ता है जय-नाद,
विजय सामने ही है बापू! दो तुम आशीर्वाद!

बापू !

श्री उदयशंकर भट्ट

बापू, तुम भारत के भाल की
रेखा नव; लेखा नव,
स्वर्धुनी विशाल के नंदित प्रबुद्ध-पोत
ओत-प्रोत अंबर में स्फटिक निरभ्र-शुभ्र
लहरों की कल्पना से जीवन से ज्योतिपुंज।
भारतीयता के, नव-भारतीयता के
एक सद्विवेक अभिषेक; शुद्ध बुद्ध प्राणों के
पावन प्रबुद्ध जागो—जागते ही रहो, कल्प कल्पांत तक
दूर जब तक न हो—अहो,
मानव का ज्ञान शुद्ध, मानव का प्राण शुद्ध,
मानव की वाणी, कर्म, दया, क्षमायुक्त पूर्ण !
इस महाकाल की दंष्ट्रा में वज्रपुंज
शोणित के सागर समग्र व्यग्र हो बहते हैं,
बहते हैं जिनमें असंख्य प्राण प्राणियों के
चीत्कार ! हाहाकार, स्वर विकार, मन्द तार
तीव्रतर तीव्रतम, सविशेष निर्विशेष।
देश देश कुंठित किंकर्त्तव्यमूढ़।
देख रहे वे ही सब एक आस-व्यास लिये
रक्षा की दीक्षा की; भिक्षा को शिक्षा को
दोगे न क्या उन्हें नव प्राण नव ज्योति ?

देवपुरस्कार विजेता श्री दुलारेलाल भार्गव

प्रभा प्रभाकर देत जहि, साम्राजहि दिनरात,
ताहू को हत-प्रभ कियौ, छिन गांधी-द्दग-पात।
सिव गाँधी दोई भये, बाँके माँ के लाल,
उन काढ्यौ हिन्दून दुख, इन जग-द्दग-तम जाल।
गुरु गांधी तै ज्ञान लै, अनहद चरखा जोर,
भारत-सबद-तरंग पै, बहति मुकुति की ओर।

स्वागत खण्ड प्रलय में

श्री "दिनकर"

'जय हो', वन झंखाड़, उदासी छायी, स्वागत कौन करें ?
चरणों में अर्पित मिथिला के अश्रु-गंडकी की लहरें !
वन्दनवार सजा मुरझे किसलय, सूखे वनफूलों से,
मार्ग झाड़ती वैशाली लोहू से भरे दुकूलों से।

पथ विदीर्ण, सरसी उद्वेलित, हाय, किधर तुझको लाऊँ ?
वनवासी, गृह-हीन, कहो हे देव ! कहाँ मैं बिठलाऊँ ?
झंकृत हुआ पुण्य नभ जिसके आदि मंत्र झंकारों से,
गढ़ा गया इतिहास जहाँ लिच्छवियों की तलवारों से,

जगा कपिल का ज्ञान जहाँ, प्रकटी सीता सी कल्याणी,
जहाँ मंत्रद्रष्टा गौतम की ध्वनित हुई पावन वाणी।
उस महान भू के प्राङ्गण में यह कैसा बलिदान हुआ ?
तज विदेह सिद्धियाँ चलीं किसका भीषण आह्वान हुआ ?

किन पापों का कुटिल शाप ? क्यों वैभव का रस भंग हुआ ?
उजड़ गया बसता सुहाग, माता का भुज निस्संग हुआ।
स्वागत, खण्ड-प्रलय-प्राङ्गण में छिन्न-भिन्न झंकारों से,
स्वागत, शैलराज-तनया मिथिला की दीन पुकारों से।

माताओं की आह, सुहागिन का जलता सिन्दूर यहाँ,
क़ब्रों की भयपूर्ण गहनता, आज चिता का नूर यहाँ।
स्वागत, भस्मीभूत कर्णगढ़ के वैभव की धूलों से,
स्वागत, 'मीर'-चमन के मोहक उन मुर्झाये फूलों से।

झाँक रहे सुर खड़े गगन पर मानवता की जाँच हुई,
कनक कसौटी पर है यह भीषण विपत्ति की आँच हुई।
हरिश्चन्द्र, शिवि नहीं, किसी जननी ने कर्ण न पोसा है,
ओ नवयुग दधीचि ! तेरा ही हमको बड़ा भरोसा है !!

वंदना-गीत

श्रीमती तोरन देवी शुक्ल 'लली'

कितनी आशा कितनी श्रद्धा कितना विश्वास सजाने में !
कितना वैभव कितना गौरव गांधी की गरिमा गाने में !
कितना साहस उल्लास भरा आदेशों के अपनाने में,
हे देव ! उसे कैसे रच दूँ शब्दों के ताने बाने में !

जग जीवन के पहले क्षण में जननी से पहला परिचय था,
परिचय भी एक अलौकिक सा, यह मन यह तन सब निर्भय था ;
जब आँख खुली कुछ चेत हुआ, जननी जीवन बंधनमय था,
वेदना, विकलता, विफल रोष, मन में भय मिश्रित विस्मय था।
कितनी लज्जा संकोच व्यथा अपना परिचय बतलाने में !
हे देव ! उसे कैसे रच दूँ शब्दों के ताने बाने में !

ऐसे ही में तुम मिले और सौभाग्य हमारा जाग उठा,
धन-सत्ता के मदमत्तों के प्रति एक विचित्र विराग उठा ;
कुछ थकित, व्यथित कुछ, दलित पतित जनका सोया अनुराग उठा,
हृदयों के कोने कोने से फिर सत्य-अहिंसा राग उठा।
कितना गौरवान्वित हुआ राष्ट्र तुम जैसा धन अपनाने में !
हे देव ! उसे कैसे रच दूँ शब्दों के ताने बाने में !

तुम हो महान् !

श्रीमती तारा पांडेय

तुम हो महान !
तुम परम पूज्य, तुम गुण-निधान !
सब कार्य तुम्हारे मनभावन, पद-चिह्न बने हैं अति पावन,
मैं मन्त्र मुग्ध-सी देख रही, कैसे गाऊँ अब मधुर गान !
तुम हो महान !
जीवन में जागृति को भरने, सारे जग को ज्योतित करने,
'सत्याग्रह' का यह महामन्त्र है आज तुम्हारा अमर दान !
तुम हो महान !
ओ भारत माता के नन्दन ! युग-युग तक होवे अभिनन्दन !
आँखों के खारे पानी से मैं देती तुमको अर्घ्य-दान !
तुम हो महान !

बापू के आँसू

श्री जगन्नाथप्रसाद 'मिलिन्द'

एक क्षण, दो अश्रुकण लघु, मूक, निर्मल !
दूसरे ही क्षण उठा चुपचाप
वस्त्र का कोना, विकम्पित हाथ से,
ले गया वह पोंछ अपने साथ मानो
बिन्दुओं में वेदना के सिन्धु दो !

हिल उठा आमूल क्षण-भर
अचल दृढ़ता का वही गिरि,
वज्र भी जिसको नहीं पाता हिला
क्रुद्ध पशुबल के दमन-आघात का।
देखते ही रह गए सब; दूसरे ही क्षण पुनः वह
शान्त, स्थिर, निष्कम्प था।
बाँध था जो एक, युग-युग से बँधा,
एक क्षण आया व्यथा का वेग ले,
टूटता-सा ज्ञात वह उसमें हुआ;
साथ लेकर दूसरा क्षण आ गया
आत्म-संयम का सहारा,
वह सुपरिचित, वह पुराना।
देखते ही रह गए सब,
पुनः प्रत्येक मर्यादा अखण्डित।

अर्धशताब्दि से भी अधिक जो
साथ थीं सुख-दुःख में, संघर्ष में ;
व्याप्त जिनसे अखिल जीवन ;
अमित स्मृतियाँ जुड़ चुकी थीं विविध जिनके साथ
जो प्रथम आईं किशोरी एक बन
अपरिचित गृह में अजान किशोर के;
सत्य-पथ के पथिक पति का साथ दे श्रद्धा-सहित,
कर मूक सेवा, त्याग, तप की
साधना अति-दीर्घ,
बन गईं 'माँ' दलित-शोषित मनुजता की !

सामने, 'बा' को उठाकर, रख रहे परिजन चिता पर।
पोंछ डाले अश्रु जिनके,
देखते वे नयन अपलक।
आँसुओं से भी न पति के धुल सका शव त्यागिनी का;
अश्रु जल का भी न खुल कर
पा सकी वह अर्घ्य अन्तिम!
था सदा पति ने सिखाया—
"त्याग जीवन भर करो जग के लिए;
किन्तु, अपने हेतु तुम, कुछ न लेना, कुछ न पाना!"
स्नेह के कण तो, करोड़ों मानवों में बँट गए;
रिक्त पति की रिक्तता की रह गई थीं स्वामिनी वह।
एक क्षण चाहा—सिमटकर स्नेह वह,
अश्रु-गंगा बन, भिगो दे अन्त में
स्नेह की एकान्त उस अधिकारिणी को।
पर, विफल वह एक क्षण का यत्न था।
दूसरे ही क्षण नयन जल-हीन 'बापू' के हुए।
स्निग्ध ज्यों-के-त्यों बने ही थे हृदय
उधर अगणित मानवों के स्नेह से,
हो चुका निःशेष था जो सब,
कभी का बँटकर उन्हीं के बीच में।
था अभी खोया सहायक वह अथक,
जो सजीव प्रतीक था मानो बना
विश्व-भर के सब प्रशंसक-वर्ग के विश्वास का।
सहचरी, अर्धांगिनी भी अब गईं,
जो अकेली मूर्ति प्रतिनिधि-रूप थीं
अचल श्रद्धा को अमित अनुयायियों की।
अन्त के सकरुण क्षणों में,
नाम के दो विफल 'आह्वान' उनको थे मिले;
'अश्रु' दो पोंछे गए इनके लिए।
लुट गए आधार दोनों,
हो गए स्मृति-शेष कारा-वास ही में
देखते ही रह गए लोचन चिताएँ सामने!
किन्तु, अपने आपके प्रति ही सदा
अधिक निष्ठुर हृदय बापू का रहा।

पी अपनी व्यथा का सब हलाहल आप ही !
व्यक्तिगत दुख छिपा उस उच्छ्वास में,
जो करोड़ों पीड़ितों की वेदना के ज्ञान से,
उठ हृदय से, व्याप्त हो रहता उसी में ।

सान्त्वना दी थी जवाहरलाल को
और बन्दी राष्ट्रपति आज़ाद को,
जो न अंतिम झलक भी थे पा सके
धैर्य का संदेश भेजा,
मौन द्वारा, प्रार्थना के मार्ग से ।
पर, स्वयं तुम आज जब
हो उसी क्षति से दुखी बापू हमारे,
कौन तुमको धैर्य दे ?
कौन पोंछे अश्रु ?
और किसमें शक्ति, तुमको छोड़कर ?
तुम स्वयं दुःखी, स्वयं ही धैर्यदाता !
सिन्धु का तूफ़ान रोके कौन ?
कौन ऐसा, सिन्धु ही को छोड़कर ?
अनल-गिरि की करे ज्वाला शांत ?
कौन ऐसा शक्तिशाली है,
स्वयं गिरि के सिवा ?

तुम वचन के संयमी, आचरण के संयमी तुम,
वसन, भोजन के, विचारों के चिरन्तन संयमी तुम,
दृढ़ रहे हो !
किन्तु, दुख के संयमी तुम, अश्रुओं के संयमी,
रूप यह दृढ़तर तुम्हारा !
वेदना अवरुद्ध किससे है हुई ?
मौन रह सहना इसे क्या है सरल ?
हृदय फट जाता व्यथा-अवरोध से !

तुम सहो, तुम सहोगे ही ;
सब हिलें, पर, गिरि न हिलते !

चरणतल में है पड़ी जो सृष्टि विस्तृत,
प्यार उससे, भार उसका !

कर्म के, कर्तव्य के बन्दी, अचल तुम !
अश्रु दो, हाँ, अश्रु दो
पर, वे निमिष भर ही रहे !
सह गए आघात तुम रह मौन ही ;
और यह दिखला दिया—
मनुज ही हो तुम, परंतु, महान हो !

साधना अविचल तुम्हारी
और कुछ भी तो असंभव है नहीं
विश्व में यदि करे मानव साधना ।
पर, सभी तो साधनारत हैं नहीं,
सह नहीं सकते सभी यों दुःख को
विश्व के अगणित मनुज इस शोक के
प्रबलतम आघात से
रो रहे हैं, हो रहे विचलित, दुखी !

बेबसी में, बन्धनों में, दीर्घ कारावास में जो,
क्षति उठाई, अश्रु पोंछे,
पृथक् जनता से रहे तुम, दूर—
सब समझते वे, हृदय जिनको मिला
समझते मूल्य हैं बापू, आँसुओं का ये तुम्हारे
कोटि-कोटि स्वदेशवासी ;

और यह भी हैं समझते
वे सभी, जो ले चुके
निज मातृभू की मुक्ति का व्रत—

"मूल्य देना है हमें इन आँसुओं का
रक्त के निज विन्दु देकर !"

मिट्टी के दिए

श्री 'केसरी'

कंचन तन बन निखरे निखरे !
जल रहे आज चालीस कोटि मिट्टी के दिये सनेह भरे !

किस प्रेम-पुजारी के प्राणों में ऐसी है चिनगारी-सी !
छू जिससे मिट्टी के पुतले बनते आरती सँवारी सी !
किसके इंगित पर जगा आज भारत का सुप्त भाग्य-तारा ?
यह कौन धरातल उदयाचल पर जिससे फूट ज्योति-धारा

छा गई हिन्द-सागर तट से उत्तर-हिमगिरि शिखरे-शिखरे।
कंचन तन बन निखरे निखरे !

मिट्टी के दिये सनेह-पिये, शीतल ज्वाला की शिखा लिये,
'हमसे न जले कोई हम जल-जल दें प्रकाश'—यह हौंस हिये।
ये देख चुके आँधीवाली बिजली पिशाचिनी की माया,
ये देख चुके बारूद गैस से कंपित यूरुप की काया,

ये देख चुके बुझ गया प्रतीची में मानवता का चिराग,
सूली पर टँगा दानवों की है उसकी 'मरियम' का सुहाग !
जल रहे दीप अम्लान किंतु दे यदपि चतुर्दिक् तम छाया,
इसलिये कि इन पर प्रभु की फैली करुणा की अंचल छाया।

इसलिये कि इनको 'मुक्ति-पुजारी' का यह है पावन निदेश,
तुम दो प्रकाश मत देखो यह प्यारा स्वदेश है, या विदेश !
मिट्टी के दिये ! आज प्राची के ये सुहाग-सिंदूर बने,
जग प्रेम-ज्योति हित ये अनन्त श्रीमन्त नखत शशि सूर बने ;

तुम जलो मुक्ति की आग हिन्द के गाँव-गाँव खेरे-खेरे,
ओ सत्य पुजारी ! चिनगारियाँ तुम्हारे चहुँ दिशि में बिखरें।
ओ मुक्ति-मशाल ! बढ़ो आगे पीछे यह दीपावली चली,
देखो स्वागत के लिये हिन्द की सुख-संपति कमला निकली !

देवता तुम्हीं ने इस सोई मिट्टी में नवल प्राण प्रेरे।
जल रहे आज चालीस कोटि मिट्टी के दिये उमंग-भरे !
कंचन-तन बन निखरे निखरे !

श्री गोपालसिंह नैपाली
(गोलमेज परिषद् से लौटने पर)

स्वागत, ऐ मोहन, इस तट पर भारत के अभिमानों से,
हिन्दू, सिक्ख, मुसलमानों, ईसाई और पठानों से,
भूले-भटके गुरखों से, बंगाली वीर जवानों से,
इनसे, उनसे, सभी जनों से, जननी की संतानों से।

हिम पर्वत पर रहनेवाले शंकर के वरदानों से,
गौतम, नानक के, रहीम के, ईसा के फ़रमानों से,
गंगा के गीले आँसू से बिजली के बलिदानों से,
छप्परहीन कुटी में बसनेवाले दीन किसानों से।

हिमगिरि के ठंडे मस्तक से, विन्ध्या के ठंडे मन से,
यमुना-तट के ताजमहल से, कुचले दिल के रोदन से,
वृन्दावन की सूखी पतझड़ से, जननी के बंधन से,
पल-पल में माँ की छाती पर होनेवाले नर्तन से।

काश्मीर के सड़े फलों से, हिन्दू-मुस्लिम दंगल से,
गौरव-च्युत, उजड़े 'ढाका' के फटे-पुराने मलमल से,
स्वागत है रीते हाथों का बन्दी के कर निर्मल से,
स्वागत स्वागत होनहार भावी भारत के मंगल से !

उतर-उतर जल्दी इस तट पर, गिन मां के दिल की धड़कन,
देख, नाचने को आँगन में आतुर है जब नव-चेतन,
बचपन बीता, मरा बुढ़ापा, आया है अब पागलपन,
बहती चारों ओर हवा है, उबली आहों की सन-सन !

बागडोर ले हाथों में अब, बलिवेदी पर रथ ले चल !
जिस पथ से गतवर्ष गये थे, हमें वही अब पथ ले चल !
जितने हैं ये नाग भयंकर, उन सबको तू नथ ले चल !
छोड़-छाड़ अब सात समुन्दर गंगा ही को मथ ले चल !

श्री गांधी जी के जन्म-दिवस पर भारतमाता की बधाई !

(जब गांधीजी विलायत में थे !)

श्री 'बच्चन'

अहा ! दो अक्तूबर है आज, जन्मदिन मोहन का है आज,
प्रकृति तू हर्षित होकर ख़ूब सजा अपना अति सुन्दर साज !
बुला ला जाकर मृदुल समीर, तीव्र गति बहे छोड़कर नाज़,
कि जिसमें हर पत्ते से आज नफ़ीरी की निकले आवाज़ !

आ गई, पहिले कर यह काम—बादलों को दे यह सन्देश—
करें नभ-नौबतख़ाने बैठ नगाड़े पीट निनादित देश !
फूलकर लायें मादक गंध प्रकृति कह दे फूलों से आज,
लताओं से कह दे, वे नृत्य करें, फूलों के सजकर साज !

विहंगों से जा कह दे आज खोलकर गले करें कल-गान,
मधुर कलरव से सारी देश-दिशायें हो जायें गुंजान !
प्रकृति जा कश्मीरी के पास, हमारी मालिन जो हुशियार,
बता आ, उसको होगा आज लगाना घर पर वंदनवार !

गगरियाँ गंगा-जमुना लिये करेंगी आकर स्वयं सिंचाव,
आज भीतर-बाहर सब ओर उन्हें करना होगा छिड़काव !
चाँद दिन में ही आये आज लिये कूची, किरणों के तार,
चाँदनी से दे दिन में पोत भीतरी घर की सब दीवार !

लगे जो फल हों मेरे बाग़, उन्हें मालीगण लायें आज,
तोड़ ताज़े, मीठे पहचान बाँस की डाल-डालियों साज !
आज मैं दीन जनों को न्योत कराऊँगी भोजन भरपूर,
शुभाशिष जिनका मेरे लाल को लगे जो बैठा जा दूर !

जन्मदिन आनंदित इस वर्ष बना मुझको न सका भरपूर,
हृदय जल-जल उठता है आज सोचकर मोहन मुझसे दूर !

किस तरह जन्म-दिवस की आज बधाई पहुँचे अति सुकुमार ?
हमारे प्राण लाल के पास किस तरह, मेरा प्यार-दुलार !

खींच लो स्नेह-सलिल हे तात हृदय के उठते तुम उच्छ्वास !
बनो बादल का टुकड़ा एक उड़ो प्यारे मोहन के पास !
दिवस में करना उसपर छाँह सलोना जहाँ हमारा लाल,
महफ़िलों में जैसे छिड़काव, बरसना उस पर सन्ध्या काल !

पहुँच उसके कानों के पास बूँद में कहना धीमे, स्नेह
विरहिणी मां का आया आज बरसने तुझ पर बनकर मेह !
तुम्हारा जन्म-दिवस है आज दूर तुम, इसका दुःख महान,
भेजती हूँ आशीष स्वरूप स्नेह-जल-मुक्ताओं की माल !

पकड़ बिठलाती अपनी गोद पास यदि होते मेरे लाल,
फेरती शिर आशिष के हाथ चूमती तेरे दोनों गाल !
लगा छाती से अपनी वत्स ! तुझे कर लेती क्षण भर प्यार,
पिलाती दुह बकरी का दूध, खिलाती फल-मेवे दो-चार !

तुझे तो आती इस पर लाज, लिये अपने तुझ-सा सुकुमार,
सलोना पुत्र दिया जो भेज विलायत सात समुन्दर पार !
कामना मेरी मंगल-पूर्ण रहे हर जगह तुम्हारे साथ;
तुम्हारे ऊपर छाया रूप कोटि अस्सी हों मेरे हाथ !

हमारे अंचल का शृंगार जिये युग-युग मोहन, भगवान !
छिने मत मुझ गुदड़ी का लाल, माँगती एक यही वरदान !
ले लिया क्रूर काल ने छीन हमारा गुण, गौरव, सम्मान,
बचाना हे भगवान कृपालु, बुढ़ाई का मेरे अभिमान !

गया है तू मेरे जिस काम सफलता उसमें देगी मोद,
मुझे, पर यदि असफल हो पुत्र, किलकते आना मेरी गोद !
मुझे है इसकी क्या परवाह, मुझे क्या लाता मेरा लाल;
भरे या ख़ाली आये हाथ लगा लूँगी छाती तत्काल !

भले ही मैले, फटे कुवस्त्र ढकें यह मेरी सूखी खाल,
चमकते हों यदि तुझसे गोद जवाहर, हीरे, मोती लाल !

युगदेवता से—

श्री ज्वालाप्रसाद ज्योतिषी

कौन ? तुम युग-देवता ?
साकार—
हो उठे, सुनकर विकल भव का करुण चीत्कार !
नाश की काली अमा सा घिर रहा तम-तोम !
उडुप क्या, हैं खो गये जिसमें स्वयं रवि-सोम !!
खो गये ? हाँ, खो गये वे,
और वे घर, नगर, जन-पद,
सतत गुंजित था जहाँ पर ऐक्य का स्वर
इस तमिस्रा में अजाने—
श्रम भरे से—
भ्रम भरे से—बेसहारे, बेठिकाने—
भूल अपना लक्ष्य, निश्चल सो गये वे।
और वे पथ—अटपटे, अनजान से पथ—
एक शुभ-संकल्प ही जिनका कि था अथ
एक चंचल साध जैसे—
चले थे निर्बाध जैसे
क्या पता, किस ओर मुड़कर खो गये वे ?
किस पतन के गर्त्त में जाकर समाहित हो गये वे ?

और वे शुभ फूल
साध्य के आराध्य की शुभ अर्चना के फूल,
भरा था जिनमें कि जनहित साधना का गन्ध,
झूमता था विश्व अलि मधु-अन्ध !
इस तिमिर में आज वे शुभ साधना के फूल,
हो रहे हैं वासना के दैत्य की पद-धूल।

और वे मधु बोल—
प्राण के वे प्यार डूबे बोल,
जो विहँग से स्वरों के मृदु चंचु चंचल खोल,
स्वरित करते थे गगनवन मधुर मधु-सा घोल,

रुद्ध हैं—अवरुद्ध; अपना खो चुके हैं गान;
सिसकते हैं कण्ठ में उनके विफल आह्वान !

और जग में छा रहा है तरुण हाहाकार !
देवता, युगदेवता तब तुम हुए साकार !

मनुजता के हृदय पर जब दनुजता का नृत्य,
और शिव-साधक बना जब अशिवता का भृत्य,
यन्त्र-स्वर में खो गया जब प्राण का चिर गान,
सुर विमोहक स्वरों का जब रुक रहा संधान,
और जब है युद्ध का विकराल दानव क्रुद्ध,
देव सुत को देवमठ का द्वार है जब रुद्ध,
जबकि कंकर और पत्थर हुए नर का मोल,
स्वार्थ की वीणा बने जब वन्दना के बोल ।

कौन करुणा के भवन का खोल मंगल-द्वार,
देवता, युगदेवता, तुम हो उठे साकार !

यह असीमित तिमिर, औ' सीमित तुम्हारा दीप,
ला रहा है मुक्ति की घड़ियाँ समीप—समीप !
यह तिमिर की क्रूर कारा,
और तुमने किस अजाने—स्नेह का लेकर सहारा,
प्राण, अपने प्राण का दीपक उजारा !
मेह की झर, औ' भयंकर मत्त झंझावात,
यह तुम्हारी साधना औ' यह महा उत्पात !
और लो वह युद्ध का स्वर—प्रखर था; अब है प्रखरतर
हो उठी इन बेड़ियों की क्रूरतर झंकार ।
देवता, युगदेवता, साकार !

कौन कहता है तुम्हारे व्यर्थ हुए प्रयास ?
कौन कहता है तुम्हारा व्यर्थ गया प्रकाश ?
तुम अडिग, तुम ओ अकम्पित, जल रहे निस्पन्द;
आप अपनी साधना के पूत-घट में बन्द !
तुम अधूमिल, अबुझ अन्तर्ज्योति के आगार !
देवता, युगदेवता, साकार !

ये शलभ चंचल शलभ पाकर तुम्हारा स्पर्श,
जल उठे औ' जग उठा लो ज्योति का नव हर्ष।

तुम्हारे अक्षर स्वरों का अमर दीपक राग,
प्राण युग के प्राण में लो आज उट्ठा जाग।
और यह जो क्रूरता का दीखता विस्तार,
है सुनिश्चित यह, पराजय का प्रबल चीत्कार।

देखता हूँ मैं कि तम का यह असीम प्रसार,
जल उठा है और ज्योतित हो उठा संसार।
औ' तुम्हारी ज्योति का सन्देश,
गूँज उट्ठा; जाग उट्ठा यह तुम्हारा देश।
लो उठो प्रत्येक कण से मुक्त यह हुंकार,
'कौन है जो रुद्ध रक्खे मुक्ति-पथ का द्वार !'
देवता, युगदेवता, साकार !

अस्थि क्या ? क्या चर्म ?
तुम तो प्राण शाश्वत प्राण—
तुम अखिल संसार के ओ मूर्तिमय कल्याण !
अहे बापू !
तुम्हारा जय-गान—
कोटि कण्ठों में जगा बन मुक्ति का आह्वान !

तुम किसी के मचलते से उमड़ते से प्यार—
चल पड़े हो आज करने विश्व एकाकार !

ये पतन से खड्ड औ' व्योम चुम्बी शृङ्ग—
सम हुए पाकर तुम्हारे प्राण की रसधार।
उधर लो, वह कूज उट्ठा दूर मंगल गान—
आ रहा है नये युग का दिव्य स्वर्ण विहान !
हो रहा है एक संस्कृति का नया अवतार—
देवता,
वह तुम्हारी चिर-साधना का दान !

और लो श्रद्धावनत है यह अखिल संसार—
युग-पुरुष, वन्दन तुम्हारा आज सौ सौ बार !
देवता ! तुम देवता ! साकार।

तुम प्रज्वलित प्रतीक विभा के

श्री 'अंचल'

तुम प्रज्वलित प्रतीक विभा के नवजागृति निर्माता !
महादेश के महाप्राण नवयुग! नवसृष्टि विधाता !
टूट गए सदियों के बंधन जब तुम देव पधारे।
शीतल हुए तुम्हें छूकर अभिशापों के अंगारे।

किसका मस्तक नहीं तुम्हारे चरणों पर नत होता ?
किसका गौरव नहीं तुम्हारी चरण-धूलि में सोता ?
सदियों में जलती है ऐसी महाक्रांति की ज्वाला।
सदियों में पूरी होती है बलिदानों की माला।

सदियों में आते हैं तुमसे नीलकंठ वरदानी।
सदियों में पूरी होती आज़ादी की कुर्बानी !
डोल उठीं दुनिया की दीवारें—चट्टानें टूटीं
प्रतिरोधों का रोष लिए जब युग की किरणें फूटीं।

तुम नूतन बलिपंथ सृजेता ! तेजवंत बलदाता !
वज्रप्रहारों तूफ़ानों में जो रहता मुस्काता।
रुक रुक जाती श्वास दमन की सुन निर्घोष तुम्हारा,
दीप्त तुम्हारी आहुतियों से स्वतंत्रता का तारा।

तुम सदियों की लुटी प्रजा के संघर्षों के सम्बल !
पग पग पर नवजीवन के अध्याय लिख रहे उज्वल !
आशा का उल्लास और आलोक तुम्हारा सहचर,
अविनाशी प्राणों का उद्यत दर्प तुम्हारा अनुचर।

महाकाश की जय-ध्वनि-सी दुर्दम्य तुम्हारी वाणी
शिशिर - स्निग्ध मुस्कान तुम्हारी ओ साधक ! संधानी !
हे प्रबुद्ध हे मती ! राष्ट्र की जनता के सेनानी !
कैसे अर्चन करें तुम्हारा ? रुद्ध हमारी वाणी !

महाक्रान्ति के अग्रदूत विद्रोह शिखर—अधिनायक।
महारुद्र ओ दीप्तकंठ ! भैरव गीतों के गायक।
फिर इंगित पर चले तुम्हारे विजय लुब्ध जन गण मन
पग चिह्नों पर बढ़े तुम्हारे क्षुब्ध देश का यौवन।

श्री केदारनाथ मिश्र 'प्रभात' एम० ए०

विश्व के हा हा रव के बीच तुम्हारा जब गूँजा आह्वान,
तृणों के तृषित अधर को चूम दौड़-सी गई मृदुल मुस्कान,
रहा जो रक्त-पान में लीन निरंतर तर्क-शक्ति के साथ,
भरे आँखों में घृणा अपार रुधिर लिपटाये दोनों हाथ,

रहा जो रक्त-पान में लीन ध्वस्त कर जग की सारी कांति,
ध्वस्त कर धरणी का छवि-जाल ध्वस्त कर अखिल-भुवन की शांति,
हृदय उस मानव का तत्काल हुआ विस्मय से मुग्ध महान,
कि उतरा कौन भूमि पर आज प्रेम का ले पावन वरदान!

शून्य ने किया शून्य से प्रश्न,—न जाने क्यों सिहरा संसार?
कि किसके पथ पर आज अनंत अनिल उमड़ा बनकर जयकार!
कि फैला किसके तप का तेज पिघलने लगे निठुर पाषाण,
द्विधा में पड़ा द्वेष गंभीर घृणा या प्रेम—कहाँ कल्याण?

चिता-लपटों के बीच अधीर भैरवी भूल गई शृंगार,
सोचने लगी नियति निस्तब्ध कि किसने किया मरण से प्यार।
देख भूतल पर क्रांति समग्र देखकर रुका प्रलय का काण्ड,
चकित-सा देख कि तम के बीच ध्वंस से बचा खड़ा ब्रह्माण्ड।

उठीं शंकर की आँखें नाच खिंचा अधरों पर उज्ज्वल हास,
कि मानो लहरों पर रंगीन जगा हो सोते से मधुमास।
देख पति की चितवन में दिव्य नाश के बदले नव उल्लास,
पुलक-आकुल अंगों में देख अपरिचित एक नवीन हुलास।

उमा की वाणी खुली अधीर—"प्रलय के प्रभु! यह कैसा हर्ष?
रहे दृग आज दृगों में देख नया पल; नया दिवस, नव-वर्ष"।
विहँसकर हँसकर फिर चुपचाप सजा धीरे से पन्नग-माल,
शिवा को कर उमंग से प्यार दिया शिव ने उत्तर तत्काल,

"स्वर्ग का सुधासिक्त अभिराम अमर मंगल-आलोक अनूप,
हुआ अवतरित धरा पर धन्य प्रिये! धर काल-पुरुष का रूप।
कि जिसने लिया द्वेष को चूम घृणा को दिया हृदय का प्यार,
कि जिसने ली श्वासों में बाँध सजल-करुणा की दीन-पुकार!"

कि जिसने दिया व्यथा को अश्रु, अश्रु को जल उठने का भाव,
कि जिसने तूफानों के बीच छोड़ दी अपनी जीवन-नाव;
कि जिसने पिया प्रेम से झूम विश्व का सकल घृणा-अपमान,
किया था जैसे मैंने देवि ! सुरों के लिए हलाहल-पान।

रूप धर काल-पुरुष का आज भूमि पर उतरा वह आलोक,
कि जिसने तनिक दृगों से देख लिया उन्मत्त प्रलय को रोक।
कि जिसके शब्दों से सुकुमार रहे मेरे ज्वाला-कण झाँक;
पुरातन का सौन्दर्य नवीन दिया जिसने कण-कण में आँक।

कि जिसकी निर्मल कीर्त्ति अखण्ड लिये नभ-चुम्बी गिरि-पाषाण,
कि जिसके प्रण-प्रदीप की ज्वाल रही छू मानवता के प्राण।"
हुए गौरीपति ज्यों ही मौन, किया नवयुग ने जयजयकार,
विश्व ने देखा भाव-विभोर, रहे तुम खोल मुक्ति का द्वार!

गृह-गृह हो नित नूतन अभिनंदन

श्री चन्द्रप्रकाश सिंह एम० ए०

यह हिमगिरि जिसका पौरुष है, गंगा तप की उज्ज्वल गरिमा!
है अटल सत्य-सा उदित सूर्य, आलोकित दिशि-दिशि में महिमा।
जिसके अन्तर की करुणा का वरुणालय वह लहराता है,
जिसके यश के मधु-सौरभ को आमोदित पवन लुटाता है,

जिसके नयनों से उठ उठ घन जगती का जीवन बन जाते,
सब शोषित, शापित, संतापित, जिससे हैं शीतलता पाते,
जिसके स्वप्नों में जाग रहा संसृति का मंगलमय उपक्रम,
जिसकी वाणी में व्यंजित है निज देश-धर्म का श्रेय परम,

वह गांधी नव-युग-जागृति की आँधी-सा उठता आया है,
वह मोहन जन के मन-नभ पर शुचि कर्म-चन्द्र बन छाया है।
वह अजर, अमर हो, अक्षय हो, भारत के प्राणों का प्रिय धन!
वह सहस्रायु हो, चलता हो गृह-गृह नित नूतन अभिनंदन!

प्रो० विश्वनाथप्रसाद

तुम देवों के देव बने !
मानवता के सत्य हुए सब युग-युग के सपने !
पग-स्पर्श से प्राण पा जगी पाषाणी जनता,
हथकड़ियों में आज़ादी का राग लगा बजने।
तुम देवों के देव बने !
अगणित द्रौपदियों के दुःशासन ने वसन हरे,
लगे सदय तुम चक्रपाणि अक्षय पट झट सजने।
तुम देवों के देव बने !
हिंसा-प्रतिहिंसा पिशाचिनी दनुज-नृत्य में मग्न,
चले आत्म-बलिदान-मन्त्र से मनुज-त्रास हरने।
तुम देवों के देव बने !
अग्नि अग्नि से, वैर वैर से शान्त किया किसने ?
अतः प्यार से अनाचार संहार किया तुमने।
तुम देवों के देव बने !
अस्त्र-शस्त्रमय दैत्यों से निर्भय निःशस्त्र डटे,
और लगे दुर्दानवता के अंग-अंग कटने।
तुम देवों के देव बने !
भेद-भाव मिट गए सर्ग के वर्ग-वैर बिसरे,
राजा-रंक लगे सम स्वर से तव जय-जय रटने।
तुम देवों के देव बने !
काली जल-भुन हुई सभ्यता की लाली न रही,
अब तव सुनें पुकार सभ्यता के शिशु बने-ठने।
तुम देवों के देव बने !
तृषित विश्व-हित लिए अमृत वर कब से देव खड़े ?
सर्वनाश ! आया न जगत जो दौड़ यहाँ बचने।
तुम देवों के देव बने !
हे पुरुषोत्तम ! जीवन से तम टले, ज्योति सरसे,
परम-धर्म* विलसे जग में अणु-अणु हों स्नेह-सने।
तुम देवों के देव बने !

---

* "अहिंसा परमो धर्मः।"

श्री पाण्डेय नर्मदेश्वर सहाय

उस दिन बोल उठी अनजाने, नीरव-सी वन की छाया ;
जब अनन्त में महाज्योति के सागर-सा कुछ लहराया।
किरण-करों से युग-मन्दिर का खोल किसी ने द्वार किया ;
स्वागत-पथ पर दम्भी-नगपति, ने भी हृदय पसार दिया।

चकित विश्व ने कहा महामानव की छाया डोल रही ;
हिय - हिय की धड़कन में उसकी, मंगल-वाणी बोल रही।
गूँज उठा नभ बार बार जब, युग ने जय-जयकार किया ;
पुलक-पुलक युग उठा, धरा ने निज सर्वस जब वार दिया।

चूम चरण अभिवन्दनीय फिर उस मिट्टी की काया के,
श्वास श्वास में गौरव-गर्भित गीत बाँध उस छाया के।
चिनगारी बन उठी कल्पना, प्रण-प्रदीप सुलगाने को ;
आत्म-प्रलय का मंत्र फूँक, जागृति की ज्योति जगाने को।

खुलीं चेतना की आँखें, वाणी की ज्वाला फैल चली ;
नभ को हिला, हिला धरणी को, कम्पित कर गिरि शैल चली।
बाधा-बन्धन अपने ही लघु-तम में अन्तर्ध्यान हुए,
अश्रु महामानव के युग-वीणा के मंगल-गान हुए।

पतन—अभ्युदय-पथ के पन्थी, काँप रहे, वह जाता है,
लपटों में भी मुस्काकर, आगे ही पैर बढ़ाता है।
आसपास जो खड़े आँच से, जल जाते घबराते हैं,
किन्तु मरण के सम्मुख भी, उसके पग बढ़ते जाते हैं।

युग की सजग चेतना का, प्रतिनिधि पौरुष का ज्वार प्रबल,
त्याग औरं तप का प्रतीक, पीड़ित का कातर प्यार सजल।
मुट्ठी भर हड्डियाँ, ज़रा-सी मिट्टी हल्की-सी धड़कन,
आत्म-प्रलय की धुन अन्तर में, लेश न होठों पर सिकुड़न।

दृग में शक्ति कि स्वयं रोक ले, अपनी गति से महाप्रलय !
जान हथेली पर, ख़तरों से प्रेम, महामानव की जय !

देव !!

श्री राजेश्वर गुरु

देव ! हम कैसे कहें तुमको धरा की वस्तु !
नन्हे हीन सारे बन्धनों से मुक्त
इस विस्तीर्ण लघुता भरी समता पर महान उभार हो तुम !

अहे मानव, देव ही कैसे कहें !
देवत्व की साकार तुम अविकार प्रतिमा,
किन्तु, जो उर किये प्लावित, प्यार हो तुम—
नहीं तुम श्रद्धाजनित उस इला की भावना से युक्त
जिसमें भक्ति का साहस झुलस देवत्व की महिमाग्नि में
ऊपर न उठ पाए चरण की धूलि से;

हम विनत दुर्बल सशंकित मानव हृदय
पाकर तुम्हें, खोने न देंगे,
पास हो तुम कहो कैसे मान लें हम देव तुमको
मानवोपरि प्राण ! बनकर देव
मानव ही रहो तुम देव-सा होने न देंगे।

दिव्य ! छोटे दो नयन में दूर के किस देश की आभा भरे
तुम कौन ? जो आदिम युगों से धरे नाना रूप, नाना वेश
जग के किसी घन-तम-लोम-व्यापी अंध कोने में
चिरंतन प्रज्वलित किस दीप की
सिमटी किरन के प्राणदा आलोक से ही जागते हो ?

वरद-कर की शरद ज्योत्स्ना विकीरित करते हुए,
हतभाग मानव किन्तु हम !
जो जानकर भी नहीं तुमको जान पाते !!

हे ज्योतिपुञ्ज अनूप ! हे गँभीर शान्त प्रशान्त !
इस अति पाप-संकुल विश्व को जो याचना के नयन फैलाये
तुम्हारी विकीरित हर किरन का प्यासा
उसे संजीविनी दो ज्योति की, वह जी उठे !

श्री कृष्णचन्द्र शर्मा 'चन्द्र'

बापू ! तुम वैसे बापू हो ?
कभी कभी पर भ्रम होता है—
कहीं वहीं तो नहीं आ गया, जो क्षीरोदधि में सोता है।
राशि नाम की भी वह ही है, और जागरण-वंशी वह ही
शान्ति-दूत वह कुरुक्षेत्र का अब भी भार वही ढोता है।
महारास में जैसे
श्रुति की सभी ऋचाएँ नाच रही थीं।
चीर-हरण में मुक्त-आत्मा-सम्मुख नग्न विराज रही थीं।
आज क्या नहीं वैसे ही हम नंगे भूखे साथ तुम्हारे।
दृष्टि आपकी भी वह ही है जो जब सब कुछ आँक रही थी!
कठिन जाल है हीन हाल दानों पर लाल लुटे जाते हैं, आप
रोष का दावानल पीकर चुपचाप घुटे जाते हैं,
यही अवस्था रही,
व्यवस्था तो फिर किस के लिए करोगे ?
इन्द्र कोप से बचा लिए जो, अब वह प्राण छुटे जाते हैं !

बापू के चरणों में

श्री निरंकार देव सेवक एम. ए.

भारतीय जन-मन के स्पन्दन, जीवन के ध्वनिकार,
जग की पुंजीभूत भक्ति औ' श्रद्धा के आधार!
तन से वृद्ध, प्रकृति से बालक, मन से युवक समान,
भारत के तुम एक मात्र हे आप रूप भगवान्!
शुचिता शील दया की प्रतिमा, तुम ममता की मूर्त्ति!
नास्तिक होते हुए जगत् में तुम ईश्वर की पूर्त्ति!!
आज तुम्हारे हाथों में है राष्ट्र-धर्म की डोर,
इसकी गति-क्रम घुमा फिरा दो तुम चाहो जिस ओर।
डूब रही दुर्बल मानवता महायुद्ध-मँझधार,
कितने उत्सुक नयन रहे हैं तुमको आज निहार।
लेकर कर में सत्य अहिंसा की दोनों पतवार,
तुम्हीं करोगे इस दुखियारी के बेड़े को पार!

श्री श्रीमन्नारायण अग्रवाल, सेकसरिया कालेज, वर्धा

सत्य अहिंसा के मंदिर में, रहे सदा हो अटल पुजारी,
दलित अकिंचन अबल जनों के, चिर सेवक अनन्य हितकारी।
निज शरीर को जला-जलाकर आलोकित करते हो जग को,
सुलभ बनाते त्याग तपस्या से स्वदेश के दुर्गम मग को।
संत! तुम्हारी मानवता ने ही मुझको खींचा है।
विमल प्रेम जल से तुमने नित मनुज-हृदय को सींचा है।

भारतमाता की माला का यह सुमेरु

श्री रामनाथ गुप्त

अरे, कौन हम-सा बड़भागी, अरे कौन हम-सा पावन,
हम पद-दलितों के हित दौड़े नंगे चरण शरण - अशरण,
ख़ूब, आज प्रत्यक्ष हो गई कण-कण-व्यापक ज्योति गहन,
बापू के प्राणों में प्रकटे निखिल जगत् - पति रमा - रमण।

भक्तों की परिपाटी का विश्वास अचल हमने देखा,
कर्मयोगियों की श्रद्धा का वास विमल हमने देखा,
ज्ञानि - जनों का शुद्ध बुद्धि - उत्कर्ष धवल हमने देखा,
'निर्बल के बल राम' अनास्था के युग में हमने देखा।

उकठ - कुकाठ देखते इसमें दाहक स्फुलिंग की ज्वाला,
अरे क्रान्तद्रष्टा महान यह फेर रहा चिर गति - माला,
दानवता के ऊपर यह मानवता की विजय - पताका,
पूर्ण अखण्ड अजेय शक्ति का गाया इसने नव साका।

युग-युग के पीड़ित मानव की आहों का यह एकमात्र बल,
दलित हृदय के अश्रुदलों का यही एक त्रिभुवन में सम्बल,
हिंसा - महाशास्त्र का कीलक, यह भैरव नटनागर शंकर,
अचल धरित्री का साधक यह, परम-अहिंसा-धर्म-धुरंधर;

भारतमाता की माला का यह सुमेरु—मानव-शिर-भूषण,
युग-युग के अवतारों का यह चरम विकास—दिव्यतम पूषण;
इसके चरणों से सतयुग का देख रहे हम अभिनव उद्भव,—
हृदय से गले मिलेगा जिसमें प्रति मानव से मानव।

वन्दन-गीत

श्री नरेशकुमार

काव्य के शत श्लोक का वन्दन तुम्हें!

धरणि-वैदिक श्वास पाकर, भी गगन शापित रहेगा,
वज्र शम्पा के प्रहारों को, हिमालय सह सकेगा;
कण्ठ में उलझीं ऋचायें,
सूत्रमय हों हर शिरायें;
एक ध्रुव का सूर्य ही केवल प्रलय तक चल सकेगा;
सप्त ऋषि ले मेघ-अंजलि कर रहे अर्चन तुम्हें!!

सृष्टि के सब व्यंग, मानव-कोष के अनमोल तारे,
तम मिटा पाया न ये मन्वन्तरों के लेख सारे;
तिमिर तट पर सो गया है,
दिवस किसमें खो गया है!
एक प्रतिध्वनि लिख रही चिर आदि से ही सर्ग सारे;
आज नूतन सर्जना में विश्व-अभिनन्दन तुम्हें!

चरण को छू आज युग के उपल में भी प्राण जागे,
पा अमृत उपवास से संहार ने सब कुलिश त्यागे;
सृजन का जागे सवेरा,
आज बन्दीगृह बसेरा;
शक्ति के संकेत देते, खादियों के रजत धागे;
कोटि जन के हृद्-कमल का अगरुमय चन्दन तुम्हें।

आज पश्चिम की दिशा ने, पूर्व से रवि-ग्रंथ पाया,
गूँजता पाताल-नभ तक, जो अमर सन्देश गाया;
अमर ऊषा की दिशा हो,
सरल सन्ध्या की तृषा हो;
जो न संवत् धो सकें, वह नील कुंकुम दान पाया;

सौर-मंडल कर रहा, हे विश्वगुरु! वन्दन तुम्हें!!

अर्चना

श्री रामाधार त्रिपाठी 'जीवन'

तुम एक विन्दु में महासिन्धु की सत्ता !
तुम एक रश्मि में रवि की निखिल महत्ता !!

तुम वज्र सदृश, तुम कोमल कमल-कुसुम हो,
तुम हो व्यापक सर्वत्र स्वयं में गुम हो।
मानव का मन क्या मोल तुम्हारा जाने !
तुम देव-देव, तुम से तो केवल तुम हो !

तुम मरु-प्रदेश में सुधा-सरित की लहरी !
तुम सुप्त जनों के सजग सजीले प्रहरी !

तुम ज्वलित ग्रीष्म में सावन की हरियाली,
तुम पतझड़ के मधुमास, विकास-प्रणाली।
नैराश्य-क्षितिज पर तुम आशा की रेखा।
तुम भरी निशा में उदित उषा की लाली।

तुम हो अधरों के फूल दृगों के मोती,
तुम सभी सृष्टि के सजन समान सगोती।
कितना विशाल हे देव ! तुम्हारा अंतर !
जिसमें जीवन की व्यथा जागती सोती।

भ्रम के भावों से भ्रान्त विश्व का जीवन,
अघ-श्रोघ-भार से श्रान्त विश्व का जीवन,
तुम मानवता के अग्र-दूत बन आये,
जब पशुता से आक्रान्त विश्व का जीवन।

तुम साँस-साँस की गति टटोलने निकले,
तुम विश्व-व्यथा का ताप तोलने निकले।
जब महानाश लिख रहा प्रलय का लेखा,
तुम सुलभ सृजन के पृष्ठ खोलने निकले।

तुम सेनानी, तुम सहचर प्यारे बापू !
तुम दुखियों की आँखों के तारे बापू !
यह कोटि-कोटि हृदयों की प्रिय अभिलाषा,
तुम जुग-जुग जग में जियो हमारे बापू !

युग-प्रभात

श्री राजीव सक्सेना

नित तमावृत्त, तुम सत्-निवृत्त ज्योतित प्रकाम!
ओ जन-गण-जीवन के प्रदीप! शत शत प्रणाम!
युग-युग तक तुमने सहा ताप, नत-शिर, उदास,
तुम जले अन्य जन अकर्मण्य छाया प्रकाश!

ओ जन-गन जीवन के प्रदीप! क्या कहूँ व्यथा!
क्या दास और सामंत-युगों की कहूँ कथा!
तुम जले आज पूंजीवादी यंत्रों के तल,
तव आकांक्षाएँ बनी धूम्र मिल में प्रतिपल;
तुम बने कहीं जो कृषि-प्रांगण के वंश-दीप,
प्रिय, ज्योति-दीन, तुम जले अन्त के ही समीप!

तुम दीप्त रहे आँधी तूफ़ाँ में हे अनूप!
तुम धन्य! अमर अक्षुण्ण तुम्हारा यह स्वरूप,
विश्वास हमें तुम एक दिवस हर अंधकार,
जग में रच दोगे युग-प्रभात, शुचि, निर्विकार!

बापू और व्यंग

श्री मोहन एल० गुप्त

मुट्ठी भर हड्डी का ढाँचा, फिर भी वह फौलादी साँचा।
जो भी टकराया चूर हुआ, सम्मुख जो भी आया नाचा।
आँधी चलती आगे-आगे, तूफ़ान बनी जिसकी छाया।
पग-पग पर है भूकम्प मचा, बस 'गान्धी की जय' की माया।

कोई कहता है शान्ति-दूत, कोई कहता है क्रान्ति-दूत,
वह गले लगाता चलता है, हो शत्रु-मित्र, ब्राह्मण-अछूत।
हे भारत के बन्दी महान्! जर्जर जीवनके महाप्राण!
किसके बन्दी तुम? दे सकते, जब अखिल विश्व को मुक्ति-दान!

बन्धन में ही बन्धन बनकर, लो फिर से आई वर्षगाँठ,
मानव को दानव के करसे से, अब मुक्त करो मानव विराट्!

गांधी चरवाहा

श्री रामदयाल पांडेय

तू चरवाहा, तू चरवाहा बिल्कुल चरवाहा, चरवाहा !

चरवाहे से तनिक नहीं कम, चरवाहे से तनिक न ज़्यादा,
एक छोकरा चिर-अलबेला अल्हड़, भोला, सीधा-सादा !
चंचल, फुर्तीला चरवाहा, नटखट गर्वीला चरवाहा !

छोटी-मोटी एक लँगोटी, मोटा रुखड़ा काला कंबल,
क्रूर काल के कोप-क्रोध से बस यह रक्षक, तेरा संबल;
आगे उछल-उछलकर चलता डंडा पा तेरे कर का बल,
दिखा-दिखा निद्रित पलकों को खाँई-खंदक, टीले, जल-थल;

अजब जंगली तेरी सूरत अजब जंगली तेरा बाना,
पासी के झोपड़े सजाता तोड़ फोड़ बोतल-मयख़ाना;
घास खिलाता, ख़ुद भी खाता सदा घास के ही गुण गाता,
अमृत को फीका बतलाता बड़े शौक़ से विष पी जाता !

लोट-पोटकर धूल चढ़ाता मिट्टी लेपे-पोते रहता,
स्वर्ण-भस्म को रोग भयानक संजीवनी कीच को कहता;
लगा लगन जंगल-झाड़ी में कहता स्वर्ग-निवास यही है,
लेकर सिर पर बिजली-बादल कहता है मधुमास यही है !

कहता, इन शहरों को छोड़ो कहता, इन महलों को तोड़ो,
वन-पशु वन-वन से में खेलो कालनाग से नाता जोड़ो;

कहता, यम से करो नहीं भय, पालो उसको पिला-पिला पय !
कहता, नरक देव का ही है नारकीय भी पूज्य वर्ग है,
उच्च स्वर्ग की घृणा नरक है पतित नरक का प्रेम स्वर्ग है;

भय ही है विनाश का कारण, शस्त्र आत्महत्या का साधन,
कहता, यही सुसंस्कृत जग है, कहता यही मुक्ति का मग है !
ऐसा दीवाना चरवाहा, ऐसा मस्ताना चरवाहा !

इसने कभी चराये जड़ भी आज चराता केवल चेतन,
पशु के बन्धन खोल चुका, अब खोल रहा मानव के बन्धन !
अभय किया पशुओं का जीवन कभी सुनाकर मुरली का स्वन,
आज मनुज के ही स्वर से है अभय बनाता मानव-जीवन !

जन्तु-मुक्ति के लिए किया था कभी दानवों का उन्मूलन,
मनुज-मुक्ति के लिए मनुज की दानवता का आज विसर्जन;
स्वर्ग-प्राप्ति के लिए किया था कभी घोर जप-तप-आराधन,
आज धरा को स्वर्ग बनाने करता मनुष्यत्व का पूजन !

यही मुहम्मद, गौतम, ईसा गोकुल का गोपाल यही है,
कालग्रस्त बन्दी मानव की प्राणरक्षिणी ढाल यही है;
कोई सच्चा निश्छल प्राणी कहता देव, ब्रह्म, परमात्मा,
कोई कहता धुनी-मनस्वी कोई कहता सिद्ध महात्मा !

मेरा कवि कहता चरवाहा यह मानवता का चरवाहा,
जन-गणनायक का चरवाहा क्रांति-गीत गायक चरवाहा।

कहता, अजी चलो दृग मूँदे कहता अजी छलाँगें मारो,
दुर्बल दीन अंग देखो मत बढ़ो अभय जीतो या हारो !
है विश्वास कि विजय मिलेगी है विश्वास खुलेंगे बन्धन,
चरवाहा है आदि सनातन, नूतनता से भी नित नूतन !!

रहे तृणों से तुष्ट निरंतर जिसकी प्रकृति-प्रेरणा मांसल,
चले निरस्त्र, नग्न, निर्वेदन जिसे लाँघना अगम हिमाचल !
हो भी सकता है चरवाहा जीता रहे मर्त्य में शंकर,
अबुझ पहेली एक स्वयं बन करता रहे त्रिलोक निरुत्तर !

रहे जगत में यदि यह जीता देता अमिय और विष पीता,
छिन्न-भिन्न मानव के उर को सात्विक स्नेह-सूत्र से सीता !
दे सकता अजरत्व जरा को कर सकता यह स्वर्ग धरा को,
अमर बना सकता यह नर को, मर्त्य बना सकता ईश्वर को !
बना ब्रह्म से बढ़कर नर को मनुष्यत्व देगा ईश्वर को,
यह दुबला-पतला चरवाहा, हड्डी का पुतला चरवाहा !

बापू

श्री सुधीन्द्र एम० ए०

जड़-जर्जर था पड़ा सिसकता जग-जीवन अनिमेष,
सुलग रहा था मानवता में महाअनल-सा द्वेष।

हुई सहसा ही "यदा यदा हि" गिरा क्षिति पर उद्भूत,
सबसे प्रथम छुए तुमने ही इतने कोटि अछूत!
हरिजन हुए आज तुमसे फिर ये अन्त्यज अवधूत!
बिखरी ग्राम-शक्ति को बाँधा कात-कातकर सूत!

आप नग्न रह-रह पहनाया नग्नों को वर वेश!
मांसल किया लोक को बनकर स्वयम् अस्थित्वक्शेष!

भरणी धरणी पर लोहित का लखकर भीष्म विलास,
घर ही के आँगन में होते निठुर नरक का हास।

पिघलकर बहा तुम्हारा प्राण हुआ विह्वल हृद्देश,
'अक्रोधेन जयेत्क्रोधम्' का सुन अक्षर सन्देश।
स्नेह-अहिंसा-शांति-सत्य का लेकर मन्त्र अशेष,
देव! तुम्हारी ओर विश्व है देख रहा अनिमेष।

तुममें प्रकट प्रपीड़ित जग का वह विराट उल्लास!
विश्वम्भर आत्मा का तुममें शिव-सुन्दर आभास!!

अडिग तुम्हारा ध्येय, अजित बल पौरुष-शौर्य्य अगाध,
दिव्य दृष्टिमय चक्षु तुम्हारे कर्म-पन्थ निर्बाध।

अहिंसा वर्म, शांति शुचि मन्त्र, सत्य है शाश्वत ढाल,
अहो ऐन्द्रजालिक! दिखलाकर अपना तेज विशाल।
नचा रहे हो तुम इंगित पर पाशव बल विकराल!
मन्त्रमुग्धवत् काँप रहे ये शासन-यन्त्र कराल।

जीवन में, प्राणों में जाग्रत आज तुम्हारी साध,
आर्य! तुम्हारे चरण-चिह्न पर चलता चित्त अबाध।

गाया तुमने गायक! ऐसा अजर-अनश्वर गीत,
जन होकर तुम बने जनार्दन, जग के गीतातीत!

मुहम्मद, गौतम, ईसा, महावीर, मनु एकाकार!
"मानवता तो चिर-स्वतन्त्र है, पारतन्त्र्य है भार,
स्नेह (अहिंसा) से सुरपुर है यह वसुधा-परिवार।
जन की सेवा ही जन को है खुला स्वर्ग का द्वार!"

यही अमर सन्देश तुम्हारा व्रत यह परम पुनीत,
'नहीं अनृत की किन्तु सत्य की सतत जगत् में जीत!'

साध्य सत्य को और अहिंसा उसका साधन मान,
चले लुटाने कई बार तुम पावन अपने प्राण!

खोजने, ले प्राणों का दीप, अमरता का वरदान!
प्राणों के शोणित से धोने जग के कलुष-विधान।
संसृति को पीयूष पिलाने कालकूट कर पान,
ओ प्रलयंकार, शिव-शकर ओ! अभयंकर भगवान!

अमिट सत्य के अमर उपासक! साधक, सुधी महान!
गाता पीड़ित जग का कण-कण ऋषे! तुम्हारा गान!

मानवता के अमर पुजारी! विभु की भव्य विभूति!
करुणाकर की करुणा-छाया! करुणामय अनुभूति!
संसृति को वरदान तुम्हारी अच्युत! पुण्य प्रसूति।
देव तुम्हारी चरणरेणु है भाल-भाल की भूति!

श्री 'रंग'

आज युगों के बाद हिमाचल आँसू भरकर रोया।
कर्मवीर के कर की लकुटी आज अचानक टूटी,
मोहन की मनमोहक मुरली मृदु अधरों से छूटी,
हिन्द महासागर की लहरें चीख उठीं गर्जन कर,
मानवता के मूक-रुदन से सिहर उठे भू अम्बर!
ओ हिमगिरि, अपने आँसू का ऐसा ज्वार बना दे।
जो जनमत के असंतोष का ज्वालामुखी जगा दे।
तब सूखेगा तेरा आँचल जो है आज भिगोया,
आज युगों के बाद हिमाचल आँसू भर कर रोया।

कौन है वह मुस्कराता ?

श्री गङ्गाप्रसाद 'कौशल'

कौन है वह मुस्कराता ?
रक्तरंजित क्रान्ति में भी शान्ति के है गीत गाता।
हँस रहा तूफ़ान सम्मुख, हँस रहा वह भी मनस्वी ;
सागरों की विकट लहरों में खड़ा निर्भय तपस्वी।
प्रलय - झंझावात प्राची में प्रतीची का भयंकर ;
जब बढ़ा, गरजा गगन में कँप उठा तब विश्व थर थर।
प्रलय - झंझावात को वीरान ही वीरान भाया ;
प्रलय - वीणा पर किसी ने नाश के ही राग गाया।
विश्व की हर क्रान्ति में ही रक्त की सरिता बही है ;
और मानवता सदा संतप्त हो रोती रही है।
देख मानव की विकलता, स्वर्ग से वह कौन आता ?
कौन है वह मुस्कराता ?
शान्ति की ले क्रान्ति अनुपम, शान्ति का संदेश देता ;
शान्ति की ही क्रान्ति से जन-विश्व का बनता विजेता।
चकित होकर विश्व ने फिर शान्ति-संस्थापक निहारा ;
युग हँसा मन में मुदित, नवयुग प्रवर्तक देख प्यारा।
गगन गरजा, गरजकर जब आँख यों तुमने उठाई ;
विश्व ने प्रत्येक कण में वह तुम्हारी बात पाई।
जो कहा तुमने, हिमालय ने कहा सीना उठाकर ;
बह चले उनचास मारुत, मंत्र वह जग में गुँजाकर।
कौन जिसके मंत्र को है विश्व का कण कण सुनाता ?
कौन है वह मुस्कराता ?
मंत्र चर्खा का सिखाकर, स्वाभिमानी फिर बनाया ;
और खद्दर का कवच दे, विश्व में उनको उठाया।
विश्व के विस्तृत गगन में लग रहा नक्षत्र-मेला ;
शीघ्र प्राची में उगेगा चन्द्र, आई शुभ्र वेला।
तुम हिमाचल से अटल हो, वृद्ध ओ मेरे तपस्वी !
चल बसीं 'बा' छोड़ तुमको बीच में ही हा ! यशस्वी !
हाय, मां 'बा' क्या गयीं, मातृत्व ही जग से सिधारा ;
दया, नय, वर त्याग की प्रतिमा गयी बस छोड़ कारा।
वज्र से आहत, दलित फिर भी बढ़ा जाता दिखाता।

आँख से आँसू गिरे कुछ, शीघ्र ही पर पोंछ डाले;
देश के कल्याण हित बलिदान ये कितने निराले!
एक भारत ही नहीं संसार तुमको मानता है;
बुद्ध, ईसा, राम-सा तुमको सभी जग जानता है।
विश्व की आँखें तुम्हीं पर लग रही हैं आज त्यागी!
कर रहा है शान्ति की वह याचना विश्वानुरागी!
विश्व के उत्थान का यह मार्ग है किसने दिखाया?
रक्त का निर्झर मिटा, नित स्नेह का निर्झर बहाया?
कौन वह निज तेज से जो विश्व को जगमग बनाता?
कौन है वह मुस्कराता?

महात्मा गाँधी

श्री रामेश्वर बी० ए०, एल्-एल्० बी

ओ भारत के प्राण!
जड़-जङ्गम में चेतन जैसे,—अन्तर्हित अम्लान!
ओ भारत के प्राण!!

स्वर्ण-रश्मि सा प्यार प्रसारित, उर,—करुणा का कोमल कम्पन,
जर्जर सा तन, भोली चितवन—बना विश्व का अभिनव जीवन!
अमा निशा की अँधियारी में—दीपक की मुस्कान!
ओ भारत के प्राण!!

हिमगिरि से तुम उच्च, उच्चतर; सागर से भी गम्भीर तरल;
सत्य बना बल, चरखा सम्बल—बनी अहिंसा मरु में मृदु जल!
मृग तृष्णा की अमिट टोह में—जीवन के अरमान!
ओ, भारत के प्राण!!

तुम चिर मुक्त, सजग, मनमोहन, दलितों के शुचितर भाव 'अहम्',
शूल फूल सम, विषम बना सम—साकार हुए—भगवान स्वयम्!
अश्रु विचुम्बित नयन कोर में—आशा छवि छविमान!
ओ भारत के प्राण!!

गांधीजी

श्री विश्वम्भरनाथ

नव-भारत की संस्कृति में,
आज यह अपूर्व-तिथि,
सदियों के सकरुण, दयनीय इतिहास में,
कीर्ति की गर्व की गौरव की बेला है ।

आज ही के दिन, इस दूसरी अक्तूबर को,
बीते पचहत्तर वर्ष, छाया हर्ष,
भारत के अमर-प्राण,
फिर से साकार हुये—
वज्र से कठोर किन्तु करुणा से मृदुलतम,

गांधी के रूप में ।
गांधी महात्मा की हीरक जयन्ती यह—
जाग्रति की चेतना अनूपम की
जीवन की
पुण्य-तिथि बेला है;

गांधी परन्तप के,
आदर में, मान में,
महा-पर्व मेला है ।

गांधी प्रशांत चित्त—
निर्बल, निःशस्त्र,
किन्तु आत्मा का सम्बल, आत्म-आहुति की शक्ति ले,
करते आवाहन,
खिन्न, म्लान विश्व-आत्मा का—
'प्रेम औ' अहिंसा में निहित श्रेय मानव का ।'
यही प्रबुद्ध-पथ—
सत्य, शिव, सुन्दरतम् !
भारत की जनता का—
'सत्य पर आग्रह'
मानव-कल्याण का रुचिर प्रयोग एक !

भारत निमित्त मात्र। रचता अध्याय नया—
युद्ध-हीन, वर्गहीन,
प्रेम औ' अहिंसा की सुदृढ़ बुनियादों पर।
शोषण से मुक्त
विश्व निर्मित हो सकता है,
आज विश्व-प्राङ्गण में,
पश्चिमीय सभ्यता,
दानवी कुरूपता के बर्बर परिवेष्टन में;
हत्या औ' हिंसा में मग्न और सोल्लास
भस्म हो रही है स्वयं, अपने वरद-हस्त से!

कटुता, संघर्ष और शोषण का दैत्य जगा—
हिंसा से शान्त चलो करने है हिंसा को!
भूले प्रतिपादन,
अनुयायी बुद्ध, ईसा के—
"शान्त सदा होती है हिंसा अहिंसा से!
"वैर विजित होता है केवल निर्वैर से!
घृणा शान्त होती है—शुद्ध, बुद्ध प्रेम से!"

गर्व, अधिकार और कितनी उपेक्षा से
हँसते हैं, पशुता के स्वामी नीतिज्ञ ये—
'सत्य, आत्मबल का भी कोई प्रयोग है?'
'भारतीय जनता क्यों हारकर मौन हुई?'
किन्तु ये संभ्रम, अभिमानी, इन्हें पता नहीं—
'ये हैं विराम स्वल्प!'

हार कहीं होती है शुद्ध आत्मबल की?
विश्व की शोषित जनता जब उठेगी,
उस दिन गिरोहों का भाग्य अस्त होगा!
नूतन संहति, औ' नूतन परिपाटी पर
रचना करेगी वह नूतन समाज की।
संस्कृति नवीन होगी,
प्रेम औ' अहिंसा की नूतन सरणि में।
गांधी उस युग के, उस स्वर्णिम विहान के
द्रष्टा हैं, स्रष्टा हैं।

श्रीलक्ष्मीनारायण मिश्र

आज फिर सिन्धु कर्मयोग का,
लहरा रहा है, मातृ-भूमि के पुजारी में,
पुण्यभूमि भारत वसुन्धरा के वीर में,
निर्मम विरागी और रागी एक संग हैं
कूद रहे जिसमें । ये मृत्युञ्जय मृत्यु को
करने पराजित चले हैं । पुराकाल में
पूर्वपुरुषों ने पूतगंगा के पुलिन में,
विन्ध्य अटवी में था कि मानसर प्रान्त में,
जिसको पराजित किया था मृत्यु हारी थी ।
हारी मृत्यु । शोक निशा बीती सांख्य योग का
अंशुमाली आया, और आया ज्ञानलोक में ।
धन्य हुई भारत धरा थी यह गर्व से
गाया ऋषियों ने जहाँ गान कर्मयोग का ।
कर्मयोगियों की यह भूमि चिरकाल से
बन्धन विहीन । उस विगत अतीत का
द्वार-पट खोलने चला जो कवि आज है,
एकमात्र आशा से कि देख उस युग की
उज्ज्वल विभूति, ओज पायेंगे मनीषी भी
धन्य जिनसे है हुई जन्मभूमि जननी ।

अर्घ्य

श्री रामावतार यादव 'शक्र'

अस्त्र अहिंसा से लड़ करके तोप और तलवार थकी !
मरने की भावना निरखकर अनाचार की धार थकी !
अतलान्तक है शान्त और सागर प्रशान्त में ज्वार नहीं,
उसके चरणों पर जगती कब से अपने को वार चुकी !
प्रतिदिन रवि जाकर पश्चिम में—सुना रहा संदेश यही—
"मानवता का सच्चा प्रतिनिधि गाँधी से बढ़ और नहीं ।"

श्री नरेन्द्र शर्मा

जनहित के लिए, देव, तुमने—क्या नहीं सहा ! क्या नहीं किया !
श्री सम्पति, सुख, परिवार-मान की कौन कहे ?
अरमानों के, निज प्रानों के भी मुक्त दान की कौन कहे ?
प्रियतमा संगिनी नारी का तुमने जनहित बलिदान दिया !
जनहित के लिए, देव, तुमने—क्या नहीं सहा ! क्या नहीं किया !
जिन आदर्शों-सिद्धान्तों के तुम अटल अचल,
इस अटल अचल को हिला न पाई अहंकार की मति चंचल !
उन आदर्शों-सिद्धान्तों का तुमने जनहित अपमान किया !
जनहित के लिए, देव, तुमने—क्या नहीं सहा ! क्या नहीं किया !
तुम अमृत सत्य के अभिलाषी, निर्भीक सन्त,
पर मर्त्य-लोक कल्याण हेतु चिर आशंकित ममता अनन्त !
जनहित के लिए असत्यों से की संधि, शम्भु, विषपान किया !
जनहित के लिए, देव तुमने—क्या नहीं सहा ! क्या नहीं किया !
सौ बार हारकर, सेनानी, तुम अपराजित !
जय और पराजय के सुख-दुख से नहीं युद्ध की गति शासित !
क्या इसीलिए मृदु पल्लव का लोहा वज्रों ने मान लिया !
जनहित के लिए, देव, तुमने—क्या नहीं सहा ! क्या नहीं किया !

गांधी महाराज

श्री गोपीकृष्ण शर्मा

गगन से बादल छँटने लगे, गगन पर आने को है चाँद,
कुमुदिनी के अधरों पर अभी-अभी मुस्काने को है चाँद !
न अब तारे रोयेंगे और, न अब अम्बर रोयेगा और;
न मानव के लोहू से हाथ मूढ़ मानव धोयेगा और !
'अहिंसा' और 'सत्य' की ज्योति दिखाता सहसा, आया कौन,
हरिजनों के ईश्वर को, दूर स्वर्ग से भू पर लाया कौन !
उठी जो वर्धा से आवाज़, गूँजती है अम्बर के पार—
हमें अपनी मिट्टी से स्नेह, हमें अपनी माता से प्यार !
नर्मदा की बजती है बीन हिमालय भी गाता है आज,
व्यथित जगती को देने शान्ति आ गए गांधीजी महराज ।

गांधीजी का सचित्र इतिहास

श्री रामनरेश त्रिपाठी

बन के मनुष्य-बीज आप ही समा गया जो,
दिखलाया अपने विराट का विकास है।
जिसकी मनुष्यता की अमर कहानी आज,
अक्षय विभूति-सी वसुन्धरा के पास है।
कौन कहे, कौन लिखे, खींचे कौन रेखा-चित्र,
ऐसा क्या किसी में बुद्धि वाणी का विलास है!
भारत स्वतंत्र होगा पीढ़ियाँ कहेंगी तब,
गाँधीजी का चित्रित यही तो इतिहास है।

युगावतार

श्री सोहनलाल द्विवेदी

चल पड़े जिधर दो डग, मग में, चल पड़े कोटि पग उसी ओर;
पड़ गई जिधर भी एक दृष्टि, गड़ गए कोटि दृग उसी ओर!

जिसके शिर पर निज धरा हाथ, उसके शिर रक्षक कोटि हाथ;
जिस पर निज मस्तक झुका दिया, झुक गए उसी पर कोटि माथ।

हे कोटि चरण, हे कोटि बाहु! हे कोटि रूप! हे कोटि नाम!
तुम एक मूर्ति, प्रतिमूर्ति कोटि, हे कोटिमूर्ति तुमको प्रणाम!

युग बढ़ा तुम्हारी हँसी देख, युग हटा तुम्हारी भृकुटि देख;
तुम अचल मेखला बन भू की, खींचते काल पर अमिट रेख।

तुम बोल उठे, युग बोल उठा, तुम मौन बने युग मौन बना;
कुछ कर्म तुम्हारे संचित कर, युगकर्म जगा, युगधर्म तना!

युग-परवर्तक ! युग-संस्थापक ! युग-संचालक ! हे युगाधार !
युग-निर्माता ! युग-मूर्ति ! तुम्हें, युग युग तक, युग का नमस्कार !

तुम युग युग की रूढ़ियाँ तोड़, नित रचते रहते नई सृष्टि ;
उठती नवजीवन की नीवें, ले नवचेतन की दिव्य दृष्टि ।

धर्माडंबर के खंडहर में, कर पद प्रहार, कर धरा ध्वस्त ;
मानवता का पावन मंदिर, निर्माण कर रहे सृजन-व्यस्त !

बढ़ते ही जाते दिग्विजयी ! गढ़ते तुम अपना राम - राज ,
आत्माहुति के मणिमाणिक से, मढ़ते जननी का स्वर्ण ताज !!

तुम कालचक्र के रक्त सने, दशनों को कर से पकड़ सुदृढ़ ;
मानव को दानव के मुँह से, ला रहे खींच बाहर बढ़ बढ़ ।

पिसती कराहती जगती के, प्राणों में भरते अभयदान ;
अधमरे देखते है तुमको, किसने आकर यह किया त्राण !

पद सुदृढ़, सुदृढ़ कर-संपुट से, तुम कालचक्र की चाल रोक ।
नित महाकाल की छाती पर, लिखते करुणा के पुण्य श्लोक ।

कँपता असत्य, कँपती मिथ्या, बर्बरता कँपती है थर थर ;
कँपते सिंहासन, राजमुकुट कँपते, खिसके आते भू पर ।

हैं अस्त्र-शस्त्र कुंठित लुंठित, सेनायें करतीं गृह प्रयाण ।
रणभेरी बजती है तेरी, उड़ता है तेरा ध्वज निशान !

हे युग-द्रष्टा ! हे युग-स्रष्टा ! पढ़ते कैसा यह मोक्ष-मंत्र !
इस राजतंत्र के खँडहर में, उगता अभिनव भारत स्वतंत्र !

तुम कालचक्र के रक्त सने दशनों को कर से पकड़ सुदृढ़,
मानव को दानव के मुँह से, ला रहे खींच बाहर बढ़ बढ़।
पिसती कराहती जगती के प्राणों में भरते अभयदान;
अधमरे देखते हैं तुमको, किसने आकर यह किया त्राण?
पद सुदृढ़, सुदृढ़ कर-संपुट से तुम कालचक्र की चाल रोक,
नित महाकाल की छाती पर, लिखते करुणा के पुण्यश्लोक।

चित्रः श्री रविशंकर रावल के सौजन्य से }

पृष्ठ—६०

चीनी चित्रकार यू-पिङ्ग वोङ्ग द्वारा

(विश्ववाणी) के सौजन्य से

गांधीजी के प्रति

महाकवि 'अकबर'

मदख़ूलये गवर्मेंट अकबर अगर न होता,
उसको भी आप पाते गांधी की गोपियों में।

श्री 'सीमाब' अकबराबादी

तसर्रुफ़ सारी दुनिया के दिलों पर कर लिया तूने,
ज़माने को मोहब्बत से मुसख़्ख़र कर लिया तूने।
किया तहलील यूँ तुझको तेरी फ़ितरी लताफ़त ने,
कि आँखों से गुज़र कर रूह में घर कर लिया तूने।

तेरे क़दमों पे होते हैं निछावर सीमगूँ टुकड़े,
फ़िसूँ का याद ऐसा डेढ़ अंछर कर लिया तूने।
तमद्दुन फ़तह जिसको आज तक कर ही न सकता था,
क़िला वह सादगीये वज़ा से सर कर लिया तूने।

तेरी जय हो रही है हर तरफ़ वह कामराँ तू है,
है जितना नातवाँ उतना ही क़िस्मत का जवाँ तू है।

सिमटने को विसाते उम्र है हंगामा बरपा कर,
बढ़ा दे गरमिये महफ़िल वह सोज़े ताज़ा पैदा कर।

बदल दे वक़्त की आवाज़ से लय अपने नग़मों की,
दिलों में जज़्बये ईसारे हुर्रीयत मुहय्या कर।
झलक नाकामिये इमरोज़ की है शामे महफ़िल में,
इन्हीं आसार से पैदा फ़रोग़े सुब्ह फ़र्दा कर।

तजारुब अपनी सारी उम्र के सरफ़े वतन कर दे,
मुहिम्माते ग़ुलामी में जवानों को सफ़ आरा कर।
न दे अपने अज़ायम को ख़ुदारा रंगे मायूसी,
जो वादा मुल्क से तू कर चुका है उसको पूरा कर।

नवेदे दौरे आज़ादी बिदह क़ैदे दवामी रा,
दो पारा कुन ज़दस्ते ख़ेश ज़ंजीरे ग़ुलामी रा।

श्री अबू सईद बज़्मी एम० ए० सम्पादक 'मदीना'

ऐ सर ज़मीने हिंद तेरी बेबसी बजा,
पर ख़ाक से उठा है तेरी वह महातमा।
जिससे ग़रीब हिंद को वह हौसला मिला,
ताक़त के बुत को पाँव से जिसने कुचल दिया।
यों तो जहाँ में और भी आये महातमा,
जिनके कमालो फ़ैज़ ने दुनिया को दी जिला।
पर, तूने जो चिराग़ जलाया जहान में,
उसके शुआये फ़ैज़ से जग जगमगा उठा।
मज़लूम को बता के अहिंसा की ताक़तें,
चिड़ियों को तूने बाज़ से जाकर लड़ा दिया।
मज़लूमियत को ज़ुल्म से बेबाक कर दिया,
सुल्तान से निडर दिले दहक़ाँ बना दिया।
तेरी फ़रोतनी में है रुई तनों का ज़ोर,
पोशीदा ख़ामशी में तेरी आँधियों का शोर।

ताजदारे वतन-गांधी

श्री रामलाल वर्मा—संपादक रोज़ाना तेज देहली

ऐ अमीरे हुर्रियत ! और ऐ वतन के ताजदार,
तेरी हस्ती है वक़ारे हिंद की आईनावार।
शश जहत की कामरानी तेरे क़दमों पर निसार,
तेरे आगे हेच है सब ताजदारों का वक़ार।

मरहबा ! ऐ कौ़म के सालारे आज़म ! मरहबा !
मरहबा ! ऐ मुल्क के सरदारे आज़म ! मरहबा !

वलवले इनसाँ के रक़साँ हैं तेरे आग़ोश में,
ज़मज़मे आलम के ग़लताँ हैं तेरे आग़ोश में।
मसअले दुनिया के पेचाँ हैं तेरे आग़ोश में,
मुश्किलें क्या क्या पर अफ़शाँ हैं तेरे आग़ोश में।

तरजुमाने आदमीयत तेरा इक इक हर्फ़ है,
जिसमें इक ख़लक़त समा जाये वह तेरा ज़र्फ़ है।

तेरे दिल में गूँजता है जो अज़ल का साज़ है,
उससे पैदा पर्दा हाये ग़ैब की आवाज़ है।
तेरी अज़मत से हरेक इनसान सर अफ़राज़ है,
तेरी रफ़अत पर ज़मीं तो क्या फ़लक को नाज़ है।

हर नज़र में तेरी लुत्फ़े जल्वये सदनूर है,
तेरी चश्मे ताबगीं में इक ख़ुदाई नूर है।

सादगी के पैरहन में ज़ीनते महफ़िल है तू,
मारफ़त की अंजुमन में रौनक़े कामिल है तू।
कारगाहे दह्र में इक मदरके आमिल है तू,
मंज़िले सद राह में इक रहबरे आक़िल है तू।

तू हवाओ हिर्स की आलायशों से पाक है,
तेरे आगे दौलते दुनिया भी मुश्ते ख़ाक है।

बेज़बानों की ज़बाँ, मज़लूम की आवाज़ है,
बेबसों और बेकसों का महरमो हमराज़ है।
कुश्तगाने ग़ुर्बतो अफ़लास का दमसाज़ है,
तू जफ़ाकारों के आगे भी वफ़ापर्दाज़ है।

दिलफ़िसुर्दों के लिये तू जोश का पैग़ाम है,
ग़ाफ़िलों के वास्ते तू होश का पैग़ाम है।

हाथ में तेरे मये हुब्बे वतन का जाम है,
तुझसे बज़्मे क़ौम में पीरेमुग़ाँ का नाम है।
हिंद के इस मैकदे में तेरी बख़शिश आम है,
कौन बादाकश है जो महरूम तिश्ना काम है!

साक़ी ओ मैख्वार दोनों हश्र तक जीते रहें,
जाम तू देता रहे हम शौक़ से पीते रहें।

है अहिंसा दीन तेरा, सच तेरा ईमान है,
रूह आज़ादी है तेरी, उंस तेरी जान है।
कजरवी और कज ख़याली की तुझे बस आन है,
सीधी सीधी चाल में तेरे चलन की शान है।

बरबरीयत, शैतनत, सफ़्फ़ाकी ओ ग़ारतगरी,
तूने इन ऐबों से इनसाँ की तबीयत फेर दी।

तूने बतलाया सियासत और सिदाक़त एक है,
तूने दिखलाया कि ताक़त और शराफ़त एक है।
तूने समझाया जहाने रंजोराहत एक है,
तूने परचाया कि बस राहे तरीक़त एक है।

तेरी तलक़ीं है कि मुल्को क़ौम की ख़िदमत करो,
बहरे आज़ादी जियो और बहरे आज़ादी मरो।

गांधीजी

गोपीनाथ 'अमन'

तुझमें सुकून वह कि हिमालय की शान है,
तबए रवाँ में मौजए गंगा की आन है।
आँखों में उपनिषद के सहीफ़े की जान है,
गीता का फ़लसफ़ा है कि जो तेरा ध्यान है।
सीने में तेरे मारफ़ते हक़ का राज़ है,
हिन्दोस्तान को तेरी हस्ती पे नाज़ है।

तुझपर हूजूमे यासो अलम का असर नहीं,
दुनिया अगर ख़िलाफ़ हो ग़म का असर नहीं।
ग़ैरों के जौरो ज़ुल्मो सितम का असर नहीं,
वह आन है कि तेग़ो दोदम का असर नहीं।
डरने से क्या ग़रज़ तुझे तूफ़ान हों हज़ार,
मरने का ख़ौफ़ क्या उन्हें जो क़ौम पर निसार।

दुरवेश ऐसे और भी गुज़रे जहान में,
था सहर जिनकी आँख में जादू ज़बान में।
साबित क़दम रहे जो हर एक इमतिहान में,
अकसर मिसालें मिलती हैं हिन्दोस्तान में।
लेकिन सियासयात से ईमान का यह मेल,
तेरे लिये बजा था कि दुश्वार है यह खेल।

जोशे अलम के साथ मोहब्बत सिखाई है,
दुश्मन से भी सुलूक, ये उलफ़त सिखाई है।
है बेनियाज़े तेग़ वह हिम्मत सिखाई है,
तीरो तुफ़गं हेच वह जुरअत सिखाई है।
अन्दाज़े रज़्म पर तेरे कहते हैं तबअबी
"लड़ते हैं और हाथ में तलवार भी नहीं।"

हाँ यह भी एक जंग है और लाजवाब है,
यक सब्र जिसमें लाख सितम का जवाब है।
कहने को कहने वाले कहें क्या जवाब है,
यह वह जवाब है कि अनोखा जवाब है।

जिनकी निगाह उलझी हुई आबोगिल में है,
क्या जाने वह कि जंग का मरकज़ तो दिल में है।

तेरे ही दम से अहले वतन की बँधी है आस,
जब देखते हैं तुझको तो रहते नहीं उदास।
क्यों दिल में दख़ले रंज हो क्यों हो असीरे यास!
सब कुछ है अपने पास जो गांधी है अपने पास।
दुनियाँ में कौन ऐसे रतन का लगाए मोल?
बाला है तेरी ज़ात से हिन्दोस्तां का बोल।

है तेरा जन्म दिन तो हरएक अहले दिल है शाद,
वाबस्ता तेरी ज़ात से है क़ौम का इबाद।
पंजाह साल और जिए सबकी है मुराद,
हर लब पे यह सदा है कि उम्रत दराज़ बाद।
अब आज हिन्द में हमें जौहर दिखाए तू,
उलफ़त का सिक्का सारे जहाँ पर बिठाए तू।

बादशाहे वतन

श्री "नसीम" अमरोहवी

वतन के ग़रीबों का ग़म खानेवाला,
ख़तरनाक रस्तों में बढ़ जानेवाला,
तड़पकर सितमगर को तड़पानेवाला,
अहिंसा की ताक़त का दिखलानेवाला,
सिपाही वो कमज़ोर हिंदोस्ताँ का,
लरज़ता है दिल जिससे हर हुक्मराँ का।

वो आज़ादिये दिल का सच्चा मुनादी,
ग़ुलामी का दुश्मन, असीरी का आदी,
सजाये हुये है बदन पर जो खादी,
लुभाती है वह उसकी पोशाक सादी,
ये शौकत है इस सादगी की अदा में,
कि 'मोती' 'जवाहर' हैं इसकी सभा में।

दिलों पर न क्योंकर करे हुक्मरानी,
कि हुब्बुलवतन उसकी है राजधानी,
पहाड़ उसकी हिम्मत के आगे है पानी,
बुढ़ापे पे उसके निछावर जवानी,
जिन्हें ख़ौफ़े तूफ़ाँ न, आँधी की दहशत,
उन्हें खाये जाती है गाँधी की दहशत।

जो चाहे दिलेज़ार तू ज़िंदगानी,
जो है शौक़े आज़ादिए जाविदानी,
जो तेरी रगों में है ख़ूँ की रवानी,
जो कहता है अपने को हिंदोस्तानी,
जो आज़ाद भारत की तुझको लगन है,
तो गाँधी का मसलक भी हुब्बेवतन है।

अनोखा है उसकी तरक़्क़ी का ज़ीना,
कि मरने को अपने समझता है जीना,
सियासत का उसकी निराला क़रीना,
जो हँस दे, तो दुश्मन को आये पसीना,
क़यामत हो बरपा जो आँसू बहा दे,
जो सोने को ताने, तो हलचल मचा दे।

वो भारत के हर मर्दोज़न का दुलारा,
ग़रीबों फ़क़ीरों की आँखों का तारा,
हमारी ज़मीं का चमकता सितारा,
वतन की है आज़ादियों का सहारा,
ज़माने में ऐसे हैं कम नेक इनसाँ,
जो धर्म उसका पूछो तो है एक इनसाँ।

फ़क़ीरी में यों उसका सिक्का रवाँ है,
कि हुस्ने सियासत का क़ायल जहाँ है,
इरादा जो पीरी में उसका जवाँ है,
न फ़ौजें न लश्कर मगर हुक्मराँ है,
फ़िदाए वतन, ख़ैर ख़्वाहे वतन है,
वो बेताज का बादशाहे वतन है।

श्री महरलाल "ज़िया" फ़तेहाबादी, एम०, ए०

दामने मशरिक़ में रोशन जिस तरह है आफ़ताब,
सुबह दम गुलशन में जैसे मुसकराता है गुलाब।
कोह पर जिस तरह रक़्सॉं है शुआओं का शबाब,
जैसे नग़मारेज़ रंगीं आबशारों का रबाब।

एशिया की अंजुमन में कैफ़ बरसाता है तू,
सोने वालों की रगों में ख़ून दौड़ाता है तू।

बेसरूरो कैफ़ है पैमानये हिंदोस्ताँ,
तिश्ना लब हैं साक़िओ मैख़ानये हिंदोस्ताँ,
बे दरो दीवार है काशानये हिंदोस्ताँ,
अब पुराना हो चुका अफ़सानये हिंदोस्ताँ।

अहले मशरिक़ की उमीदें तुझसे वाबस्ता हुईं,
अहदे माज़ी की तबस्सुम पाशियाँ रफ़्ता हुईं।

सोने वालों को जगाया है तेरे पैग़ाम ने,
है नया मुस्तक़बिले रंगीं नज़र के सामने।
जामए नूरीं पहिन रक्खा है सुबहो शाम ने,
कर दिया है मस्त सबको बादए गुलफ़ाम ने।

यह तेरी साक़ीगरी का मोजज़ा अदना सा है,
बारिशे अबरे करम का हौसला अदना सा है।

ताज है मशरिक़ तो उसके ताज का मोती है तू,
जिसपे नाज़ाँ है शहे ख़ावर वही हस्ती है तू।
रूह की तसकीं है तू राहत दिलो जाँ की है तू,
ज़ीनते बज़्मे चमन, फूलों की रानाई है तू।

आम होती जा रही है कैफ़े ईजादी तेरी,
मंज़िले तकमील पर पहुँची है आज़ादी तेरी।

गाँधीजी

श्री सलीम नात्की सेक्रेटरी जामए अदबिया कानपुर

तारीख़ के वरक़ पर दामाने हर नज़र पर,
बिखरे हुये पड़े हैं हिन्दोस्ताँ के जौहर।
अपनी हवा में उड़कर ऐसे भरे तरारे,
ख़ाके वतन के ज़र्रे तारों में जगमगाये।
दुनियाए नौ का गाँधी आया पयाम लेकर,
आज़ादिये वतन की हर सुबह शाम लेकर।

पस्ती में भी बलन्दी का मरतबा दिखाया,
ऊँची ज़मीं बनाई, नीचा फ़लक बनाया।
नज़दीको दूर यकसाँ नज़्रें हैं कार फ़रमा,
क्या क्या बदल रहा है नक़्शा दिमाग़ो दिल का।
अफ़सानए सलासिल अहरारियों में रहकर,
आज़ादियों के चरचे ज़िन्दानियों में रहकर,

अफ़्कार की भी कसरत रूहानियत भी ग़ालिब,
दिल मायले सियासत उक़्बा की जान तालिब,
दरया से बढ़के देखी बिजली से बढ़के पाई,
तहरीर की रवानी तक़रीर की सफ़ाई।
इनसाँ तलाशे हक़ में इतना तो ख़ुदनिगर हो,
'मिस्टर' महात्मा की सूरत में जल्वागर हो।

कोताह दामनी में इक शाने वेनियाज़ी,
महजूब सादगी है मलबूस इम्तियाज़ी।
बरहम किया दिलों को तकली की गर्दिशों ने,
सोतों को भी जगाया चरख़े की शोरिशों ने।
तक़सीम की मुहब्बत हर जुज़्वे ज़िन्दगी पर,
आँखों को नूर देकर दिल को सुरूर देकर,

मस्ती भरी नज़र का दिल को पयाम आया,
हुशियार बादा नोशो! गर्दिश में जाम आया।
बेसाख़्ता लबों पर आया हुआ तबस्सुम,
मीठा सा इक तकल्लुम हल्का सा इक तरन्नुम।
ग़र्दिश ही लेके आई आख़िर नवैदे इशरत,
आज़ाद हो रही है हिन्दोस्ताँ कि क़िसमत।

महात्मा गांधी

श्री व्रजकृष्ण गंजूर 'फ़िदा' फ़ैज़ाबादी

उठा तू बिस्तरे ग़म से कि दुनिया को उठाना था,
लड़ाई बन्द करनी थी जहालत को मिटाना था,
तुझे तो मुल्क की फिर क़ूवतों को आज़माना था,
करिश्मा अहले दुनिया को नया कोई दिखाना था,

तू निकला जेल से गोया कि हंगामे अमल आया,
घटाएँ आसमाँ से हट गईं, सूरज निकल आया।

तू उठकर यूँ चला ज़न्दाँ से बाहाले परेशानी,
कि जैसे बूए गुल निकले गरेबाँ चाक दीवानी,
जो देखा तिश्ना लब तुझको तो पत्थर हो गए पानी,
बिछाया क़ौम ने आँखों का अपनी फ़र्शे नूरानी,

सितम बरपा किया गुलशन में नरगिस के इशारों ने,
नसीमे सुबह इठलाई, क़बा चूमी बहारों ने।

क़यामत की बलाएँ हो रही थीं हिन्द पर नाज़िल,
नज़र आता था गिरदाबे फ़ना में डूबता साहिल,
वतन का क़ाफ़ला गुमराह था और दूर थी मंज़िल,
निगाहों से टपकना चाहता था जब कि ख़ूने दिल,

तेरी एक जुम्बिशे लब ने फ़ना कर दी परेशानी,
मिटाकर ज़ुल्मते शब को दिखाई सुबह नूरानी।

खुदारा हिन्दवालों ख्वाब से बेदार हो जाओ,
बहुत कुछ सो चुके अब तो ज़रा हुशियार हो जाओ,
जमाने की रविश देखो उठो तैयार हो जाओ,
बरंगे मौज इस बहरे फ़ना से पार हो जाओ,

तुम्हारे हर क़दम पर मुशकिलें आसान हो जायें,
तमन्नायें वतन के वास्ते क़ुरबान हो जायें।

महात्मा गाँधी

श्री 'बिस्मिल' इलाहाबादी

सुना रहा हूँ तुम्हें दास्तान गाँधी की,
ज़माने भर से निराली है शान गाँधी की।
रहे रहे न रहे इसमें जान गाँधी की,
न रुक सकी न रुकेगी ज़बान गाँधी की।

यही सबब है जो वह दिल से सबको प्यारा है,
वतन का अपने चमकता हुआ सितारा है।

जो दिल में याद है तो लब पे नाम उसका है,
जो है तो ज़िक्र फ़क़त सुबहो शाम उसका है।
भलाई सबकी हो जिससे वो काम उसका है,
जहाँ भी जाओ वहीं एहतराम उसका है।

उठाए सर को कोई क्या, उठा नहीं सकता,
मुक़ाबिले के लिए आगे आ नहीं सकता।

किसी से उसको मुहब्बत किसी से उलफ़त है,
किसी को उसकी है उसको किसी की हसरत है।
वफ़ाओ लुत्फ़ो तराहुम की ख़ास आदत है,
ग़रज़ करम है, मदारत, है और इनायत है,

किसी को देख ही सकता नहीं है मुशकिल में,
ये बात क्यों है कि रखता है दर्द वह दिल में।

जफ़ाशआर से होता है बरसरे पैकार,
न पास तोप न गोला न क़ब्ज़े में तलवार।
ज़माना ताबए इरशाद हुक्म पर तैयार,
वह पाक शक्ल से पैदा हैं जोश के आसार।

ख़्याल से चरख़े के बल पे लड़ता है,
खड़ी है फ़ौज यह तनहा मगर अकड़ता है।

उसी को घेरे अमीरो ग़रीब रहते हैं,
नदीमो मोनिसो यारो हबीब रहते हैं।
अदब के साथ अदब से अदीब रहते हैं,
नसीबावर हैं बड़े ख़ुशनसीब रहते हैं।

कोई बताए तो यों देखभाल किसकी है,
जो उससे बात करे यह मजाल किसकी है।

रिफ़ाहे आम से राबत है और मतलब है,
अनोखी बात निराली रविश नया ढब है।
यही ख़याल था पहले यही ख़याल अब है,
फ़क़त है दीन यही बस यही तो मज़हब है।

अगर बजा है तो 'बिस्मिल' की अर्ज़ भी सुन लो,
चमन है सामने दो चार फूल तुम चुन लो।

जन्मदिन पर मुबारकबाद

श्री—मोहनलाल 'क़मर' अम्बाला

दिल क़ौम का इक घर है तो महमान है गाँधी,
बे ताज मेरे हिंद का सुलतान है गाँधी।
माँगी थी हिमालय पे दुआ सुबहे अज़ल ने,
इस सुबहे कोहन का नया अरमान है गाँधी।

भारत है अगर फूल तो यह उसकी है ख़ुश्बू,
है क़ौम अगर जिस्म तो फिर जान है गाँधी।
ऐ अहले वतन कम नहीं कुछ शान हमारी,
अफ़सानए तहज़ीब का उनवान है गाँधी।

आ, इसके जनम दिन पे नए गीत सुनायें,
भारत की ग़ुलामों का निगहबान है गाँधी।
है इसकी फ़क़ीरी में भी इक शाने अमीरी,
को 'क़मर' बेसरो सामान है गाँधी।

श्री मनोहरलाल "शबनम"

ऐ कि तू हिंद का सरताज करमचँद गाँधी !
तेरे सर दुनिया ने दस्तारे फज़ीलत बाँधी,
आज संसार में आई है ग़ज़ब की आँधी,
किश्ती मँझधार में है और है तू ही माँझी।

हाथ में सत्य अहिंसा का है पतवार तेरे,
ज़ुल्म की लहरें क़दम चूमेंगी हर बार तेरे।

साबिक़ा हिंद की रफ़अत की निशानी तू है,
देश के दुखियों की हाँ, सची कहानी तू है,
हम में जो आब है बस उसकी रवानी तू है,
इस बुढ़ापे में भी भारत की जवानी तू है।

ख्वाबे ग़फ़लत में पड़ा देश, जगाया तू ने,
हमको सूराज का है पाठ पढ़ाया तू ने।

राज़ आज़ादी का मुज़मिर तेरी हर बात में है,
क़ौम की फ़िक्र तुझे दिन में है और रात में है,
देश की हानि बड़ी समझी छुवाछूत में है,
पस्त अक़वाम उठाना तेरी ख़िदमात में है।

गाँववालों को सही राह बताई तूने,
दस्तकारी की जड़ें फिर से जमाई तू ने।

उम्र लम्बी हो तेरी क़ौम के सच्चे हादी,
हुक्म से तेरे चले चर्ख़े, बनाई खादी,
राह आसान जो थी, तूने वही बतलादी,
रहनुमाई में तेरी पायेंगे हम आज़ादी।

तबा वालों को दिखाता रहे यों ही जौहर,
ता अबद तेरा रहे साया हमारे सिर पर।

श्री अवधकिशोरप्रसाद "कुश्ता"

वतन के वास्ते धूनी रमाकर बैठनेवाला,
ज़माने के लिये ख़ुद को मिटाकर बैठनेवाला,
अज़ीअत पर अज़ीअत नित उठाकर बैठनेवाला,
इरादों पर मगर आसन जमाकर बैठनेवाला,

सुदर्शन चक्र सा जब अपना चरखा वो चलाता है,
ज़माना क्या, ज़मीं क्या, चर्ख़ भी चक्कर में आता है।

इसी न मुल्क में सोराज का डंका बजाया है,
ज़माने की नज़र में देश का रुतबा बढ़ाया है,
अहिंसक सत्य ग्राही हिन्द बासी को बनाया है,
वतन की आबरू पर क़ौम को मरना सिखाया है।

है कहता "बुज़दिली है तोप से गोली से डर जाना,
वतन के वास्ते ज़िन्दादिली है हँसते मर जाना"।

ज़ईफ़ी में भी रखता है कलेजा नौजवानों का,
तने लाग़र पे भी ज़ोरावरों का बस नहीं चलता,
वो बे तलवार के तलवारवालों से है यों लड़ता,
ज़मीनों आसमाँ चक्कर में हैं गर्दिश में है दुनिया।

अनोखा लड़नेवाला है निराला मिलनेवाला है,
मुक़ाबिल में न जिसके कोई गोरा है न काला है।

वतन उजड़ा हुआ आबाद करके चैन पायेगा,
हरेक नाशाद को वो शाद करके चैन पायेगा,
चमन से दाफ़ये सैयाद करके चैन पायेगा,
यक़ीनन हिन्द को आज़ाद करके चैन पायेगा।

सितारा हिन्द का ताविन्दा कर लेगा तो दम लेगा,
वो गांधी हमको 'कुश्ता' ज़िन्दा कर लेगा तो दम लेगा।

महात्मा गांधी की वर्षगांठ

श्री जगेश्वर प्रसाद 'खलिश', गया

देश पर ऐसी ग़ुलामी की घटा छाई थी,
टेर आज़ादी की नक़्क़ारए रुस्वाई थी,
थी ज़बां मुँह में, कहाँ ताक़ते गोयाई थी,
आँख थी, आँख में लेकिन नहीं बीनाई थी,

सूझता था लबे साहिल न किनारा अपना,
चाँद आता था नज़र हमको न तारा अपना।

हँसके रोती हुई हस्ती को हँसाया तू ने,
रोके हँसती हुई दुनिया को रुलाया तू ने,
बादए हुब्बे वतन सबको पिलाया तू ने,
देश भक्ती का नया पाठ पढ़ाया तू ने,

रोज़ बेमौत मरा करते हैं डरने वाले,
मरके भी मरते नहीं देश पे मरने वाले।

जाये ख़ाली न कभी हाथ से वह वार है तू,
काट जिसकी न मिले कोई, वह तलवार है तू,
सर झुकाये हुये दुनिया है वह सरदार है तू,
जिसमें सब लोग समा जायें वह संसार है तू,

कोई ऊँचा नज़र आता है न नीचा तुझको,
सेज काँटों का है फूलों का ग़लीचा तुझको।

शान झुक जाये तेरे सामने वह शान है तू,
देश मुर्दा है, मगर जीती हुई जान है तू,
तुझपे क़ुर्बान ख़ुदाई है वह इन्सान है तू,
अहले ईमान ये कहते हैं कि ईमान है तू,

जीत तेरी हो, तेरा राज हो, लय हो तेरी,
तू जिये, देश हो आज़ाद, विजय हो तेरी।

श्री सागर निज़ामी

तूने मग़रिब पर नुमायाँ कर दिया हुस्ने-वतन ,
बाग़बाँ से खोलकर कह दी हदीसे—या—समन ।

कामगारे हुर्रियत अय शहर यारे हुर्रियत ,
अय रईसे हुर्रियत अय ताजदारे हुर्रियत ।

हिन्दियों के जज़्बये क़ौमी की इक सूरत है तू ,
चलता फिरता परचमे—रंगीने हुर्रीयत है तू ।

रख दिया क़ुदरत ने कान्धे पर तेरे बारे-वतन ,
कर लिया तसलीम तुझको सबने सरदारे-वतन ।

अय दिमाग़े-ज़ुल्म पर इक ज़र्बे कारीये शदीद ,
मुस्तबद-दुनिया के सर पर ज़ाला-बारीये-शदीद ।

किस क़दर आज़ाद है कितना बहादुर दिल है तू ,
ख़ुद सरों में साइ ये आज़ादिये कामिल है तू ।

महफ़िले-अग़ियार तेरे ज़िक्र से आबाद है ,
बज़्मे दुश्मन में भी तू आज़ादसा आज़ाद है ।

ख़ूब वाक़िफ़ इस हक़ीक़त से हैं दीवाने तेरे ,
बादये-फ़ितरत से हैं लबरेज़ पैमाने तेरे ।

वह तअस्सुर है तेरे इक नारये आज़ाद में ,
ज़लज़ला आया हुआ है क़स्रे-इस्तब्दाद में ।

देखिये मशरिक़ को क्या मिलता है मग़रिब से ख़िराज ,
कोई ज़ंजीरे ग़ुलामी या कोई काँटों का ताज !

गांधी महाराज

चिरकालेर हातकाड़ि जे,
धूलाय खसे पड़ल निजे,
लागल भाले गान्धी राजेर छाप।

—श्री रवीन्द्रनाथ ठाकुर

गान्धि महाराज

विश्वकवि श्रीरवीन्द्रनाथ ठाकुर

गान्धि महाराजेर शिष्य,
केउ बा धनी केऊ बा निःस्व,
एक जायगाय आछे मोदेर मिल;
गरिब मेरे भराइ ने पेट,
धनीर काछे हइ ने तो हेंट,
आतंके मुख हय ना कभु नील।
षण्डा जखन आसे तेड़े,
ऊँचिये घुसि डाण्डा नेड़े,
आमरा हेसे बलि जोयानटाके;
ऐ जे तोमार चोख-रांगानो
खोका बाबूर घुम-भांगानो,
भय ना पेले भय देखाबे काके।
सिधे भाषाय बलि कथा,
स्वच्छ ताहार सरलता,
डिप्लमैसिर नाइको असुविधे;
गारदखानार आइनटाके,
खूँजते हय ना कथार पाके,
जेलेर द्वारे जाय से निये सिधे।
दले दले हरिण बाड़ि,
जारा गृह छाड़ि,
घूचल तादेर अपमानेर शाप;
चिर कालेर हातकाड़िजे,
घलाय खसे पड़ल निजे,
लागलभाले गान्धी राजेर छाप।

श्री सत्येन्द्रनाथ दत्त

दिने दीप ज्वालि' ओरे ओ खेयाली! कि लिखिस् हिजिविजि?
नगरेर पथे रोल ओठे शोन् 'गान्धिजी!' 'गान्धिजी!'
बातायने चाख किसेर किरण! नव ज्योतिष्क जागे
जन-समुद्रे ओठे ढेउ, कोन चन्द्रेर अनुरागे!
जगन्नाथेर रथेर सारथि के रे ओ निशान-धारी,
पथ चाय कार कातारे कातार उत्सुक नरनारी!

कृषाणेर वेशे केओ कृश-तनु—कृशानु-पुण्यछवि,—
जगतेर यागे सत्याग्रहे ढालिछे प्राणेर हवि!
कौंसुलि-कुलि करे कोलाकुलि कार से पताका घेरि',
कार मृदुवाणी छापाईया ओठे गर्व्वी गोरार भेरी!
क्रोड़ टाका कार भिक्षा-झुलिते, अपरुप अवदान,
आगुलिया कारे फेरे कोटि-कोटि हिन्दु-मुसलमान!
आत्मार बले के पशु-बलेर मगजे डाकाय झिं-झिं
केरे ओखर्व्व सर्व्वपूज्य?—'गान्धिजी!' 'गान्धिजी!'

महाजीवनेर छन्दे ये-जन भरिल कुलिरओ हिया,
धनी-निर्धने एक क'रे निल प्रेमेर तिलक दिया;
आचरण यार कोटि कवितार निर्झर मनोरम,
कर्म्मे ये महाकाव्य मूर्त्त, चरिते ये अनुपम;
देश-भाई यार गरीब बलिया सकल बिलास छाड़ि'
'गड़ा'ये परे गो, फेरे खालि पाये, शोय कम्बल पाड़ि';
तपस्या यार देशात्मबोध छोटर ओ छोटर साथे,
दिन-मजुरेर खोराके ये खुशी तीन आना पयसाते;
स्वेच्छाय निये दैन्य ये, काछे टानिल गरीब लोके,
भालो ये बासिल लक्ष कविर घन अनुभूति-योगे,
अहिंसा यार परम साधना हिंसा सेवित वासि,
आसन याहार बुद्धेर कोले टलष्टयर पाशे,

दीनतम जने ये शिखाय गूढ़ आत्मार मर्य्यादा,
चित्तेर बले लङ्घिया चले पाहाड़-प्रमाण बाधा,
बीर - बैष्णब - विष्णु - तेजेते उजल ये-जन भिजि'
ओइ सेइ लोक भारत-पुलक, ओइ सेइ गान्धिजी !

काफ्रि मिटा आफ्रिका - भूमे प्रिटोरिया - नगरीते,
बारे - बारे क्लेश सहिल ये धीर स्वदेशवासीर प्रीते,
उपनिवेशेर अपहुजुरेर ना मानि' जिजिया - कर,
मुदि मा कालिरे आत्मार बले शिखाल ये निर्भर,
बारण यादेर ओठा फुटपाये तादेरि स्वजाति ह'ये,
फुट पाये हाँटा पण ये करिल गोरार चाबुक स'ये,
मार खेये पथे मूर्च्छा गियेछे, पण ये छाड़ेनि तबु,
बारे बारे यारे जरिमाना क'रे हार मेने गोरा प्रभु
रद् क'रे बद् आइन चरमे रेहाइ पेयेछे तबे !
धीरताय वीर सेवा पृथिवीर, नाइ जोड़ा नाइ भवे !

प्लेगेर प्लावने कुलि पल्लीते निल ये सेवा-व्रत,
बुयार लड़ाइये जुड़युर युद्धे जखमी बहिल कत,
कौंसुलि-कुलि-मुदि-महाजने पल्टन ग'ड़े निये
उपनिवेशीर कथा-विश्वासे खाटिल ये प्राण दिये,
काजेर बेलाय इंगरेज यारे मेने छिल काजी ब'ले,
काज फुराइले पाजी ह'ल हाय वर्ण-बाधार गोले !
कथा राखिल ना यबे हीन-मना कथार कातानेरा,
कायेम राखिल धकेया युगेर जिजिया—क्षोभेर डेरा,
तखन ये-जन कुरिल धातुते वैष्णवी सेना सृजि'
धैर्य्य-बीर्य्ये मोहिल जगत्, एइ सेइ गान्धिजी !

सागरेर पारे स्वदेशेर मान राखिल ये प्राण पणे,
गोरा-चाषा-देशे निग्रह सहि' निग्रो-कुलेर सने,
विदेशे स्वदेशी बटेर चाराय रोपिया ये निज-हाथे
विश्वास-वारि सेचने बाँचाल वाओबाव - आओताते,

भारत प्रजारे चोरेर मतन थानाय थानाय गिये
दिन के उजाले में भी दीपक जलाकर अरे ओ मौजी ! तू यह कौन-सा आड़ा-टेढ़ा लेख लिख रहा है ? सुन, नगर के पथ पर कोलाहल उठ रहा है—'गांधीजी' 'गांधीजी' !! वातायन से यह किसकी किरण-रेखा किस नवीन ज्योतिष्क से विकीर्ण होकर चली आ रही है ? किस चंद्र के अनुराग से जन-समुद्र में आज तरंगें उठ रही हैं ? जगन्नाथ के निशानधारी रथ का वह कौन सारथी है जिसके लिये क़तार की क़तार उत्सुक नर-नारी राह देख रहे हैं ! किसान के वेश में कृशदेह—अग्नि की लय छवि के समान—वह कौन जगत् के यज्ञ में सत्याग्रह के द्वारा प्राणों की हवि अर्पण कर रहा है ? किसकी पताका को घेरकर वकील और मज़दूर परस्पर प्रेमालिंगन कर रहे हैं, किसकी मृदुवाणी में गर्वी गोरों की भेरी का शब्द आज डूब गया है ? किसकी भिक्षा की झोली में कोटि-कोटि मुद्रा आ समाती हैं, किसकी कीर्ति ऐसी महा-सुंदरी है, किसकी अँगुलियों के इशारे पर कोटि-कोटि हिंदू-मुसलमान आज संकल्प-तत्पर हैं ! आत्मा के जल से पशुबल के मस्तिष्क में किसने सनसनी फैला दी है ? वह कौन है जो इतना सा है फिर भी सर्वपूज्य है ?—'गांधीजी' ! 'गांधीजी' !

साधारण श्रमिक के हृदय को भी जिसने महाजीवन के छंद से भरपूर कर दिया है, प्रेम की तिलक-छाप देकर धनी-निर्धन को जिसने एक कर लिया है; जिसका आचरण कोटि-कोटि कविताओं का मनोरम निर्झर है, जो अपने कर्म में मानो मूर्त्त महाकाव्य है, चरित्र में अनुपम है; जिसके देशभाई दैन्य के कारण सारे विलास त्यागकर गाढ़ा पहनते हैं, नंगे पाँव फिरते हैं, कमली फैला-कर सोते हैं; जिसकी तपस्या छोटे से छोटे के साथ भी देशात्मबोध है; रोज़न्दार मज़दूर की तीन आने पैसे की खुराक से भी जो खुश है; अपनी ही इच्छा से जिसने दीनता अख्तियार की है, ग़रीबों को हृदय के निकट खींचा है, लाख-लाख कवियों की सघन अनुभूति लेकर जिसने प्यार किया है; हिंसा-सेवित आवास में भी अहिंसा ही जिसकी परम साधना है, जिसका आसन बुद्ध के क्रोड़ में, टाल्सटाय के पार्श्व में है; दीनतम व्यक्ति को भी जिसने गूढ़ आत्म-सम्मान सिखलाया है; जो आत्मा की शक्ति से ही पर्वत-प्रमाण बाधाओं को उल्लंघन कर चलता है, वीर-वैष्णव है जो, विष्णु के तेज की उज्ज्वलता से भीना जो व्यक्ति है वही भारतवर्ष की पुलक के समान गांधीजी हैं, गांधीजी हैं।

काफ़िरों के देश अफ्रीका भूमि में—विक्टोरिया नगरी में—जिस धीर ने बार-बार स्वदेशवासियों के प्रेम के अर्थ क्लेश सहा, उपनिवेश के कुशासकों ने जज़िया कर को अग्राह्य करके बनिया-मोदियों को आत्मशक्ति पर निर्भर होना सिखलाया, जिनका फ़ुटपाथ पर चलना भी निषिद्ध था उनका सजातीय बनकर

जिस वीर ने गोरों के चाबुक सहकर भी अपने इस सामान्य अधिकार के प्रयोग का संकल्प किया, मार खा-खाकर जो बेहोश हो गया फिर भी संकल्प नहीं त्यागा, बार-बार जिसका जुरमाना करके अंत में गौरांग प्रभु ने हारकर बंद-क़ानून को रद करके ही चरम रिहाई पाई। धीरज में वह वीर पृथिवी में अग्रणी है, अद्वितीय है। प्लेग-प्लावित मज़दूरों की बस्ती में उसने सेवा का व्रत लिया, बोअर युद्ध के ज़ूलू युद्ध में ज़ख्मियों को ढोता फिरा। वकील-मज़दूर-मोदी-महाजनों को लेकर पल्टन खड़ी कर दी, उपनिवेशों की बात पर विश्वास करके अपने प्राण होम दिये। काम के समय अंग्रेज़ों ने जिसे 'क़ाजी' (कर्मठ) माना था, काम निकल जाने पर वही पाजी हो गया! हाय री वर्णबाधा! बातों के हीनमना कप्तानों ने जब अपनी बात नहीं रखी, बीते युग के क्षुब्ध करने-वाले जज़िया-कर को अक्षुण्ण रखा, तब जिस व्यक्ति ने कुलियों की मज्जा में वैष्णव-सेना संघटित करके धैर्य और वीर्य द्वारा जगत् को मुग्ध कर दिया—वही ये गांधीजी हैं।

जिसने सागर पार स्वदेश का सम्मान प्राणपण से जीवित रख छोड़ा, गोरे किसानों के देश में निग्रह सहकर नीग्रो-कुलियों का साथ दिया, विदेश में स्वदेशी वट का पौधा रोपकर अपने ही हाथों से विश्वास का पानी सींच-सींच जिसने उसे सँजो-सँजोकर बचा रखा; भारतीय प्रजा को चोर की तरह थाने-थाने नाम लिखाते फिरना होगा—समाचार सुनकर अँगुली की छाप देकर जिस विधि से उस अविधि को निर्मूल करने की विधि निकाली; देशात्मा को अपमान से बचाने जाकर जो कारावासी हुआ—पुण्य ज्योति की ज्वाला जलाकर जो जेल का अधिवासी हुआ; भय-तरण के सुधा-क्षरण की जो उदा-हरण माला के समान है। देशी कुली, देशी कोठी वाला कोई किसी का निषेध नहीं सुनता, देखते-देखते सारे जेलखाने भर उठे! झुंड-के-झुंड अनगिनती स्त्री-पुरुष क़ैद हो चले, धनीमानी स्वेच्छा से दिवालिए हो गए—तब भी प्रण नहीं त्यागा। क्षुधित शिशु को छाती से लगाए देश की प्रेमिका मज़दूर नारी जिसके इशारे पर कष्ट-कारा वरण करने दौड़ पड़ी; जिसकी दीक्षा पाकर निरक्षर भी दुःख की नदी में संतरण कर पाया—छाती से सद्य पाई हुई मर्यादा को चिपटाए! चिरपदानत तामिल-युवक जिसकी मंत्र-गर्भ फूँक के निश्वास से ही अमर पारस छूकर जाग उठा! जिसके चारित्र्यगुण से मुग्ध होकर पुलकित पोलक मित्रता करने आए; जिसके दीपक से आज भारत और विलायत में सबने आग जलाई और जिसकी यह कीर्ति सुनकर विदेशियों ने भी जिसे अपने प्रेम-पाश में—अपनी राखी में—बाँधा, प्रेमी एन्ड्रूज़ ने जिसके लिये अयाचित मित्रता का उपहार सँजोया; ट्रान्सवाल से फ़िज़ी तक सभी जिसे अपना ही मानते हैं, वही जीर्ण पिंजर के अधिवासी, महान् गरुड़, गांधीजी हैं।

एशिया निरा मज़दूरों का ही घर नहीं है, इसे जिसने प्रमाणित किया; नरनारायण की सेवा का आदर्श, महामानवता, जिसने श्रमिकों में भी संचरमाण कर दी; धैर्य और प्रेम का पाठ, देह और मन द्वारा विशुद्ध सत्य का पालन जिसने सिखाया, इस पथ पर जिसने पठानों के चेलों की लाठियाँ खाईं, जो विधाता की उस स्वर्णोज्ज्वल पताका को लिये हुए है जिसके एक ओर "सत्य" और दूसरी ओर "जीवमात्र पर प्रेम" का मंत्र अंकित है; सत्याग्रह की दाह में गलकर जो विशुद्ध कांचन प्रमाणित हुआ है; देश की सेवा के साथ ही साथ जिसकी सत्याराधना भी चलती है; अटूट काम की धारावाहिकता के बीच भी जो साबरमती के वरणीय तट पर ध्यानासन से मौन बैठ पाता है; तपस्या की वृद्धि के लिये ब्रह्मचर्य ही जिसका उपार्जन है; तर्कजाल के घटाटोप में जिसके प्राणों का दीपक उज्ज्वल रहता है; मेहतर की कन्या को भी उठाकर जो पालता है, अशुचि नहीं अनुभव करता; नौकर की सेवा जिसे क़ुबूल नहीं—क्योंकि वह मानव को छोटा करना है; छोटे-बड़े के अन्तर में जिसने आत्मा की शाश्वत ज्योति लाभ की है; दास बनने और दास बनाने—दोनों को ही जो चित्त की अधोगति मानता है; जो देश के प्रेममय कोष में आसीन है, शक्तिबीज का बीज है, जिसके अन्तर में वैकुण्ठ है; वह गांधीजी यही हैं!

दर्पी का दर्पनाशक, भारत को पवित्र करनेवाला है यह वणिक्-पुत्र! शुचि-महिमा में जो सहज अवहेलासहित द्विजकुल को भी लज्जित किए है; कुंठा-हीन वैकुण्ठ की ज्योति जिसके मन में जाग्रत् है; कर्त्तव्य के आह्वान पर कभी दंड झेलते जो कुंठित नहीं है; नील की खेती और चाय के काण्डकारियों के राज्य में मज़दूरों का क्रंदन सुनकर कामरूप और चंपारन के अरण्यों में आँसुओं के मोती चुनता फिरता है; शासन-पीड़ित अकाल कायरों को जिसने मार्मिकता सिखाई; प्रजा का सदा का मीत—जो स्वयं बीड़ा उठाकर लगान-बन्दी करने जुट गया; जिसने पहली बार विधिवत् राजा और प्रजा को यह समझाया कि राज करना केवल हुकुम चलाना और डिगरी जारी करना नहीं है; बीज-बखर कुर्क करना, अकाल के समय मालगुज़ारी हाँकना—यह सब अत्याचार है, यह हमारी भारत-भूमि में और नहीं टिकेगा—नहीं चलेगा; सात-सात सौ गाँवों में जिसने अमोघ सत्याग्रह की भेरी निनादित की; राजा के दरबार में निःशंक होकर प्रजा की शिकायत पहुँचाते जिसे विलंब नहीं होता; जो अभय व्रत का व्रती है; सम्पूर्ण शंकाएँ हरण करता है; विश्वप्रेम के प्रपंचप्रदीप द्वारा मज़दूरों-श्रमिकों की आरती करता है; सुधन्वा और प्रह्लाद जिसके महीयान् आदर्श हैं—जिन्होंने पिता की आज्ञा पर भी आत्मा का अपमान नहीं किया; चित्तौर की वीणापाणि वैष्णवी मीरा जिसका आदर्श है, जिसने राजा के आदेश पर

राजरानी होकर भी सत्य की पूजा नहीं छोड़ी; जिसके जप की माला में सारी दुनिया के सत्य के पुजारियों का मेल है—यूनान के शहीद सुकरात के यहूदियों के दानियाल तक—जिसकी बातचीत से ही बन्दी मन के बंधन छिन्न होते हैं, हे कवि, आज उसी की आगमनी गाओ, गांधी का जयगान करो !!

एशिया के अधिकार, हारूँ की स्मृति, इस्लाम के सम्मान में जिसकी मर्मवीणा के तारों में पीड़ा से प्राण काँप उठे, उदार छाती लेकर समग्र एशिया व्यथा का स्पंदन वहन करते हुए सब हिंदुओं की ओर से जिसने प्रत्यक्ष खिलाफ़त पर हस्ताक्षर किए; चित्तबल की झाँकी दिखाकर जिसने आह्वान का संवेदन पाया; तूफ़ान की विशृंखलता को जिसने सत्याग्रह के छंद में बाँधा, प्रीति की राखी से जिसने हिंदू-मुसलमान दोनों को अनायास बाँध दिया; पञ्चनद के जलियाँवाले की ज्वाला जिसके प्राणों में सदा जाग्रत् रहती है, भारतीयों के प्राण-हरण का अपना अधिकार समझनेवालों अन्यथा करने के लिये जो दुर्निवार रथी भारतीयों का सेनापति हुआ; दैवदत्त धर्म्म-रोष की तलवार जिसके हाथों सत्याग्रह के रसायन-संपात से सोना हो गई; वर्त्तमान शासन के साथ स्वतंत्र शासनतंत्र की लड़ाई ठानकर जो सदा देश-देशान्तरों में अभय मंत्र देते घूमा-फिरा; जिसकी महावाणी शक्ति का आधार है ; जो कभी लेश भी अनुदार नहीं; जिसका कुछ भी लुका-छिपा नहीं—जो सरेबाज़ार यह घोषित करता है: "स्वराज्यप्रयासी देशवासी ! जागो; स्वराज्य स्थापन करना होगा; त्याग की क़ीमत देकर ही हम वह धन खरीदेंगे, तपस्या से उसे स्थायी बनाएँगे। जो कुछ अपने वश में है, वही तो स्वराज्य है, वही तो सुख की खानि है; अपने कर्म के लिये जो दूसरों का मोहताज नहीं, उसी को स्वराज्य पाया मानना। स्वपाक में स्वराज्य है; अपने ही हाथों अपने वस्त्र बुन लेने में स्वराज्य है; देश के शिष्य-पोषण पर अपना ही सहज अधिकार स्वराज्य है; अपनी ही भाषा बोलने—अपनी ही रीति से चलने में स्वराज्य है; अशुभ को दोनों पावों से कुचलते चलने में स्वराज्य है; अपनी भूलों का स्वयं ही संशोधन कर डालने में स्वराज्य है—इसे अनुभव करने में कि विधाता की सृष्टि में प्राणी का अपने प्राणों पर अपना ही अधिकार है, स्वराज्य है। उस अधिकार में जो व्यक्ति 'प्रेस्टिज' की वजह दिखाकर हस्तक्षेप करता है, उस समय स्वराज्य का अर्थ अमला—तंत्र के साथ जूझ जाना है। अपने हाथों अपनी ही शिक्षा का हथियार स्वराज्य है—स्वप्रकाश के पथ पर चलना स्वराज्य है, अपनी ही देशी पंचायत में अपना फ़ैसला करना स्वराज्य है। ऐसे स्वराज्य की माला को जो अपने चारित्र्यबल से स्वायत्त करता है, उसीके करगत संसार की सारी दौलत होती है; हाथों के भीतर ही इसकी चाबी है, प्रयत्न करते ही पाओगे। अपने को अक्षम समझने की भूल न करना।" जो

सबके निकट यह महामंत्र घोषित करता है, आत्म-अविश्वास का जो अरि है, जो मूर्तिमान विश्वास है, जिसने आज तक पराजय नहीं जानी, हे कवि, आज उन्हीं गांधी का जयगान करो!

हँसो मत, हे ह्रस्वदृष्टि! हँसोमत! विज्ञ की तरह मत हँसो, अविश्वासी, मूर्त्त तपस्या पर श्रद्धा रखना सीखो; अविश्वास के विष-निश्वास से प्राण छीजते हैं, विश्वास से विश्व पर विजय होती है— विद्रूप से नहीं। व्यंग-माँ, तू अपना व्यंग-वंग बखान बंद कर; टुक देख, भारत का मधुचक्र किस तरह गुंजन से मुखरित है; भौंरा भी आज मधुमक्खी हो उठा है जिसके पुण्यबल से, उसकी बात यदि कुछ जानती हो तो कह। मन कुतूहल से आन्दोलित है। यदि मालूम हो तो सुना कि मोहनदास की महादुश्मन सुराराक्षसी—बोतलस्तनी पूतना—किस कौशल से अपना मतलब सिद्ध कर रही थी; मतवाले के हाथ से बोतल छीनकर कौन तैलिक कारावास चला गया; कौन लाट अशोक की लाट को मदिरा के इश्तिहार से ढक रखता है! यदि मुझे पता हो तो बतला कि आबकारी-युद्ध का क्या फल हुआ; मद्य-जातक का क्या फिर मगध में अभिनय शुरू हो गया? अरे ओ मूढ़! तू आज केवल छल अन्वेषण करता मत भटक। छोटी-मोटी कौनसी बात कब-क्या कह दी थी, उसी का जवाब देते मत फिर। 'गोकुल' श्रेय है अथवा 'खानाकुल', इस कलह को आज रहने दे, देशव्यापी जो जीवन का ज्वार आज उमड़ रहा है उसी को देख ले। यदि बन सके तो पवित्र होकर उसी जल में अवगाहन कर ले, महान्-आत्मा महात्मा किसे कहते हैं, तनिक देख ले, पहचान ले!

इतना बड़ा विराट् आत्मा क्या कभी तूने देखा है?—देश जिसका प्रिय आत्मीय है, तब भी जो विश्वासहीन है? दूरबीन लगाकर विज्ञ लोग घोषणा करते हैं कि सूर्य के हृदयपट पर कालिमा अंकित है! क्या इससे उसके भास्वर प्रकाश का एक कण भी कम होता है? उसी कलंक को छाती में वहन करके सूर्य प्रतिदिन जगत् को आलोक से परिपूर्ण किए हुए है, प्रति देह, प्रति पुष्प में रश्मि का ऋण बढ़ाता जा रहा है, उसे प्रीति से भरे दे रहा है। हर झोपड़ी में जिसने होम-शिखा प्रज्वलित की है, हर मज़दूर-किसान को जिसने सम्मान-मर्यादा के पावन तिलक से सम्मानित किया है; कृषकों के घर-घर ज़िसने नव-पौरुष पहुँचा दिया है; जिसके वरदानस्वरूप शिल्पी का घर आज कर्म की पुलक से ओतप्रोत है, जिसके आह्वान पर तीस कोटि चित्त ने आज संवेदना दी है; देश की खतौनी में आज साधारण आदमी भी यश का अंक लिखे जा रहा है; जिसकी वाणी शिरोधार्य करके आत्मविलोपी कर्मीसंघ आज दुःसह दुःख का वरण करके चुपचाप व्रत का पालन किए जा रहा है; छात्रों के त्याग से, स्थार्थ के त्याग से, आज वायु पुलकित होकर

बह रहा है; राजभृत्य की वृत्ति के त्याग से राजपथ छायान्वित है; जिसे अपने बीच पाकर हिन्दू और मुसलमानों ने वैषम्य लुप्त कर दिया है; 'आत्मसंयम' ही 'स्वराज्य' है—ऐसा समझकर परम प्रेम का उपभोग किया है; जिसके जीवन में हज़रत मोहम्मद का धर्म-शौर्य जाग्रत् है, और बुद्धदेव की मैत्री-भावना से मिलकर जो आज नवीन सज्जा से स्फुटित है; जिसने सारे जीवन ईसा का क्रूस कंधों पर ढोया है; काँटों से भरी राह में जो विक्षत पैरों से 'सत्य'-व्रत की साधना किए जा रहा है; जिसके कल्याण से आलस्य आज चरखे को प्रणाम करके पलायमान् होता है—कबीर की संस्कृति से भारत के नगर और देहात को जो परिपूर्ण किए हुए है, जिसके स्पर्श से हर निद्रालोक की अर्गला विच्छिन्न हो गई है; तीस कोटि प्राणियों के दिल जिसके आगमन से भर उठे हैं। ओ मौजी, आज उसी का स्वागत-गान उसी की आगमनी गा, गौड़-वंग देश, आज महात्मा पुरुषोत्तम गांधी का जयगान करो—जयगान करो !!

महात्मा गांधी के प्रति

श्री बुद्धदेव वसु

हम लोग पतंग-जन्मा हैं मूषिक हैं मृत्यु के
अंधकार में पिंजरित; दुर्भिक्ष के कराल आकाश में
(हमारा) चिरस्थायी नाभि-श्वास उतरता है और चढ़ता है
हताशा की दुःसीम गुमसुम में
न दुःख है, न सुख है, न आशा है, न मनुष्यत्व है
केवल धक्धक्
धुकुर-पुकुर चलते हुए किसी प्रकार बच रहना
केवल शून्य भविष्यत् में अंकित करना
नियति काल-नेमि को अश्रु के अक्षरों में,
इसके बाद अंतिम प्रहर में
क्षीण आवाज़ में अनिश्चित ईश्वर को पुकारना।
जीवन मृत जड़ता में जीते रहना—और फिर भी जीते रहना।
इस निरन्ध्र निश्चेतनता में क्या कहीं प्राण रह गया था ?—
अबाध्य, अवध्य, इतिहास,
यह क्या उसी का आकस्मिक विराट् उच्छ्वास है ?
यह क्या किसी अलौकिक अज्ञेय सत्ता का युगान्तरकारी अवतार है ?
यह क्या सत्य है ? यह क्या सत्य नहीं है ?
जान पड़ता है हमारे जीवित मृत्यु के
दुर्गम गोपन उत्स से स्पन्दित
रक्त वहनकारी हृत्पिंड हो; या सचमुच ही

इतिहास नियति का अलक्ष्य सारथी है
या शायद हम लोग
अनंत काल के समान नित्य मरकर भी अमर हैं।
यदि ऐसा न होता
तो यह असंभव कैसे संभव होता
हम तो जानते नहीं किस प्रकार
किस दूर शताब्दी के उस पार से
प्रति दिन बूंद-बूंद करके
हमने ढाला है इस प्राणमय प्राण को,
(हम) भारत के कोटि-कोटि हिन्दू मुसलमान।
तुम हमारे वही प्राण-संचयन हो,
हमीं तुम हैं। निरन्न की, निर्बल की, मनुष्यत्व-वंचित की
सर्वग्रासी अंधकार फटकर
कब अग्नि फूट उठती है क्या कोई उसे जानता है?
हम कोटि-कोटि अचेतन हृदयों की आग्नेय कणिका
जहां पुंजित होकर जलाए है असमाप्य, अनिर्वाण शिखा को,
तुम वही आश्चर्य प्रदीप हो, प्रदीप के अपूर्व ईंधन हो,
भारत के हे प्राण-पुरुष, हमारे पाण-संचयन हो!

महामानव

श्री मोहितलाल मजुमदार

न जाने कब ऋषि के मन में तुम्हारा जन्म हुआ था—इस भारत की महा-मनीषा की तपस्या-काल में। जिन लोगों ने मानव मात्र में अभेद करके देखा था उन्होंने ही तुम्हें प्रथम बार देखा और जाना। इसके बाद तुम नाना युगों में मूर्ति धारण करके आए, मृत्यु का समुद्र मथित करके अमृतपान कराया! कुरुक्षेत्र में 'मा भैः' (मत डरो) की ध्वनि के साथ शंख बजा। प्रथम प्रेमी शाक्यसिंह का संसार में उदय हुआ! पापलिप्त पश्चिम में भगवत् कृपा ने ईसा का दान दिया! और और भी एक मरु-संतान को (उचित) दिशा दिखाई! उसी एक वाणी मूर्ति को धारण करके तुम आए! हे जीव और ब्रह्म के अभेदद्रष्टा, तुम्हारा चरण चूमता हूँ।

हे प्राणसागर, तुममें प्राणों की समस्त नदियों ने पथ के प्लावन-विरोध को समझकर विराम पाया है। हे महामौनी, तुम्हारे गहन चेतन तल में महाबुभुक्षा को तृप्त करनेवाला मंत्र जल रहा है। हे धन्वन्तरि, मन्वन्तरकालीन महामंथ से निकला हुआ अविद्वेष रूप अमृत भांड देख रहा हूँ। जगत् जन की समस्त वेदना रूपी समिधा का आहरण करके उसी ईंधन में अपने प्राणों की हवि ढाल

दी है। ललाट पर तुमने महावेदना की भस्म टीका धारण की है, तुम्हारा जीवन होम हुताशन की ऊद्र्ध्व शिखा है। शंका को हरण करनेवाले तुम आहिताग्नि के पुरोधा हो! हे यज्ञ-जीवन देवता! मैं तुम्हारा चरण चूमता हूँ।

अपने निरामय देह में सबकी व्याधियों का भार ढो रहे हो। नमस्य होकर भी तुम सबको नमस्कार कर रहे हो! चिर अंधकार को दूर करनेवाले तुम्हारे नयन प्रान्त में अंधी आँखों के अंधकार का अश्रु ढल रहा है। हे अर्द्ध-भोजन-कारी विरल वसन संन्यासी तुम सत्य संसार के नीचे आकर खड़े हो। आदि काल से लेकर अब तुम इसी प्रकार मगन रहे हो। हे महाजातक, यह जातक-चक्र कितना घूमेगा? अपने को कितनी बार यज्ञ के यूप पर बलिदान करेगा— छोटे 'मैं'-समूहों को तुम्हारे रूप से भर देगा। मैंने तुम्हें पहचाना है, तुमने युग-युग में अवतार धारण किया है। हे बोधिसत्त्व, हे बुद्ध मैं तुम्हारा चरण चूमता हूँ!

ध्यानी के ध्यान में तुम्हारा अपना आसन चिरंतन है, जिस समय तुम इतिहास में पकड़ाई देते हो वह महान् क्षण होता है। देश-देश में तुम्हारे शुभा-गमन की वार्ता फैल जाती है; तुम्हारी कहानी देवालयों और मठों में कीर्तित होती है। बाद में जिस दिन भूलकर अपने ही लिये तुम्हारे नाम का जप करने लगते हैं—नर को भूलकर केवल 'नारायण' का मंत्र पढ़ने लगते हैं, अपने मन की स्वार्थसाधना की मूर्ति गढ़ने लगते हैं—दुनियादारी के अन्धे जगत् के आनंद की अवहेला करके रत्न और भूषणों के द्वारा मिट्टी के ढेले सजाया करते हैं—जगज्जीवन मूर्ति धारण करके, हे मानवपुत्र मैत्रेय, आओ, मैं तुम्हारा चरण चूमता हूँ।

हे महान् अतीत के साक्षी, हे तथागत आओ! इस मरण शासन की मूर्च्छा से आहत पृथ्वी को देखो। हे मानवराज, काँटे का मुकुट सिर पर धारण करके आज मनुष्य का जयगान करो। हाथ के स्पर्श से महाव्याधि के भार को हरण करो—अपने आपको देखकर पुरुष और स्त्री धन्य हो जायँ। और बार तुम घर-घर पुकारते हो, 'मेरे पीछे चले आओ, भय का समुद्र पैदल ही पार कर जाओ, क्योंकि भय मिथ्या है।' हे मृतकनाथ, मरे हुओं को फिर से नाम लेकर पुकारो। इस प्रेत-भूमि में रोदन के साथ यह कैसी काटा काटी चल रही है! जितनी स्मशान भूमियाँ हैं, वे सूतिकालयों की शोभा धारण कर रही हैं—आज महादेव का नहीं—महामानव का—तुम्हारा—चरण चूमता हूँ।

धर्मवीर

श्री प्रभातमोहन वन्द्योपाध्याय

दिन सुख से ही कट रहे थे। धर्म क्या है सो अच्छी तरह ही तो समझता था, श्रद्धा सहित नित्य उसे दूर से प्रणाम निवेदन करते किसी दिन भूल नहीं

हुई। धार्मिक व्यक्तियों की चरणरेणु लेकर प्रतिदिन के स्वार्थ-द्वन्द्व म निःशंक होकर निमग्न था। जीवन आसान था।—

कि ऐसे ही समय तुम्हारी तीव्र ज्योति न जाने कैसे मेरी अंधी आँखों में अकस्मात् कहीं से आ समाई! हे धर्मवीर, तुम स्वार्थ की प्राचीर भग्न करके मत्त-झंझा के समान आ पहुँचे। करोड़-पति से लेकर दीनतम गृहस्थ को तुमने घर से ठेलकर पथ पर ला खड़ा किया। कहा: "धर्म पोथी-पत्रा, मन्दिर और तपोवन में नहीं है, रणक्षेत्र की पैशाचिक हत्या के गौरव में भी नहीं है; देशमाता के नाम पर विदेश के शोषित वैभव में भी धर्म का निवास नहीं और न शृंखलित दासत्व में ही धर्म का आवास है। मंत्र, तिथि, तीर्थ आदि साधनों द्वारा जिसे संकोच से तुमने दूर हटा रखा है, आज अपने घर के आँगन में उसे ही प्रत्यक्ष करो; उसके निविड़ आलिङ्गन में घिरकर आज धन्य होओ। अखिल विश्व के लाञ्छितों के लिये धर्म अभय का सँदेशा लाया है, आज निरन्न को अन्न देने में, अत्याचार का अवरोध करने में धर्म जाग उठा है। प्रतिदिन के कामकाज में यह सहज और सक्रिय धर्मबोध मनुष्य को मुक्ति देगा, विश्व को शांतिमय करेगा; आज उसी धर्म का दूर ही से जयगान करके नहीं चलेगा; 'जीवन में अविश्रांत कर्म के भीतर से उसे उपलब्ध करना होगा।"

मैंने अविश्वास से कहा; 'कभी यह भी संभव हुआ है' उत्तर मिला 'परीक्षा कर देखो न।'

सारे देश में संवेदन जाग उठा। पंडितों ने व्यंग्य की हँसी हँसकर कहा: "ऐसा भी हतभागा आया है जो धर्माचरण-द्वारा देश को मुक्ति देने चला है।" किन्तु देश के अंतस्तल में स्वार्थान्ध के सुख-सपनों का नाश करनेवाली धर्म-मूर्त्ति जाग उठी। कोटि-कोटि विक्षुब्ध-विवेक से उसकी पूजा-आरती हुई!!

हाय, आज कौन बताएगा कि जो होमाग्नि प्रज्वलित की गई, जो साधना अभी शुरू हुई है, उसकी पूर्णाहुति कब होगी? कौन कहेगा कि सिद्धिलाभ कब होगा!!

महात्माजी के प्रति

चपलाकांत भट्टाचार्य

जिस दिन पंजाब की भूमि में पिशाच ने रक्त की होली खेली उस दिन साबरमती के आश्रम में तुम्हारा ध्यान भंग हुआ, तुम वहाँ से बाहर आए और देशवासियों का अपमान अपने वक्षःस्थल में ले लिया, तीस कोटि प्राणहीन कंकालों में जीवन भर दिया। उस दिन जिस निर्घोष को सुनकर हम सहसा जाग उठे थे वह अब भी कानों में लगा हुआ-सा लग रहा है।

बंगला

असहयोग का रूप धारण करके तुम्हारे रोष की वह्नि-शिखा भारत में छा गई, उससे प्रबल शासन-शक्ति काँप उठी। तुमने दिखा दिया कि हिंसा-विहीन युद्ध में कितनी शक्ति है। जाति को तुमने कठोर व्रत की दीक्षा दी—वह दिन क्या भूल सकते हैं ?

सहसा तुम्हें कारागार की दीवारों ने रुद्ध कर दिया, संगी साथी अपने अपने कामों पर लौट गए। जब तुम बाहर आए तो देखा कि जाति लाञ्छना और अपमान को सहती हुई सो गई है। दिल्ली से लेकर कोकनद तक के उपप्लव के वेग से गांधी का नाम डूब गया है। निष्फलता की हताशा का दलन करके सब विरोधों का ज़हर पीकर, सबको शान्ति देकर तुम चुपचाप अपने आश्रम को लौट गए।

हाय, इसके बाद का इतिहास पतन की कालिमा से पुता है। नवीन सहयोग का अभिसार बार बार खंडित हुआ है, तो भी वे लोग उससे चिपटे पड़े हैं, लौटने का उनमें साहस ही नहीं है। तुमने जो जीवन का वेद सिखाया था उसे वे भूल गए हैं। तुमने क्लान्त नयनों से उन लोगों की ओर देखा जो अबोध दम्भ से मत्त होकर राष्ट्र चालना का भार लिए हुए हैं। हे तापस सेनापति, आओ तुम्हारी देश और जाति डूबने जा रही है, क्या अब भी तुम्हारे नेतृत्व ग्रहण करने का समय नहीं आया ?

तुम्हारा शरीर टूट गया है। पर उसी के साथ क्या तुम्हारा मन भी टूट गया है ? क्या सब साथियों ने प्रण छोड़ दिया तो तुम भी छोड़ दोगे ? फिर हम किसकी आँखों की ओर देखकर पथ का आलोक पाएँगे—विशेषकर उस समय जब चारों ओर काला अंधकार घुमड़ आया है ? तुम धरणी के भार को वहन कर रहे हो, यदि द्विविधा में पड़कर तुम्हारा चरण टल गया तो वसुंधरा टलमला जाएगी।

गान्धी महाराज

श्री यतीन्द्रमोहन बागची

सम्मुख पथ पर विपुल बल लेकर वह कौन जा रहा है—उदार, धीर, अत्यंत गंभीर—जिसकी पलकें नहीं झिपतीं; सरल पथ पर, सहज भाव से—समान ऋजुगति से चलता हुआ—वह न दाएँ रुकता है न बाएँ—न लाभ गिनता है न हानि। व्यथित जनों के शोक और अभाव में, उनकी सेवा में ही जिसका मन नियोजित है; दीनों के लिये झरती आँखों से आँसू बरसाता हुआ जो प्राणों की बाज़ी लगा देता है, दूसरों के लिये सर्वस्व त्यागकर जो भय और लाज भुलाए हुए है,—

वह कौन है ?

पवन हाँकती हुई कहती फिर रही है; गांधी महाराज !

भारतवासी—गृही और किसान किसका मुँह देखकर नवीन बल से मत्त होकर आशा का गान गाते हुए चल पड़ते हैं; कुली और मज़दूर अभाव को भूलकर किसके जयगीत को सुनकर मन-प्राण-जीवन बलि देने का संकल्प दृढ़ करते हैं; धनी-मानी, गुणी-ज्ञानी, दरिद्र और गृहहीन सभी किसके निकट शरण माँगते हैं—शृण को शोध नहीं पाते—नेत्र उठाकर निखिल जगत् किसे नमस्कार कर रहा है ?

देशमाता के कण्ठहार—गांधी महाराज को।

जो दूसरों से आशा नहीं करता—अपने ही पर निर्भर है; चित्त जिसका शांत सुसमाहित है, शुद्ध जिसका कलेवर है, सरल-वास, सरलभाषा, सत्यपथगामी—वह कौन है, जिसका चित्त अहर्निश देश की हित-चिंता में ही सन्निविष्ट है ?

विरोधी भाइयों को माता के चरणों के निकट अपने ही घर बुलाकर, सबका आह्वान करके मिलन की राखी, अशेष ममता के साथ किसने बाँधी है ?—हिन्दू आज मुसलमान को अपनी छाती से लगाता है, असाध्य आज किसके संकल्प से साधित हुआ है ?--गांधी महाराज के। वह कौन है जो बेमेल को हँसते-हँसते मेल के छंद में बाँध देता है, अचल को चलमान कर देता है; किसका चित्त शत्रु को जीतनेवाला है, अस्त्र हृदय का बल है; मृत्यु की व्याधि में असहयोग की निदान--विधि किसकी है जो देश के प्राणों में अस्तित्व का अधिकार लौटा लाती है;—जिस अस्तित्व का अर्थ सभी स्वाधीन देशों का जाना हुआ है, नवीन पथ पर नवीन रथ में जिसकी यात्रा हँसते-खेलते संपन्न होती है; जिस अस्तित्व का अर्थ, विधाता को मालूम है, अमृत लोक में ही प्रतिष्ठित है। यह वाणी मंत्र हमें किसने सिखाया ?—गांधी महाराज ने !

गांधीजी का मृत्यु-प्रण

श्री सजनीकान्त दास

स्वर्ग और मर्त्य में आज रस्साकशी चली है। इस लोक और परलोक में एक मनुष्य को केन्द्र करके प्रचंड संग्राम छिड़ गया है। प्राणवान् प्राणी ने प्राण की बाज़ी लगा दी है, विचार चला है ऊर्द्ध्व लोक में कि उस प्राण का दाम कितना है। युग-युग में जिनका इतिहास 'जन्म और मृत्यु' है काल-वारिधि के तट पर जिनका अस्तित्व बालुका के समान है—आए और चल पड़े, मुहूर्त भर के जो बुद्‌बुद् विलास हैं उन्हीं में से एक के लिये मृत्युदूत आज संशय के चक्कर में पड़ गया है ! वह क्या केवल देहमात्र है ? वह देह-हीन आत्मा भी नहीं है ! उसका परिचय सिर्फ़ यह है कि वह मानवी के गर्भ का संतान है इसीलिये विश्व-मानव की धात्री धरणी आसन्न विरह से आँसू पोंछ रही है; उसकी नाड़ी में एक खिंचाव आ गया है। देवता ऊपर पुकार रहे हैं,

आओ आओ हे महान् आत्मा, प्रशान्त नयनों को बंद करके जो देख रहा है मनुष्य के बालक को—रस्साकशी चल रही है; स्वर्ग और मर्त्य का व्यवधान घट रहा है, पृथ्वी हँसकर और रोकर कहती है कि यह आत्मा सिर्फ़ मिट्टी ही में मिलती है। बीच में बैठा हुआ है स्तब्ध ध्यानरत महामानव; उसके मुख में प्रेम और बिदाई की हँसी लगी हुई है, स्वर्ग की पुकार नहीं है, रुक गया है आत्मा का कलरव, यह कहकर नहीं जा सकूंगा कि इस पृथ्वी को मैं प्यार करता हूँ। देहहीन देवता लोग देही को आशीर्वाद कर रहे हैं, आनन्द से त्वरित हो रही है धरणी की स्तन्य दुग्ध-धारा—आत्मा पृथ्वी पर ही रह गई; स्वर्ग और मर्त्य का विवाद मिट गया, मृत्यु को जो झकझोर दे वह देह नहीं, आत्मा का कारागार है।

आत्मा का आत्मीय गांधी

श्री सावित्रीप्रसन्न चट्टोपाध्याय

उस समय इस दुर्भाग्य-ग्रस्त भारत के वक्षस्थल में दुःस्वप्न जाग्रत हुआ था, भयविचलित चित्त में अविराम संशय जग रहा था, उसका मनुष्यत्व का मान हत हो गया था, इतिहास कलंकित था, गोपन गुहा में दिन रात हिंसा का षड़यन्त्र चल रहा था। जाति की बंधन-व्यथा, बंधन-शृंखला का निष्ठुर पीड़न, कुबड़ी पीठ पर कोड़े की मार, लज्जाहीन दुर्बल-दलन चल रहा था, विक्षुब्ध मन के कोने में विद्रोहाग्नि सोई हुई थी। ऐसे ही समय में इस पुण्य-भूमि में तुम तपस्वी वेष में दिखाई पड़े। देश विच्छिन्न विध्वस्त था, चारोओर अपने ही आदमियों में संग्राम छिड़ा हुआ था, उसी की कदर्य छाया तुम्हारे चिन्ता-आकाश में आ जमी, दुश्चिन्ता की वाणी रेखा भ्रूकुंचन मात्र के कट गई। जैसी ही तुम्हारी गभीर दृष्टि थी वैसा ही उदात्त था कंठ-स्वर। नूतन करके तुमने स्वदेश समाज को गढ़ने के लिये एक एक व्यक्ति को पुकार कर अहिंसा का नवीन मंत्र सुनाया, क्षुर-धार के समान तीक्ष्ण है तुम्हारी बुद्धि; युक्ति और तर्क के तुम बड़े पंडित हो, सुदूर प्रसारी है तुम्हारा मन, करुणा से कोमल है तुम्हारा हृदय। धर्म-धर्म में मारामारी, आचार-विचार का झगड़ा, संस्कार का मोहजाल, छूतछात का मान-अपमान, मंदिर का देवता बड़ा है और बाहर का मनुष्य छोटा, उसी मनुष्य को तुमने अपना उदार हृदय फैलाकर छाती से लगा लिया। मनुष्य के महत् धर्म में इस महाभारत को तुमने दीक्षा दी, स्वयं धर्माचरण करके अभिनव प्रेम का प्रचार किया, तुम्हारे हृदय में स्वदेश-लक्ष्मी का निवास है, नयनों में उदार धरातल है, समस्त साधनाओं के ऊपर मनुष्यत्व के जगाने का व्रत है। तुम्हारी कीर्ति ने तुम्हारा स्मरण-सौध निर्माण किया है। इस अनात्मिक देश में हे महात्मा गांधी, तुम आत्मा के आत्मीय हो।

सबके अर्चनीय और प्रातःकाल और संध्या समय स्मरणीय हो, मैं तुमको प्रणाम करूँगा वहाँ, जहाँ नियति फूल होकर झड़ा करती है।

महातपा—

श्री निर्मलचंद्र चट्टोपाध्याय

तप के तड़ित्-सूत्र से श्रेय और प्रेम को किसने एक में बाँध दिया है? किसने अमोघ मित्रता के मंत्र से वक्ष में चांडाल को लगा लिया है? किसके निर्मल ध्रुव नेत्र में निर्मल मित्रता जग रही है? निर्निमेष दृष्टि से आज भारत को कौन देख रहा है?—गांधी महाराज।

किसके अस्थिशीर्ण शरीर में दृढ़दीप्ति चमक रही है? और अपनी कृशता से कौन सुंदर लग रहा है? सर्वस्व त्याग के प्रण में कौन गुजरात का शंकर कटि में वस्त्र मात्र धारण करके दरिद्रों का पोषण कर रहा है? परजीवी श्रमिकों की लाज कौन रखे हुए है?—गांधी महाराज!

क्लीव और लक्ष्यहीन प्राणों में किसकी वाणी तिल तिल में अग्नितेज का संचार कर रही है? आज शृंखला की कड़ियों में बंदीगण किसकी वंदना गा रहे हैं?—सोये हुए चित्त में किसकी वाणी आज ऊँचे स्वर से बज रही है?—गांधी महाराज की!

'क्रोध को अक्रोध से जीतो, अप्रेम को प्रेम से जीतो' यह कहकर वेदना के विष से दग्ध मानव को किसने हृदय से लगा लिया है? अनन्त निग्रह और मानवों के कल्याण के यज्ञ में उसकी शक्ति अप्रहत है। मानव की मूर्ति जो धारण किए है वह गांधी महाराज हैं।

गांधीजी—

श्री विजयलाल

बर्बरता ने विज्ञान को दासी बनाकर रक्त की धारा दिगन्त में फैला दी है। मृत्यु का शासन पृथ्वी को आच्छन्न कर चल रहा है। न्याय के आसन को शक्ति ने आकर छीन लिया है।

प्रकाशहीन, आशाहीन, शताब्दी के कानों में तुमने प्रेम पत्र दिया। तुम्हारे आह्वान में वही प्रेम—संसार में जो बिलकुल निर्भय, वीर्य की अग्नि में जो चिर दीप्तिमय।

तुमने जाति को मृत्युमंत्र से दीक्षा दी है—प्राण—वह तो मरने के ही लिए हृदय फाड़कर आता है। मनुष्य को प्यार करते हो, तभी तो साम्यवादी हो।

जहाँ शोषण है, तुम जानते हो, प्रेम वहाँ नहीं। तुम्हारा स्वराज सर्वहाराओं के लिए है; तभी तुम गांधी महाराज हो।

महात्मा गांधी

श्री विवेकानन्द मुखोपाध्याय

सोते हुए मनुष्य ने मानो समुद्र का गर्जन सुना—बहुत दूर की शताब्दी निपीड़ित आत्मा की वेदना, लाख लाख जीवन का संचित विपुल क्रन्दन, उसी के साथ मानों अकस्मात् अंधकार में पहचान हुई।

गांधीजी ने आह्वान किया है—सत्याग्रही रास्ते पर निकल पड़े—कौन है जो लांछना का वरण करके लांछना को जीतेगा? कौन है जो आज भारत की स्वाधीनता के व्रत में अपनी आहुति देगा? जेल, जुर्माना फाँसी का तख्ता कुछ भी नहीं है, कुछ भी नहीं है।

हे मानव मुक्ति के दूत, महात्मा गांधी महाराज तुम्हारी पताका के नीचे भारत का नया जागरण हुआ है। गाँव-गाँव, घर-घर में कोटि-कोटि मनुष्यों के चित्त में नवीन युग के लिये एक अव्यक्त गुंजन (आरंभ हुआ है)!

यह लज्जा, अपमान, दासत्व का यह जो स्खलन है, शताब्दी से चला आता हुआ यह जो निष्ठुर शोषण है, वह अब सहा नहीं जाता, इसीलिये तुम्हारे आह्वान से प्राण-पद्म चंचल हो उठा है। ऐसा लगता है कि मुक्ति का आलोक अब अधिक दूर नहीं है। तुम उसी आलोक के वार्त्तावाही महान् तापस हो, भारतवर्ष का यह प्रेमस्निग्ध अर्घ्य ग्रहण करो।

ये संत सुजान गांधी जी!

श्री अरदेशर फराम जी खबरदार

अन्धकार के दुर्ग को तोड़कर एक अमूल्य उज्ज्वल किरण आई है। मरुस्थली की धधकती हुई बालुका से भी रस से ललित अमृत-निर्झर फूट पड़ा है। दशों दिशाओं के लोचन मिंचे जा रहे हैं। मनुष्यों के तन और मन अंदर अंदर कलप रहे थे, भारत का हृदय ग्लानि में डूबा जा रहा था, इसी समय में प्रभु की वाणी अवतीर्ण हुई। इस परम वाणी को कौन लाया? उसे तो यह सुजान संत गांधीजी लाए हैं, गांधीजी लाए हैं, जो कि नवभारत के प्राण हैं!

जीते हुए भी मृत-समान देहपंजर भारतभूमि में यत्र तत्र घूम रहे थे, जिनमें पूरी श्वास लेने की भी शक्ति नहीं थी। शीत में उनके गात थर-थर काँपते थे। जब माँ के केश खींचे जाते थे, तब उसके पुत्र हिंसा के भय से भटकते फिरते थे। भाई भाई लड़ रहे थे! ऐसे विषम समय में व्योम और वसुधा का संधान किसने किया—किसने ज़मीन आसमान एक कर दिखाया? किसने सबमें प्राणों का संचार किया? वे तो सुजान संत गांधीजी हैं, बापूजी हैं, नवभारत के प्राण गांधीजी हैं!

मरी हुई मिट्टी में चैतन्य का संचार हो उठा! पाषाण-हृदयों में फूल खिल उठे। हिम-संतति में ज्वालाएँ जाग उठीं और धूलि में सुवर्णरज

चमक उठी। प्रस्तर की प्रतिमा भी चलने लगी। स्थाणु (ठूँठ) में पल्लवों की डाली फूट निकली। प्रत्येक जन के मन में फिर से नव आशा उदित हो उठी। यह सब किसका चमत्कार है? यह तो संत सुजान गांधीजी का प्रभाव है, प्यारे बापूजी की महिमा है, जो कि नवभारत के प्राण हैं!

वीरता का वास तलवार में नहीं होता, न शूरों के समूह में बसती है। सच्चा वीरत्व तो हृदय में वास करता है—इस सच्ची गाथा को सब सीख गए हैं—हृदयङ्गम कर पाए हैं। मृत्यु में नव-जीवन का संचार हुआ। जीवन ने नवचैतन्य पाया है। किसके पावन हाथ से मरकर जीने का यह नवीन मंत्र प्राप्त हुआ? जीवन-रस का यह उपहार किसने प्रदान किया? संत सुजान गांधीजी ने यह रस उपहार दिया है, जो कि नवीन भारत के जीवनप्राण हैं!

आकाश में तारकावली की तरह सत्य, अहिंसा और स्नेह के मर्म प्रकट हुए और मानव अपने देहबल से समस्त संसार के संकटों को वहन करने के लिए तैयार हो उठा है। हे बापू, तुमने कुंदन को नई नई भट्ठियों में तपा तपा कर तेजोदीप्त बना दिया है, उसका सच्चा मूल्याङ्कन करवाया है। अपने आत्म-बल का चमत्कार दिखाकर तुमने पशुबल को तिरस्कृत कर दिया है। वस्तु को इस गहराई तक किसने निहारा है? सुजान संत गांधीजी ने, संत बापूजी ने, जो कि नूतन भारत के प्राण हैं!

हरिजनों में जाकर हरिजन बन गए और सुरजनों में सुरजनों के राजा हो गए। कोटि-कोटि हृदयों के आप विश्रामदाता हैं! लाखों की लाज के रखवारे आप हैं। जगती के पाप-तापों को तुमने अपने माथे पर उठाया है, और संसार पर अपने हाथों से तुमने अमृत का अभिषेक किया है। स्वयं आधे अंग नग्न रहकर काँपते हुए दलित-समाज को तुमने ढाँक दिया है। ऐसे प्यारे बापू के कार्यों का माप कहाँ मिलेगा? जो कि संत और सुजान हैं और नवीन भारत के प्राण हैं!

मुट्ठी भर अन्न से पेट भरकर जो टूटी फूटी खटिया पर सो रहते हैं, ऐसे मानव बान्धवों के हित के लिए जिसका हृदय सदा धक्धक् करके जलता रहता है। गहरी वेदना के कारण जिसके हृदय की चिनगारियाँ, आकाश की तारिकाओं की तरह उड़ती रहती हैं। जगत् के सामने भारत-रक्षक बनकर यह कौन विराट् आत्मा खड़ा है? यह किसका अवतार है? ये तो सुजान संत गांधीजी हैं, नवभारत के प्राण रूप बापूजी हैं!

यह तो युग-युग का अमर योगी है। यह युग-युग का नव अवतार है। ये तो भारतजनों के प्यारे बापूजी हैं, रंकों के एकमात्र आश्रय गांधीजी हैं। इनका किया हुआ कौन कर सकेगा? इनका किया हुआ कैसे गाया जा सकेगा। हे पुण्य परार्थी, सत्य का टंकार करते हुए युग-युग तक जीते रहो। सदा विश्व का मंगल साधते रहो। तुम संत और सुजान हो, हमारे पल-पल के प्राण हो, हे बापूजी!

अन्तिम कटोरा

श्री झवेरचन्द्र मेघाणी

हे बापू, विष का यह अंतिम कटोरा है, इसे पी जाओ, । सागर पी जाने-वाले हे बापू, इस अंजलि को ढुलका मत देना !

हे बापू, अब तक तुम अपने जीवन को अक्षय विश्वास के साथ वहन करते आए हो। तुम्हारा जीवन धूर्तों और प्रपंचियों का भी साथ देता रहा है। वह जीवन शत्रु की गोद में जाकर भी सुख से सोता रहा है। हे बापू, अब इस अंतिम तकिए पर अपना सिर सौंप दो। शत्रु भले ही तुम्हारी ग्रीवा काट ले। हे बापू, शत्रु के मन की थाह अवश्य मापकर आना !

सुर और असुर मिलकर नवयुग के सागर का मंथन कर रहे हैं। रत्न के लोभी जनों को विवेक नहीं है। हे बापू, तुम्हारे बिना ऐसा कौन है जो शंभु बनकर विष पान कर जाए। गरल को हृदय तक निगल जाने के लिए हे बापू, शीघ्र प्रयाण करो। हे सौम्य-रौद्र, और हे कोमल--कराल बापू, जाओ।

संसार पूछेगा, क्या जोगी के योग खुट गए ? क्या समुद्र सूख गए और मेघ का नीर समाप्त हो गया ? क्या व्योम के सूर्य और चन्द्रमा का तेल समाप्त हो गया ? हे बापू, हमारे दुःखों को देखकर अटक मत जाना। आज तक बहुत सहा है, आगे और अधिक सहेंगे। पर हे बापू, विचलित मत होना !

चाबुकों के प्रहार, जब्तियाँ, जुर्माने, लाठियों की मार, कारागारों के जीवित-से क़ब्रस्तान, और गोलियों की वर्षाएँ—ये सब तो समाप्त हो गए। इन सबको हमने पी लिया है। हे बापू, तुमने हमारे फूल-से कोमल हृदयों को लोहे से बढ़कर सुदृढ़ बना दिया है !

कोई हर्ज नहीं। यदि तुम वहाँ से गुड़िया भी लाओ या न लाओ। भले ही तुम खाली हाथ आओ। तो भी हम तुम्हारे हाथ का चुम्बन करेंगे। तुम्हारी ग्रीवा में हम अपनी प्यारी भुजाएँ डाल देंगे। हे बापू, ज़रा दुनियाँ के द्वार पर ही आओ। और समवेदना के संदेशे देकर आओ हे बापू !

हे बापू, यदि तुम वहाँ न गए तो संसार उपालम्भ देगा कि आत्मज्ञानी नहीं आया। वह कहेगा कि अभिमानी अपनी पोल जान गया है, अतः आया नहीं। वह कहेगा कि देख लिया हमने उसका विश्वप्रेम। वह विश्वप्रेम नहीं जानता है।

हे बापू, मानव जाति रोगी होकर आकुल व्याकुल हो रही है। हे बापू, वह तुम्हारे समान वैद्य की चिकित्सा पाने के लिए तरस रही है।

हे बापू, मस्त साँड को नाथ डालने के लिए जाओ। विश्वहत्या पर जल छिड़कने के लिए हे बापू, जाओ। सात सागर पार सेतु रचने के लिए हे बापू, प्रयाण करो। हे बापू, घनघोर वन की राह को प्रकाशित करते हुए जाओ !

विकराल केसरी की थपकियाँ देते हुए चलते जाओ ! हे बापू, प्रयाण करो, भगवान् तुम्हारे पथप्रदर्शक हैं। विष का अन्तिम प्याला पीकर प्यारे बापू, आ जाओ।

फूल पाँखड़ी

श्री ज्योत्स्ना शुक्ल

इस उदात्तचेता महापुरुष गांधी में देवत्व का आरोपण करके इसके आगे धूप-दीप रखना मुझे पसंद नहीं है। ऐसा शुष्क पूजन मैं नहीं करूँगी। वंदन और जय-घोषणाएँ भी मुझे रुचिकर नहीं हैं, ये सब कृतिहीन हैं।

कृष्ण और ईसा मसीह से इसकी क्या तुलना करूँ ? यह तो अतुल है, अनुपम है। रक्तप्यासे इस विश्व में अकेला यही मानव मेरी पूजा का अधिकारी है !

सदा जागरूक रहनेवाला यह प्रेरणा से परिपूर्ण होकर, भारतभूमि में प्रदीप्त हो रहा है। पृथ्वीरूपी सरोवर के मलिन जल में प्रफुल्लित कमल की तरह यह शोभित हो रहा है।

वन्दनाएँ, जप निनाद, निंदा, स्तुतिपुष्प और कटु-प्रहार इसको स्पर्श नहीं कर पाते हैं। यह दिव्यात्मा उनसे विचलित होनेवाला नहीं है। इनको सुनकर भी वह तो सूर्य का सा निर्मल हास्य बिखेरता रहता है।

शोणित से सने हुए जगत् को बचाने के लिए, इस सृष्टि की पशुता को मिटाने के लिए, और दानव को मानवता सिखाने के लिए, यह भव्य योगी उग्र तपश्चर्या कर रहा है।

इसकी यह विमल मानवता मुझे प्यारी लगती है। इसकी निर्लेप तपस्या मुझे पसंद आती है। मैं चाहती हूँ इसे निहारती रहूँ, इसका चिंतन करती रहूँ। अपने प्राणों में उसे बसा लूँ। इस मानव के सामने नम्र हो जाऊँ।

चेतना का क्या सुंदर निर्भर भर रहा है। इस निर्झर में बिन्दुरूप होकर मिल जाने की मेरी अभिलाषा होती है। विश्व के उद्धारकर्त्ता इन गांधीजी को सक्रियता की पुष्प पंखुड़ी अर्पित करना मुझे अभीष्ट है !!

विश्वयज्ञ

श्री सुंदर गो० बेटाई

हिंसा की अग्नि ताड़का राक्षसी की तरह अपने तीखे दाँत कटकटा रही है। विकृत आकृति बनाकर क्रोधाग्नि को प्रज्वलित कर रही है। अपना भान भूलकर वह यत्र तत्र सर्वत्र घूमती फिरती है। अहो, उसे रक्त की कैसी पिपासा है ? हाड़-मांस की कैसी अद्भुत क्षुधा उसे लगी हुई है ? परन्तु क्या द्वेषाग्नि की ज्वाला इस प्रकार शांत हो सकती है ?

मातृ-स्वातन्त्र्य का पवित्र मंत्र लेकर अनेक वीर पवित्र जीवन का उपहार हथेली में लिए खड़े हुए हैं। युद्ध में उनके मस्तक, हाथ-पाँव, संधि-बन्ध और अस्थियाँ टूट रही हैं। इनकी उन्हें कुछ चिन्ता नहीं। सिर भले ही चला जाय। देह की मिट्टी भले ही मिट्टी में मिल जाय परन्तु घाव का प्रतिकार घात से नहीं करना, यही उनकी टेक है। अपने प्राणों को अर्पण करते हुए परम प्राण की ज्योति का जगाना ही उनका ध्येय है।

वह देखो, उग्र हिंसा की अग्नि भड़क रही है और वहीं पर दुर्बल देहयष्टि-वाला परंतु विपुल आत्मशक्तिवाला एक मानव खड़ा है।

वह अपनी परम सात्विक, सकलस्पर्शी और गहरी दृष्टि से दशों दिशाओं को निहार रहा है और अंधकार के दुर्ग को तोड़ता हुआ चला जा रहा है।

प्रतिक्षण चैतन्य की सतत ज्योति को निहारता हुआ वह असंख्य मानवों को अभय दान दे रहा है।

बंधुओ, इस विश्वयज्ञ में प्रिय की प्राण की और सर्वस्व की आहुति देकर ऐसी उग्र साधना को साधकर, विश्वशांति को प्राप्त करना!

माया, ममता और भीरुता अनेक प्रकार के भय दिखाती है। परन्तु एक बार कमर कसकर उठे हुए वीर विश्राम नहीं लिया करते! कीर्ति के कांचन में मिली हुई श्यामता को वे तीव्र आँच में तपा तपाकर परिशुद्ध करते हैं।

यह तो बंधन और मोक्ष का महाविग्रह प्रवर्तित हो रहा है। विश्वदेव, हे महाकाल, उस पर आप अपने अमृत का अभिषेक करना!!

नाखुदा

श्री स्नेहरश्मि

सागर की सपाटी पर नौका वेग से बहती जा रही है। लहरों की मधुर ध्वनि आ रही है। ऊपर चन्द्रतारिकाएँ मधुर गान गा रही हैं। नन्हे-नन्हे बाल-वृन्द खेल कूद मचा रहे हैं। जहाज़ के फ़र्श पर यात्रीजन भी आनन्दपूर्वक इधर उधर घूम रहे हैं। किसी के मन में कोई चिन्ता नहीं है। सभी के हृदयों में सुरम्य स्मित लहरियाँ विलस रही हैं।

परन्तु ज़रा उस क्षितिज की ओर निहारो। वह देखो एक श्यामल घटा उमड़ती आ रही है। समुद्र पागल सा होकर सहसा ताण्डव नर्तन करने लगा। ज्योत्स्ना रानी विलीन हो गई! वे उज्ज्वल हास्य विनोद शान्त हो गए! एक पलक भर में सारा दृश्य बदल गया। भीरु जन काँपने लगे! सर्वत्र भय का राज्य छा गया!

परन्तु वह देखो, पतवार के पास वह माँझी सौम्यरूप में पर्वत सा अचल खड़ा है। अकेला, धीर गंभीर, स्थिर और अडिग वह कर्णधार खड़ा है। सदा समस्वर रहनेवाला वह अविचल है। उषा-संध्या और अहोरात्र उसके लिए समान है।

वह सदा जागरूक है, मानो समस्त विश्व को वह एक ध्रुव में ही निहार रहा है।

हे भव्य वृद्ध बापू

श्री हरिहर प्रा० भट्ट

भारतभूमि के लिए—नहीं नहीं समस्त संसार के लिए—आज का दिन कितने सौभाग्य और आनंद का है। आज विश्ववंद्य संत गांधीजी की जन्म-जयंती है। संसार के इतिहास में इतने सुदीर्घ समय तक इने गिने संतजनों की देह-यष्टि टिक सकी है। जिस संत के कारण विश्व में भारत का मस्तक उन्नत बना हुआ है, उसकी आज जयंती है। दीन भारतवर्ष के कष्ट-हर्त्ता हैं वृद्ध बापू, आप शतवर्ष तक जीवित रहो।

कविवरो आओ, हे दिव्य गायको पधारो, हे कलाकारो पधारो! कई सदियों तक तुम्हें अपनी कला को सँवारने के लिए ईश्वर के अतिरिक्त ऐसा उत्तम अन्य कोई विषय मिलनेवाला नहीं है। हमारे कला-विहीन जीवन किस काम के हैं? जिस बापू की जीवनकला समस्त कलाओं को प्रेरणा देती है उसकी वंदना करो। सत्य-सौंदर्य के भक्त हे वृद्ध बापू, हमारे जीवनों को प्रेरणा देने के लिए आप शत संवत्सर तक जीते रहो।

भगवान् बुद्ध और महावीर स्वामी ने जगत् से दूर रहकर अपने धर्मजीवन में प्रेमपंथ का प्रदर्शन किया था। जगत्-समुदाय में और राज्य के कार्य में उनका वह संदेश अधूरा रहा था। परन्तु हे वृद्ध बापू, तुमने जीवन के समग्र अंगों में प्रेमतत्व की कार्य-घोषणा कर दिखाई है। इस उदात्त तत्व को हमें सिखाने के लिए, शाश्वत प्रेम से पूरिपूर्ण हे भव्य वृद्ध बापू, तुम शतवर्ष जीते रहो।

महात्मा गौतम बुद्ध ने बोधिवृक्ष की छाया में विश्व के लिए महासंस्कृति भेजी थी। इसीप्रकार ईसामसीह ने क्रौस पर चढ़कर अपनी माया द्वारा एक महासंस्कृति भेजी थी। आज साबरमती नदी ने पावनतीर पर हे बापू, आप भविष्य के लिए एक विश्वपोषा महासंस्कृति का नवसर्जन कर रहे हो। उस संस्कृति का प्रवाहपूर अभी दूर है। उसे लाने के लिए हे विश्व के प्यारे बूढ़े बापू, सौ वर्ष तक जीवित रहो।

हे बापू, तुम भौतिक देह की भूमिका से ऊँचे हो, बौद्धिक धरातल से भी ऊँचे हो। तुम आत्म-बल के धरातल पर भ्रमण करते हो। तुम बौद्धिक-दृष्टि के क्षितिज से परे सत्य का क्रान्त दर्शन करते हो। आपकी दुर्बल देह मुट्ठी भर अस्थियों पर टिकी हुई है। आत्मबल के न जाने कितने अद्भुत चमत्कार अपने दिखाए हैं। विश्व में उस आत्मशक्ति को भरने के लिए, दिव्य भारत के हे भव्य वृद्ध पुरुष बापू, तुम शतवर्ष तक जीते रहो।

मृत्यु का यात्री

श्री उमाशंकर जोशी

गिरगिट प्रथा को दूर करने के लिये दक्षिण आफ्रिका में गांधी जी ने सत्याग्रह किया था। उसमें आठ मज़दूरों पर गोलियाँ चलाई गई थीं। उनमें से एक मज़दूर की विधवा स्त्री 'गांधी राजा' के चरणों में गिर-कर विलाप करती है। इस प्रसंग को इस काव्य में चित्रित किया गया है। वह बेचारी गांधी राजा से अपनी करुण कहानी कहने आई थी। उसके दिल पर न मालूम क्या गुज़र रही थी कि वह 'अरे! गांधी राजा!' के सिवा कुछ भी नहीं बोल सकी। उसकी वाचा काँप उठी, गला भर आया। उसकी आँखों से मूक वाणी के रूप में टप टप आँसू टपकने लगे। गांधी के चरणों में उसने अपना सिर रख दिया। गांधीजी की आँखें मूँदी हुई थीं। उनके दिल में भी एक बड़ी भारी हलचल मची हुई थी। इस वक्त का दृश्य मानों, भग-वान् बुद्ध, अर्ध विकसित आँखों से चरणों में गिरी हुई प्रेमार्द्र सुजाता को देख रहे हों, ऐसा लगता था। अभी इतिहास के पृष्ठों पर लिखे हुए रक्त के लेख सूखने भी नहीं पाये थे कि गांधीजी ने अहिंसा रूपी अमृत से सींचे हुए शब्दों से एक नया पृष्ठ लिखना शुरू किया। गिरगिट प्रथा से भारतीय मज़दूरों की रक्षा करने के लिये उन्होंने आफ्रिका में सत्याग्रह शुरू किया। अनेक कष्टों को सहन कर, शत्रु का हृदय परिवर्तन किया। गांधी के उस नये युद्ध ने एक वीर हृदय युवक की बलि ली। उस युवक की तरुण विधवा आँखों में आँसू भरकर गांधी के चरणों में गिर पड़ी। उसके मुख से केवल इतने ही शब्द निकले, "अरे! गांधी राजा"। गांधी के चरणों की धूलि पर उसका सिर सुहाने लगा। उसकी आह से उनके पैर जलने लगे तथा वे आँसू से भींगने लगे। इतना ही नहीं, उनका हृदय भी द्रवित हो गया। अभी तो वह वीर नर-जीवन में खेले जानेवाले सैकड़ों युद्धों के द्वार पर खड़ा था। अभी उनके दिल में न मालूम कितनी लड़ाइयाँ लड़ने की तीव्र अभिलाषाएँ थीं, अभी उनके हृदय में सारे संसार को आवृत कर देनेवाला प्रेमपूर्ण रूप से प्रकट भी नहीं हो पाया था कि ऐसी एक करुण कुरबानी उनके समक्ष हो गई। उनके दिल में एक बड़ी भारी उथल पुथल मच गई। सारे हृदय के गहरे मंथन के बाद उसके मुँह से निखरी हुई वाणी निकलने लगी। "अरे बहन! तू रो मत। तू अपने पति को मरा हुआ न मान। वह तो सब लोगों की आज़ादी के लिये मरा है। वह अमर हो गया।" इतना कहते कहते गांधी जी का गला भर आया। उन्होंने अपने हाथ से उसे उठाया। उसके कंधों पर उस महापुरुष का स्नेहार्द्र कर आ गया। गांधीजी की वेदनापूर्ण आँखों में आँसू आ गये, मानों दुनिया के दुःख का सारा जल इन दो नयनों में आकर इकट्ठा हो गया हो। वाचा स्थिर थी।

आँसू भी स्थिर हो गये थे। सहसा गांधीजी के मुँह से ये शब्द निकल पड़े—"हे बहन! तेरे समान ही हिन्द की कितनी ही स्त्रियाँ पति हीन होंगी तब मातृभूमि स्वतंत्र होगी। मेरी भोलीभाली पत्नी की भी तेरी ही जैसी दशा होगी तब भारत को स्वातंत्र्य मिलेगा।"

त्रिमूर्ति

श्री सुन्दरम्

बुद्ध

जन्म से ही प्रणय रस की दीक्षा पाया हुआ यह संसार संताप से संतप्त और खिन्न हो रहा था, रुदन कर रहा था। हे तथागत, तुमने उस संतप्त विश्व को अपनी गोद में उठा लिया। अपने हृदय की प्रेम-ऊष्मा देकर तुमने उससे कहा—"शान्त हो प्यारे, दुःख की दवा रुदन नहीं है?"

उसकी बूटी को खोजने के लिए आपने वन उपवन छान डाले! तपश्चर्या की और गुरुओं की चरण-सेवा की। उन सबकी व्यर्थता निहारकर अपने अन्तःकरण के समस्त तत्वों को समाहित किया। उस आन्तरिक महासमर में विषय-वासनाओं पर विजय पाकर और दुःखविनाशक बूटी को खोजकर आप बाहर आए।

धैर्यपूर्वक आपने उन विरल सुख-मंत्रों का जगत् को उपदेश किया। विश्व को हिंसा से हटाया, कुटिलता से हटाकर सरलता की ओर प्रवृत्त किया! सृष्टि के पाप-सागर को आपने अपने मुख से पी लिया। विश्व की फुलवारी को आत्मौपम्य के सलिल से सींचनेवाली करुणा-गंगा आपने प्रवाहित की।

हे प्रभो, आपके मंत्र युग-युग में प्रकट होते रहे हैं। तुम्हारे द्वारा अहिंसा के मंत्र जगत् में प्रथम बार प्रबुद्ध हुए।

ईसा

यह संसार स्वार्थ और शक्ति के मद में डूबा जा रहा था। उन्मत्त शक्तिमान् लोग निर्बल दरिद्रों को पीसते जा रहे थे! लोग हृदय से प्रभु को भुला चुके थे। दुनिया की भौतिकता को ही सर्वस्व मान रहे थे! सर्वत्र नरक लीला का विस्तार हो रहा था!

ऐसे विषम समय में मृदुवचन बोलते हुए प्रभुपुत्र ईसामसीह अवतीर्ण हुए! उन्होंने कहा—दुःख भोगकर ही सुख का मिलन होगा! बिना कष्ट सुख की प्राप्ति नहीं होती! वह प्रभु का बालक संसार के संताप को शीतल करने के लिए अमृत की सुराही लेकर विश्व में घूमता रहा!

अत्याचारियों के आसन डोल उठे! शक्ति-मद से भरे ताज सरक गए! उसी समय प्रभुविरोधी लोगों की क्रोधाग्नि प्रज्वलित हो उठी। उस कोपाग्नि में तुमने अपनी आहुति देकर विश्ववेदना को भस्म कर दिया!

तभी वहाँ बलिदान के जलों से उफनती हुई शांति-सरिता प्रकट हुई। उसी के करुणास्नान द्वारा धक्-धक् जलता हुआ जगत् शीतल हो गया

गांधी

पृथ्वीतल पर पुनः पशु-बल का युग उदित हुआ। संसार के समर्थ मनुष्यों ने विद्युत्, वायु, जल और स्थल को अपनी मुट्ठी में कर लिया। शक्ति के उन्माद में पागल पुरुषों ने निर्बलों का शिकार शुरू किया और वहाँ पर जनरुधिर से रँगे हुए अनेक प्रासाद खड़े हुए!

वसुंधरा काँप उठी। संसार पर मलिन दुःख की छाया आ गई। उसी समय धरती का समस्त रुदन गांधी के रूप में प्रकट हुआ। चट्टानों के भयानक मार्ग में बहनेवाली वह धारा प्रथम तो अतिप्रगल्भा हो उठी, बाद को प्रसन्न और सरल होकर कहने लगी—"पापी का घात मत करो, उससे तो जगत् के पाप द्विगुणित हो जायँगे। अपने आत्मा के गुप्त बल के साहाय्य से तुम पाप के साथ युद्ध करो। अपने हृदयमंदिर में प्रभु को साक्षी रक्खो! शांत मन से प्रतिद्वेषी का हित चाहते हुए युद्ध करो। इस प्रकार पाप विनष्ट हो जायगा।

हे प्रभो, तुमने पृथ्वी के उदर में विश्वप्रेम के बीज बोए थे। उन बीजों के वृक्ष आज फूल फल रहे हैं।

मनमोहन गांधी

श्री ललित

हे गांधी! तू ही सच्चा भारतीय है। तू ही हम सबका कुशल कर्णधार बन। हम भारतीयों की अस्थिर जीवन नौका अस्तव्यस्त दशा में इधर उधर टकरा रही है। उसका योग्य एवं समर्थ कर्णधार एक मात्र तू ही है। राजा एवं प्रजा के हितों का देशव्यापी मंथन हो रहा है। हे कर्णधार! उसमें से नवनीत निकाल लेने की सामर्थ्य एकमात्र तुझमें ही है। जनता के संसार रूपी महाराज्य में भारतीय स्वतंत्रता की आवाज़ को हे कर्णधार! तू ही बुलंद कर सकेगा।

तूने ही भारतीय नामक जाति को जन्म दिया है और उसे विश्व विख्यात किया है। हे कर्णधार! तू ही आज सत्याग्रह में अग्रसर हो रहा है। तू उदात्त भावों सहित वीरता के अनेकों मनमोहक प्रसंग सामने लाता है। हे मृग! तू ही भारत के लिए कस्तूरी अपने अंदर धारण करता है। हे सुदामापुरी के उज्वल

दीप ! कृष्ण-स्मारक को अक्षुण्ण रखनेवाले वीर भारत नाविक ! तू ही एक मात्र कर्णधार है। हे गांधी ! हम समस्त हिन्द-सन्तति पग मिलाकर आपका अनुगमन करें। हमें ईश्वर शांति एवं जय प्रदान करें। आप ही हमारे कर्णधार बनें।

श्री मस्तमयूर

युग-अवतार

हे भारत के दुःखों में सहायता देनेवाले, चेतना के अचूक निर्झर ! विराट् में अपने को लीन करनेवाले, तीस करोड़ के तारनेवाले !

सत्य के प्रकाश ! जाग्रत् ! कर्म रूपी कविता के रसस्रोत ! हे मोहन ! हे नवयुग अवतार ! आप का प्रताप अतुल एवं प्रभात के समान जाज्वल्यमान् है। हे प्रलयपति ! आपकी गति को कोई रोकनेवाला नहीं है। हे नीलकंठ ! आपने विषम विष का पान किया है। हे सिंह के समान बली जनों के साथ रहनेवाले ! नूतन हिंद के सृजन करनेवाले। हे मोहन ! हे नवयुग अवतार।

श्री कोलक

अर्पण

हे गांधी ! प्रज्वलित प्रकाश स्रोत से प्रकट होकर तुमने प्रति भारतीय हृदय में पूर्ण स्वातंत्र्य की ज्योति जगा दी है और चिर मुक्ति की प्राप्ति के लिये लहराते हुये स्वतंत्रता के झंडे को सगर्व धारण करके समर-पथ की राह ली है। बापू प्रेमपूर्वक दलित भेद को मिटाकर तुमने हिंदूधर्म का कलंक समूल धो दिया है। आपकी जाग्रत आत्मा के तप मानवीय इतिहास में नित नवीन बने रहेंगे और नवयुग का निर्माण करने में समर्थ होंगे।

अनंत काल सदैव गर्जना करता रहेगा, और मौन रूप से पृथ्वी तुम्हें कोटि कोटि नमन करती रहेगी।

हे पिता ! आपके स्मारक-दीप को चिरकाल तक प्रज्वलित रखने के लिये भावपूर्ण कविता द्वारा मैं स्वयं आपके चरणों में नमन करता हूँ।

श्री भास्कर रामचन्द्र तांबे

महात्मा

असहकारिता ने जब तुम्हें पुकारा तो ऐसा लगा कि तुम नीचे आ रहे हो। महात्मा ने जब आर्तनाद किया तो हृदय पर आपने आघात झेले। उसी यज्ञ से द्रवित होकर देव आप दौड़े आते ज्ञात हुए। ऐसा लगा जैसे स्वर्ग के द्वार खुल गये, गरीबों की माँ दौड़ पड़ी, सारे संकट भाग गये।

द्रौपदी के लिए तुम दौड़े थे, गरीबों के लिए कमरी-डंडा तुमने लिया था, लगा जैसे वह समय आ गया। पर हाय! कौनसा पाप बीच में आया। भाग्य बिगड़ गया, माता लौट पड़ी। अन्धकार अब दूना हो गया, दिशाएँ भीषण हाहाकार करने लगीं, कैसी गति हो गयी!

महात्मा अकेला क्या करेगा?

श्री माधव ज्यूलियन्

इधर उधर के देशभक्त और नेता महात्मा को जीत रहे हैं। धन, उपाधियाँ, आदि होने पर ये देशभक्त बन जाते हैं। नेता, मानपत्र जुलूस, करतल ध्वनि और जयजयकारों से पोसा जाता है। इनकी कला खेल खेलती है, अज्ञानी गरीबों पर संकट आता है। महात्मा अकेला क्या करेगा?

एक भी सिद्धांत के लिए प्राण देने की तत्परता नहीं, पर उनके लिए शाब्दिक लड़ाई नित्य लड़ेंगे। ये केवल स्वार्थ के लिए धर्म की ओर देखते हैं, ये शूरवीर घर की बूढ़ी का ज़रूर बलिदान लेंगे। महात्मा बेचारा अकेला क्या करेगा?

छात्रावस्था में जो उग्र दल के थे, मुँह से तोप के गोले फेंकते थे, वे ठंडे होकर सरकारी नौकरी करते, फिर आराम कुर्सी पर लेटकर कहेंगे—देश में आग लगी है। महात्मा बेचारा अकेला क्या करेगा?

सत्य-अहिंसा का झंडा लेकर गांधी देशभर में शक्ति का संचार करते हैं। चरखे के चित्रवाला खादी का झंडा लेकर अर्ध नग्न यह अन्याय का सदैव विरोध करता है। अनासक्तियोग का वरण कर यह शोषितों-पीड़ितों की सदा सहायता करता है। यह क्रांति करने निकला है, मैदान में पहले अपना सिर देने के लिए तैयार है, यह हीरा कसौटी पर घन लगाने से भी नहीं फूटेगा, पर महात्मा अकेला क्या करेगा?

न शिष्यों का प्रपंच है, न गुरु या पैगंबर हुआ है, सच्चा वैष्णव यही है, भीरुता और क्रियाशून्यता को वह अहिंसा नहीं मानता, दुर्बल का [illegible] यह बलवान् साम्राज्यवाद से लोहा लेता है, न इसे लोकमान्यता की चिन्ता है न राजमान्यता की, पर महात्मा अकेला क्या करेगा?

कटु, पर सत्य बोलने में जिसे डर नहीं लगता, राजनीति में सत्याग्रह की नयी चीज़ जिसने सिखायी, पर उसके मुंह पर मीठी बात करनेवाले, भीरु हैं और संकट मोल लेते हैं। ये लोभी और गला काटनेवाले हैं, इसीलिए महात्मा अकेला क्या करेगा?

महात्माजी

श्री साने गुरुजी

भगवन् तूने विश्व को बड़ा शुभ संदेश दिया। मानव इससे अपना जीवन सुखपूर्ण कर सकेगा। वैराग्य, क्षमा, तपश्चर्या, मैं एक मुख से इन सबका स्तवन कैसे करूँ?

तुम हमारे आशा और आधार हो, तुम्हारे चरित्र से हमें स्फूर्ति प्राप्त होती है। तुम भारत-भूषण हो। तुम्हारी सत्कीर्ति के भूषण त्रैलोक्य धारण करेगा। लोकहित के लिए तुम्हारा जीवन धन्य है।

तुम बुद्धावतार हो, नये ईसामसीह हो, तुम्हारे पद की मैं पूजा करूँ ताकि अल्प भी उन्नति की आशा मन में हो जाय।

मेरी गीता, श्रुति स्मृति, सत्संस्कृति तुम्हीं हो। आपके जीवन से मुझे उन सबके अर्थ मालूम हो जाते हैं। पुण्य तो तुम मूर्तिमान हो।

इस प्रक्षुब्ध सागर में तुम भारत के लिए दीप हो। हमारे निर्जीव अंतर में तुम श्रद्धा का निर्माण करते हो। हम मृतों को तुम जीवन और उत्साह देते हो। अमृत पिलाकर तुमने राष्ट्र को जगा दिया है।

तुमने दृष्टि, पथ और आशा दी, राष्ट्र को तेज दिया, प्रजा को मार्ग दिखाया। इसी मार्ग से यदि वह जायगी तो स्वातंत्र्य प्राप्ति निश्चय है।

तुमको विश्राम नहीं, सूर्य की तरह तुम जलते रहते हो। हमें जगाने के लिए अपन हड्डियाँ घिस जाने देते हो। तुम्हारा सारा जीवन दग्ध होम-कुंड है। तुम्हारी चिंता मैं कैसे हरण करूँ?

तुम्हारे कोमल हृदय में होली जल रही है। चिंता यह सताती है कि देश-बंधुओं को पेट भर खाना कैसे मिले। इसी चिंता का चिंतन तुमको नित्य-प्रति नये मार्ग दिखाता है।

हज़ारों कर्म हाथ से करते हो, पर शांति और मुसकान बनी रहती है। हृदय में कोई आसक्ति नहीं। शेष पर विराजमान हरि के समान तुम दिखाई देते हो, जो समुद्र ऊपर से क्षुब्ध होने पर भी भीतर से जिस प्रकार शांत रहता है।

तुमसे ईश्वर का वियोग कभी नहीं होता। मैं तुम्हारा कितना वर्णन करूँ। मैं पागल बालक हूँ। अश्रुओं से आँखें भर आई हैं। जिस भारत में तुम्हारी जैसी महाविभूति का जन्म हुआ उसका भविष्य अवश्य उज्ज्वल होगा।

अद्भुत रणसंग्राम

श्री आनदराव कृष्णाजी टेकाडे

भारतवर्ष मुख और प्राण से स्वातंत्र्य का जयघोष करते हुए स्वातंत्र्य दुर्ग लेने और गले में लगी फाँसी के बंधन से मुक्त होने के लिए आगे बढ़ रहा है।

इसका शरीर सुदामा जैसा है पर मूर्ति सूर्य के तेज और मयंक की शांति जैसी है। गोकुल के कृष्ण की तरह श्याम वर्ण का यह स्वतंत्रता का पुतला शोभा देता है।

आज तक जितने स्वाधीनता-संग्राम हुए उन सबमें खड्गों की झनकार होती और रुधिर की नदियाँ बहती रहीं, पर यह नया रण आश्चर्यजनक है।

शत्रु बड़ा कुटिल है, उसके पास अनंत शस्त्रास्त्र हैं, जहाँ वह सागर है वहाँ यह क्षुद्र झील। वह स्वार्थियों में अग्रणी, तामसी, निर्दय, पत्थर को भी लजानेवाला मदांध है। इधर केवल यह फकीर है।

इस राहु रूपी शत्रु के पाश में भारत शशि पड़ गया है। यह पहले लक्ष्मी-धर था, परवश हो अब अस्थिपंजर रह गया है।

इसके पास कोई शस्त्र नहीं, हृदय में समभाव, आत्मबल और सत्य हैं।

दीन सेवक, धर्मधारक, पारतंत्र्यभंजक, मेरु का धीरज और बाल-सूर्य का हास्य ले, आत्मबल के साथ संग्राम के लिए चला है।

एक ओर विशाल तट है तो दूसरी ओर दुर्बल तृण। दोनों ओर ऐसे शत्रु हैं। एक क्रोधाग्नि की वर्षा करता है तो दूसरा मृदुल सुमन मानस से प्रेम लहरी फेंकता है।

गाधित्र की राजता, वशिष्ठ की सत्वता, कामधेनु आदि की कथाएँ आज फिर दिखाई देती हैं।

पारतंत्र्य-नरक से राष्ट्र को मुक्त करेंगे या मृत्यु का आलिंगन करेंगे—यह अमर प्रतिज्ञा कर अपनी प्रिय कुटी का अंतिम दर्शन कर वह रण की ओर जाता है।

द्वार पर रणमूर्ति भारत-भागीरथी बिदाई देने खड़ी होती है। जयजयकारों से आकाश निनादित होता है। कोई फूल बरसाता है, कोई प्रेमालिंगन करता है, कोई पद वंदन करता है कोई ललना तिलक लगाकर आरती करती है।

संसार सागर में ज्वार उठता है और धीर-गंभीर वीर अपने अनुचरों के बीच से जाता है। सुख-दुख की कहानियाँ सागर में उठकर आकाश में जा मिलती हैं।

हृदय के आनंद, प्रेम, भक्ति-रस के अश्रुओं की आँखों में भीड़ होती है और जलधारा की वर्षा होती है।

इतने में रवि का उदय हुआ। उसने यह सदियों का अभूतपूर्व दृश्य देखा और आश्चर्यचकित हो गया।

मथुरा गोकुल से अक्रूर के साथ वज्रमणि जब खलमणि का मर्दन करने निकला था वैसा ही फिर दृश्य देखकर उसे आश्चर्य हुआ।

वह हर्षित हो आशीर्वाद देता है कि इस अद्भुत रणसंग्राम के फलस्वरूप हिंदभू सुखधाम हो जाय।

विद्रोही

श्री नारायण केशव बेहेरे

यह नया विद्रोही आगे आया है, दुनिया इसके कारण आगे जा रही है, यह तारक है।

अँधेरा फैला है, झगड़े हो रहे हैं। यह विद्रोही एक कटाक्ष से उन सबको नष्ट करता है।

धर्मपर रूढ़ि पिशाची सवार हो गई है, अनाचार फैला है, सच्चा आचार यही विद्रोही दिखाता है।

अछूत दूर के हो गये थे, यवन शत्रु बन गये थे, पर अंग्रेज़ हृदय में समा गये थे।

सत्य पर मैल जम गया था, दंभ फैल गया था। देशभक्ति बेलगाम हो गयी थी। इसने सत्य की ज्योति जगा दी।

अंग्रेज़ी के आगे स्वभाषा हार मान रही थी। इसने मातृभाषा की वंदना कर उसे संतुष्ट किया।

दरिद्रता ने पेट में होली जला दी थी, देश दीन हो गया था, इसने जनता को उद्धार का मार्ग दिखाया।

स्वतंत्रता चली गई थी, दासता आ गयी थी, किसी की भी नहीं चल रही थी। इसने स्वर्ग का मार्ग दिखा दिया।

सुधारकों का आगरकर, भाषा का चिपळुनकर, स्वातंत्र्य का तिलक यह नरवर दुनिया भर में विद्रोह को सफल बना रहा है।

महात्मन् !

श्री विष्णु भिकाजी कोलते

हे महात्मा, तुम्हारा नाम मुँह पर आते ही मन में पावित्र्य मूर्तमान हो जाता है। दंभ नष्ट हो जाता है, चेतना विलीन हो जाती है, मूक भाव जग जाते हैं।

मन में सुख की ऊर्मियाँ उठती हैं, नयनों में आँसू भर जाते हैं, तुम्हारी विश्व-प्रीति त्रिलोक में शुद्ध मंदाकिनी की भाँति बहती है।

तुम्हारा स्वार्थ-संन्यास देखकर हरिश्चन्द्र भी लज्जित हो जायगा। शत्रु-मित्र सबको तुम्हारे नाम-संकीर्तन से आनंद मिलता है।

विश्व में तुमने आर्यभू को धन्य किया, तुम उसके कंठ का दिव्य मणि हो। तुम्हारा वंदनीय चरित्र हमें सदा स्वातंत्र्य-संपादन में स्फूर्ति दे।

महात्मा गांधी

श्री प्रभाकर दिवाण

यह फकीर चला, इसे किसी प्रकार की चिन्ता नहीं है। पैर में सीधी सादी चप्पल, सर्दी से बचने के लिए मोटा कंबल, निःशस्त्र यह वीर है।

शरीर पर मांस बिलकुल नहीं है, खर्चने को एक पैसा नहीं, न पास में विद्वत्ता का कोई 'पास' है, पर है दबंग।

ऐसे भिखमंगे के पीछे चालीस करोड़ जनता लगी है। सम्राट् भी इससे डरता है। मत्त धनी भी नत होते हैं।

स्वातंत्र्य का यह नेता ग़रीबों का हिमायती, सत्य का मूर्तिमान् पुतला, शिर को हथेली में लिए खड़ा है।

सत्ता से प्रमत्त बड़े बड़े गर्ववाले लोग भी इसके दास बन जाते हैं।

देहात में पिकेटिंग

श्री अज्ञात

चलो सब जन मिलकर शराब को भगा दें। गांधी बाबा आया, कह गया, शराब को भगाओ, चलो भगावें। शराब आती है तो दुष्काल आता है, बोतल की बन आती है, गाय बैल बिक जाते हैं। माँ, बाप, सास, ससुर, बीबी किसी की परवाह नहीं रहती। कैसी यह शराब है। चलो दूकान घेर लें गांधी जी की जय जय बोलें।

वह देखो महात्मा आया

श्री विठ्ठलराव घाटे

आसाम के चाय के बगीचे की एक कहानी। गांधीजी का नाम सुनकर कुली स्त्री-पुरुष अपना अपना काम छोड़कर भीषण जंगलों से पैदल चलकर चाँदपुर पहुँचे? उन्हीं में नीचे लिखा गीत गानेवाली एक बच्चेवाली अनाथ स्त्री है।

राजा, क्यों फिज़ूल चिपकतेहो, स्तन में दूध कहाँ है। चार दिन पूरे हो गये, रोटी का नाम नहीं मालूम। मत्त हाथियों का चीत्कार कान पर आता जाता है, फिर भी हम गांधीजी को देखने जा रही हैं। गांधीजी का नाम लेकर जंगल के कंदों का सेवन किया, झरने का पानी पिया। आसाम रौंद डाला। वह देखो महात्मा आया।

वह चाय का बगीचा कैसा, वह तो इस लोक पर नरक है। जहाँ ग़रीब ग़रीबों के पाप का ही जवाब देता है, जहाँ काले-गोरे का भेद है। धन लोभ से उनकी आत्मा काली हो गई है। धनिक सुख भोगें, ग़रीब कष्ट भोगें, यह कैसे चलेगा? वह समय बदल गया। वह देखो महात्मा आया।

ग़रीबों की मूक तपस्या फलित होकर आकाश तक पहुँच गई। जुल्म की गद्दी हिली, इन्द्र का आसन डोला। ग़रीब के जूठे बेर जिस देवता ने खाये वह करुणासागर पिघल गया और यह यज्ञमूर्ति अवतरित हुई। इसमें वैभवविभूति नहीं, खादी के कपड़े पहनता है, पैर में चप्पल भी नहीं। ग़रीबों का ऐसा राजा है। वह देखो महात्मा आया।

उसके दुर्बल कंधों पर तेंतीस करोड़ दुःखों का भार है। उसके निश्चल निष्ठुर नेत्र में अन्न की समस्या भरी हुई है। हिंदुओं के पिछले पापों का पहाड़ उसकी गर्दन पर है। उसका हँसमुख दीनों के द्वेष को भी हँसाता है। उसके विशाल हृदय में शोषितों और हरिजनों को आश्रय मिलता है। उसी को लाने चलो बिटिया। वह देखो महात्मा आया।

हे विश्वमानव !

श्री ना० ग० जोशी

प्रकृति के क्षुब्ध सागर के अंतर पर शेषशय्या पर योगनारायण योग निद्रा में तल्लीन थे। अनंतदल कमल पर हे विश्वमानव तुम्हारा उद्भव कैसे हुआ ?

चैतन्य के चार सजीव अणु असंख्य सूक्ष्म चेतनकोश—एक से दो, दो से चार, चार से बहुत्व को प्राप्त हुए। "एकोऽहं बहुस्यां, प्रजाजेय"—अनंत अणु को उत्कट सृजन की इच्छा हुई। एक से द्वैत का निर्माण हुआ, हे विश्व-मानव उसी से तुम्हारा गूढ़ अपूर्व द्वंद्व विकसित हुआ।

ज्ञानमय और विज्ञानमय, सत-चित-आनंदमय, आदिकारण परब्रह्म विश्वसर्जन के उन्माद में बेहोश होकर कल्पनाकंप की लहर से एक तरंग अवकाश में तरंगित हुई—अब्ज सूर्य के ब्रह्मांडव्यापी स्वयं संचार में इंद्र-गति से गिरा हुआ परागति से स्वयं गति में आया हुआ, विश्वकर्षण के कोण में सूक्ष्म अंश अगम्य अनंत वातावरण में घूमा और इन्द्रियविहीन सजीव अणु में मिल गया और तब हे विश्वमानव 'संज्ञा' का प्रादुर्भाव हुआ।

सूक्ष्म बीज से दंडकारण्य में भव्य वट का उद्भव हुआ। आमासोन की विस्तृत घाटी में साखू के वृक्ष बड़े हुए। कांगो की घाटी में दुर्गम भीषण जंगल का निर्माण हुआ। तब 'संज्ञा' का रेशमी कोश, तरल, तलय, अगम्य तंतुओं से बना असंख्य युग के परिवर्तन से पूर्ण हुआ। जानवर का वानर और वानर का नरयोनि में विकास हुआ। जीवन संज्ञा समूह-मति सामर्थ्य कल्पना इस गति से प्रगत होती हुई श्रेष्ठता को प्राप्त हुई है। हे विश्वमानव यह विवेक और सभी गौरव तुम्हारा ही है।

पर्वत-पहाड़, धातु और पत्थर, भीषण जंगल, जीव-जानवर, बर्फीले टापुओं में मत्स्य और भालू, हे मानव! इन्हीं के साथ साथ तुम्हारा संज्ञाभव परिवेष्टित और विकसित हुआ। ऊषा में कमल पैदा हों और कुम्हला जायँ, बालू के कण में नंदन वन बनें और जल जायँ, चकमक पत्थर की चिनगारी निकलकर वहाँ सूर्यमाला प्रज्वलित हो और लय हो जाय। उसी प्रकार मिस्र, मय, असुर, रोम, यवन, पर्शु, सिंधु, जावा, द्रविड़, चीन, आदि स्थल-जल की संस्कृतियों का जन्म हुआ और वे नष्ट हुईं। अपार अंबर की

निर्वात स्थान में सौर उल्का ग्रह अज्ञात रूप से भ्रमण करते हैं। उनमें कुछ क्षण भर दिखाई देते हैं और अदृश्य हो जाते हैं। उसी प्रकार जीवन-सागर में आश्चर्यजनक तरंग रेखाएँ उभर आती हैं, तट पर टकराकर रुक जाती हैं, और फिर मूल में विलीन हो जाती हैं। संस्कृति-चक्र की वर्तुल गति में अनेक प्रलय-काल आये—सुमेरु मंदार डूब गये, आएडीज, आल्प और हिमालय भी छोटे हो गये, विलीन हो गये, उनके शिखर पर—ऊँचे खंभे में मनु ने अपनी नौका बाँधी। प्रलय सागर में तूफ़ान आने पर विश्व में भीषण बाढ़ आ गयी। उसमें ये सब ऊँचे शैल भी कंपित हुए। उसमें भी टिककर हे विश्वमानव! तूने अपना वैभव फिर से निर्माण किया।

निसर्ग शक्ति के साथ दुर्धर संग्राम, अन्योन्य कलह में स्वार्थी कालक्रम, फिर भी, व्यक्ति जीवन के लिए सूक्ष्म संग्राम करता रहता है, और अंत में असीम तृष्णा भयानक संहारकांड करती है, तब कहीं हे विश्वमानव! मोक्षमंत्र का अस्फुट रव सुनाई देता है।

सृष्टि से चेतन उत्पन्न होता है और चेतन से मानवपन। मानवपन को देवपन लाने के लिए कोई जीवन विकास में कसौटी के घाव सहता है, पर कौन सुनता है, अवकाश किसे है? हिमाद्रिदरी में पंचभूत का तांडव चलता है, पीली-नीली बिजली चमकती है और मेघ के उदर में कड़कती है। उस समय यदि कोई योगीन्द्र देव भी गुफा से आदेश करता है, हे विश्वमानव, उस वाणी का क्या तब प्रभाव नहीं पड़ता?

पंचभौतिक वासनाएँ नग्न होकर बेहोश नाचती हैं। उनको ढकने के लिये सुंदर, मोहन, महीन अवगुंठन बनाया गया है। मानव और लोकसत्ता की बड़ी बड़ी कल्पनाओं की विषैली नज़रबंदी कब तक छिपाये छिपी रहेगी? हे विश्वमानव! पर अब विवेक की चेतनता नहीं रही।

असंख्य युग का चक्र-क्रम इसी तरह फेरे करता रहेगा। नवसंस्कृति को प्रलय फिर ग्रसित कर लेगा, पर अंत में संज्ञाशक्ति का आत्मज्योति से मिलन होगा, तभी हे विश्वमानव, तुम्हारे मूल का एकत्व संसार के नये रूप में दिखाई देगा।

मार्क्स और गांधी

श्री प्रभाकर माचवे

दाढ़ी का जंगल, भयानक मुख, यह उस यहूदी का नमूना—यह खाद के गमछे में लपेटा हड्डियों का ढाँचा।

एक रक्तप्रिय, दूसरा अहिंसाभक्त वैष्णव। अधिक शक्तिवाला मैं किसे कहूँ? दोनों समान रूप से दुनियादारी से उकताए हुए और समान रूप से दुनियादारी में चिपके हुए—मुझे तो दोनों समान ही मालूम होते हैं।

एक अश्रुपूजक तो दूसरे को अश्रुओं से द्वेष। दोनों में एक ही पागल-पन—अपने अपने देश का प्यार। सत्यशोध करने के लिए दोनों रणभूमि में उतरे हैं। चैतन्य ज्योति नित्य जलते जलते दोनों ही अद्वितीय, दोनों अकेले, दोनों अर्द्धसत्य, दोनों को ठोकर लगती है।

दोनों के सामने एक समस्या—मानव-मानव के बीच की विषमता कैसे दूर होगी। एक कहता है कि क्रोध बुरा है तो दूसरा उसे आवश्यक बताता है। व्यर्थ क्रूरता क्यों, धैर्य रखो, रणतूर्य बजा, शूर कैसे रुके ? एक संत, दूसरा सेनापति, दोनों थके, धोखा खा गये। भूगोल उसी तरह कैसे घूम रहा है, नहीं मालूम।

आज की दुनिया के लिए हमें दोनों अपूर्ण हैं। आज की दुनिया में हमें नक़द सत्य चाहिये। अन्वेषणशाला का सत्य नहीं, खन खन खन नक़द सत्य चाहिये।

जब लड़ाई छिड़ेगी, सिक्कों, शास्त्रों, बेड़ियों के ताल पर शब्द होगा और नवरक्त के युवकों के जत्थे उस पागल के पीछे पीछे अपने जन्मजात अधिकार की रक्षा करने के लिए जायँगे। फिर संघर्ष होगा और जो चनगारी उठेगी उसमें ऐसे मार्क्स के सैकड़ों अनुयायी भस्मीभूत हो जायँगे।

दुनिया फिनिक्स पक्षी की तरह ज्वालाभूत होगी। पर वह भविष्य निश्चय-पूर्वक कौन बता सकता है ? देखें क्या क्या होता है ?

गांधी-अभिनंदन

डाक्टर माधव गोपाल देशमुख

अपना शरीर बहुत घिसवाया, लोगों को माया लगवायी बीजफल देखने के लिए हे गांधी तू चिरायु हो।

ईसा-बुद्ध को भी यह भाग्य नहीं मिला—किसने जीवन्मुक्ति देखी ? इसी देह से इन्हीं आँखों से कीर्तिका उत्सव किसने देखा ?

देव यही बड़ी कृपा करें। ऐसा दिन बार बार आवे। मैं ग़रीब मराठा यही भक्तिभाव अर्पण करता हूँ।

युगावतार गांधी

श्री लक्ष्मीकान्त महापात्र

हे महाप्राण, तुम दुष्कृत का विनाश करके साधुओं की रक्षा के लिए आज इस धरा में अवतीर्ण हुए हो। हे देवदूत, तुमने स्वर्गीय संदेश लाकर इस पुण्य भूमि भारत को पूत किया है, जहाँ युग युग से ऐसी शक्ति अवतीर्ण होकर धर्म-स्थापन करने के लिये पृथ्वी का भार दूर करती रही है।

हे सव्यसाची, तपस्या के बल से तुमने पाशुपत अस्त्र प्राप्त किया है और सारे संसार को स्तंभित कर दिया है। तुम अजेय "अहिंसा रूपी बाण—महाशक्ति को धारण करके शत्रु को भी मुग्ध कर देते हो और संसार का कल्याणसाधन करते हो।"

भारत का जितना दुःख, जितनी वेदना, जितनी आकांक्षा, आशा, कर्म और साधना और जितना भूत, भविष्य तथा वर्तमान सर्व मूर्तिमान होकर तुम में संकलित हुए हैं। तुम्हारे चित्त को विपद् कभी व्याकुल नहीं कर सकी। भीति तुम्हारे मन का बल कभी दूर नहीं कर सकी। नैराश्य तुम्हारी कल्पना की सीमा तक छू नहीं सका। अतएव "व्यर्थता" कापुरुषों की भाषा नहीं है क्या? तुमको अच्छी तरह ज्ञात है कि निःसंग कर्म में कभी पराजय नहीं है? इसलिये, तुमने ईश्वर के पास जीवनपर्यंत असीम श्रद्धा रखी है।

हे मोहन, तुमने ऐसा कौनसा मोहन मंत्र चला दिया है? भारत में अग्निशिखा जलाकर करोड़ों प्राणों में उद्दीपना जगा दी है, जिससे देश भर में तप्त उन्मादना फैल गयी है?

हे भगीरथ, तुम्हारी साधना के फलस्वरूप भारत की छाती पर प्रेमरूपी मन्दाकिनी-धारा प्रवाहित होने लगी। हिमाचल से कुमारिका तक फैले इस अखंड देश में महामुक्ति-मंत्र व्याप्त हो गूँज उठा और उसकी मंत्र प्रतिध्वनि ने विंध्यगिरि के शिखरप्रदेश में भी टकराकर अशान्ति-वज्राग्नि पैदा कर दी। अतीव महान् तथा दुर्गम्य मानव धर्म का आचरण करके मानवों को आदर्शमनुष्यता की शिक्षा दी है। क्षुद्र सत्य की महिमा की परीक्षा करके जगत् को उसी मंत्र की दीक्षा दी है। इसके द्वारा संसार के कोने-कोने में सत्यका आलोक प्रकाशित हो उठा। उसी सत्यामृत के द्वारा द्युलोक तथा भूलोक भर पूर हो गया और हिंसा, द्वेष, तापक्लिष्ट मानव उसमें स्नान करके परम शांतिलाभ कर सका।

हे महर्षि, हे जगद्गुरु, हे महामानव, तुम्हारे श्रीचरणों में मेरी सहस्र प्रणति है, स्वीकार करो।

सत्यं शिवं सुन्दरम्

श्री गुरुचरण परिजा

बापूजी,

तुम महीयान् सत्य, शिव और सुन्दर हो। तुम स्रष्टा, रुद्र और भगवान् भी हो। हे विप्लवी, तुमने इस सुप्त धरा के तट में प्रलय की रचना की है। फिर तुम्हींने लाखों प्राणियों के जीवन-पट में आशा का संचार किया है। तुम्हीं ने इस रुग्णभूमि में नवीन शक्ति का प्रदान किया है। हे मर्त्य के भगवान्, तुम्हीं ने इस उजड़ी हुई भूमि को हरा भरा कर दिया है।

इस युग का इतिहास तुम्हारे इन चरणों से जन्मा है। तुम्हारा मंत्र इस धरा में लाखों जीवनों में न्यस्त है। तुम्हारा साम्य-महागीत ओंकार देश-विदेशों में गूंज रहा है, हे चिर सत्य, हे चिर विजयी, हे नित्य बलीयान् ये सब तुम्हारे सत्य की साधना और अमर दान का फल हैं।

इसलिये, आज हिंसायुग ने तुम्हारे चरणों में सिर झुकाया है।

हिंसा का पाप आज उसी के वक्षस्थल पर धीरे-धीरे जल रहा है। तुमने उसके हाथों संसार का पाप-भार जलाया है। हे सत्य के अवतार, तुमने पृथ्वी में मैत्री का बीज बो दिया है। इस मिट्टी से किसी-न-किसी दिन मुक्ति का महागान मुखरित हो उठेगा। हे चिर रुद्र, हे चिर विप्लवी, जय जय अभियान!

तुम्हारी इस देह में बुद्ध की महा गति, नानक की कल्याणकर वाणी और—ईसामसीह की परिणति इकट्ठी हुई है। देशमाता के गौरव की प्राप्ति के लिये तुमने अपने अंगों में राणाप्रताप की आशा छिपा रखी है। तुम्हारे कंठ से महावेदव्यास की भाषा और मंत्रका महागान ध्वनित हो उठता है।

नित्य हो तुम—हे चिर विप्लवी
मर्त्य के भगवान्,
सत्य हो तुम, मंगलमय,
सुन्दर-महीयान्।

बापू के प्रति

श्री नर्मदेश्वर झा

भादों का महीना। दुर्दिन के बादल गरज रहे थे। दुःख का छोर नहीं मिल रहा था। कंस के पाप से भारत काँप रहा था। सब लोग बंदी हो रहे थे। देश का भाग्य बंदी था। गर्भ की ग्लानि उपस्थित थी, उस दिन शरीर धारण कर गोपाल आए थे।

दासत्व के आतंक से जिस दिन हमारा द्वीप (जम्बूद्वीपभारतवर्ष) बिना दीवालों का एक जेल बन गया, क़ैदी न्याय से हमारे जब सब दरवाजे बन्द होगए, अपमान मात्र ही अपनी सारी सेवाओं के बदले हमें उपहार दिया जाने लगा, जिस दिन संसार के लिए भादों-जैसा समय बीत रहा था, उस दिन बापू तुम आए थे।

हम नए-नए पंथ सीखते जा रहे थे। दूसरों के—असत्य के पथ अपना रहे थे। परम-स्वधर्म भूल गया था। दासत्व की शृंखला जीवन का कंठ कस रही थी। उसी दिन वेणु-सा चरखा का गान देश के गाँव-गाँव में गूँज उठा।

सूर्योदय हुआ, प्रकाश हुआ, स्वदेश को पहचाना। अपना पथ पकड़ा।

स्वयं बनाए वे सब विदेशी बंधन खोल दिए। विदेशी पहनना, विदेशी बोलना, विदेशी सोचना, विदेशी अपनाना सब स्मरण हो आया। कौन हैं हम ? क्या हो गए ? अब उद्धार के लिए क्या उपाय किया जाय ?

बापू, आपके पथ का अनुसरण कर इस क्षुधा-मुक्त जन-देव का पेट भरा, उसकी लज्जा का निवारण हुआ। हरिजनों के लिए मंदिर का द्वार खुला। आपके सत्य के और उपवास के प्रयोगों ने देश को शुद्धि दी। भाइयों का हमें स्मरण हो आया। देहात जग उठा। इस देश का सोया जीवन भी उठ बैठा। कितने बंधन टूट गए।

यह पुण्यपर्व है। बापू की नई कला प्रकट हुई है। पचहत्तर वर्ष बीत गए। बापू के लिए क्या पचहत्तर, क्या सौ ? वे तो काल के बंधन से ऊपर हैं। भारत-महाभारत—की महान् आत्मा हैं, वे चिर-पुराण हैं चिर-नूतन, चिर शाश्वत। यदि वे नेता हैं, तो भारत आत्मनिष्ठ है, समाधिस्थ है, चिर-विमुक्त है, पशु-बल की पहुँच से ऊपर है।

बापू के लिए, वात, सिंधु, निशि-वासर, रवि, तरु, व्योम सब मधुमय हो जायँ। अमर आशीष दें। जीवन का सत्य वह पा जाँय। बापू को पाकर—ईश्वर का अमर आशीष पाकर हम धन्य हुए, जगत् धन्य हुआ। आज काव्य-चरित्र की वंदना कर यह अ-गणिता-मैथिली धन्य हुई।

गांधी-जयन्ती

श्री कृष्ण कृपलानी

यद्यपि विधाता ने भारत के सौभाग्य के साथ संकट का खेल खेला है, यद्यपि आज भारत से राजर्षि और सूरमा बिदा हो चुके हैं, यद्यपि हमारे सब दिन अभिशप्त भाग्य को कोसते, दुर्भाग्य को ठोकते बीतते हैं, तब भी एक दिन ऐसा आया जिसमें इतिहास ने करवट ली, और अनुकरण के भाग्य में सत्य का पुनः आविर्भाव हुआ। आज भारत के भाग्य में संदेह को स्थान नहीं है। तुम हतभागों का खोया हुआ सम्मान लौटा लाए, हे भारत के अग्रणी ! हे ईश्वरी रथवान् ! इस सत्याग्रह-संग्राम में आज तुम्हारे नेतृत्व—तुम्हारे सारथीत्व ने कापुरुष को भी गाण्डीवधारी बना दिया है। यद्यपि तुम्हारे साथ किसी अर्जुन के धनुष-बाण नहीं हैं, यद्यपि शिवाजी की तलवार तुमने म्यान में ही लौटा दी है, तब भी विना शस्त्र, तुम्हारा ऐसा ही प्रताप है कि साम्राज्य तुम्हारे नाम से कांपता है।

आज तुम्हारा जन्मदिन है, हे असहायों के हमराह ! विधाता से यह विनती करना ही तुम्हारी सच्ची जयंती है—कि हमें ऐसी पीड़ा सहन करने दो जो शूरवीरों को जन्म दे सके; भारत का भाग्य ही ऐसा है कि व्यथा के मंथन में हमने सत्य को पाया है।

धन्य बापू !

श्री सुब्रह्मण्य भारती

धन्य हैं गान्धी जी, धन्य हैं आप, आपने उस भारतवर्ष के उद्धार के लिए अवतार ग्रहण किया है, जहाँ दरिद्रता का आज भी तांडव हो रहा है, जो अपनी स्वतंत्रता से वंचित है, जो पतन के गर्त में समा गया है।

पराधीनता से मुक्त होकर, भारतीय पुनः धन धान्य एवं विद्यावैभव से संपन्न होकर संसार में प्रथम श्रेणी के बन कर रहें, वह तपस्या आपने की है। आपकी कीर्ति असीम है ! आप संसार में सर्व-प्रथम हैं।

मूर्च्छित लक्ष्मण को नागपाश से मुक्त करनेवाले महावीर के समान आप हैं यह कहें, या इन्द्रके कोप से उँगली पर गोवर्धन धारण करने वाले, गोकुल की रक्षा करने वाले गोपाल कहें ? क्या कह कर आपकी प्रशंसा करें ? असीम दुःख देने वाली परतंत्रता की व्यथा को दूर करने के लिए आपने ऐसी औषधि आविष्कार की, जो संसार के लिए अभिनव ही नहीं, अपितु सुलभ भी है।

अपने प्राणों पर जैसी ममता सबको होती है, वैसी ही ममता शत्रु के प्राणों पर भी करना चाहिए, यह आपने हमें बताया है संसार के सभी मानवों को ईश्वर के संतान—समझना आपने हमें सिखाया है। जिस राजनीति में अधर्म, युद्ध, हत्या आदि सम्मिलित हैं, उसमें ऐसे आध्यात्म-तत्व को प्रतिष्ठित करने का सत्साहस आपने ही किया है, अतः आप सर्वश्रेष्ठ हैं।

हिंसा की नीति को परित्याग करके आपने परमात्मा के पुत्रों की सेवा के व्रत को ही सबसे बड़ा धर्म माना है, और उसे आपने अपना लिया है। परस्पर का वैमनस्य भूलकर संसार सत्पथ पर चले और सुख शान्ति प्राप्त करे, यही आपकी साधना है।

महात्मा गांधी

श्री रामलिंगम पिल्ले

महात्मा गांधी का नाम लेते ही हृदय पिघल जाता है, दुराव छिपाव मिट जाते हैं, आँखों से आँसू की बाढ़ आती है, अंग स्वेद से भीग जाता है, सुख का झरना उमड़ पड़ता है।

उनका नाम सुनते ही मन शीतल होता है, मोक्ष मिल जाता है, पूर्णतः नये और मधुर भाव कहीं से उभर आते हैं।

वृद्ध गांधी जी के जरा के संबंध में बोलते समय आत्मा स्फूर्ति में आकर चमक उठती है, दुर्बलता और शिथिलता दूर हो जाती है, शरीर में उत्साह और शक्ति पैदा होती है।

उन पवित्र गांधीजी की शक्ति की बात करते ही हम आहार और हवा भूल

जाते हैं, हमारा हृदय काल को भी भगा देनेवाली शक्ति पैदा करने के लिये उठ खड़ा हो जाता है।

उदार गांधीजी की बात सुनने से नींद टूट गई है, चिन्ता चली गई है, दुख और कष्ट के स्वप्न टल गये हैं, जीवन सुधर गया है, और दृष्टि विशाल हो गई है।

सत्याग्रही गांधीजी का पावन नाम लेते ही कपट कांप उठेगा, भयंकर क्रोध भस्म होजायगा, भीरु भी दूसरों के समाने पीठ तक नहीं दिखायेगा। साहस दया प्रेम सभी जाग्रत होंगे।

श्रेष्ठ गांधीजी ने व्यवहार में यह दिखाया है कि संसार के सब जीव-जन्तु समान हैं। ऐसे महात्मा को देखते ही पाप, निन्दा, कुकर्म, सब नष्ट हो जायेंगे,

ओह, ७५ वर्ष की ढली आयु में भी उनमें कैसी तरुणता है ? वे बड़े ज्ञानी हैं, साधु हैं, आश्चर्य करने योग्य पवित्र जीवन बिताने वाले हैं।

आज गांधीजी के तप की शक्ति ने संसार को आक्रान्त किया है उसे जला रही है। छल और कपट राख हो गये हैं। वाद-विवाद ठंढा पड़ गया है, सारी दिशायें स्तंभित रह गई हैं।

दीन दुखियों के बंधु उन गांधीजी की जितनी भी प्रशंसा करें, कम ही है। उनका नाम अमर हो जिनसे त्रिकाल और समस्त विश्व जी उठे।

भोले भाले बापू

श्री सीतारामांजनेय

आप कर्मिष्ठि हैं जिन्होंने गायत्री को छोड़ दिया है, स्वेच्छापूर्ण ज्ञानी हैं जिनकी वाञ्छाएं पूरी नहीं हुई, भक्त हैं जो कभी मंदिर में भी नहीं जाते। आप में कर्म ज्ञान तथा भक्ति तीनों का संयोग है।

आप अपने जीवन में आश्रम चतुष्टय तथा चातुर्वर्णों के धर्मों का अनुष्ठान करते हैं।

अत्याचारी के भी हृदय के परिवर्तन में आपका विश्वास है।

आपका ऐसा कोई मित्र नहीं है, जो आपको शत्रु नहीं मानता हो, फिर भी, आप अजातशत्रु हैं। अतएव, मनुष्य समुदाय को हमारे भोलेभाले बापू अवश्य चाहिये।

आपके किसी भी मित्र की भूलचूक आपकी कड़ी दृष्टि से बच नहीं सकती, अतः आपके मित्र भी आप से अप्रसन्न होते हैं।

गांधी महात्मा

श्री उ० कोंडय्या

चरखा तुमको बुलाता है तुम को बुलाता है सेवागांव, चरखा तुमको बुलाता है।

कहता है यह जन्म, यह जीवन यही नहीं सच्चा, जीवन अलग है, कहता है, चलो किसी पथ पर, चरखा तुमको बुलाता है। कहता है कि बापू के जीवन पर दृष्टि डालो। कहता है, नर भी नारायण होगया है, चरखा तुमको बुलाता है।

महात्मा

श्री मंगपूरि शर्मा

तब तुम्हारे सत्य के तप से पैदा हुए अद्भुत फल से भारतीय ही नहीं, अखिल विश्व के लोग तुमको मुकुट पहना कर तुम्हारी कीर्ति को गा रहे थे, अब तुम्हारी सत्य-दीक्षा की परीक्षा में देवता लोग भी पराजित होकर लज्जित हो कर तुम्हारे पीडित शिर पर अक्षत डालते हैं आशीर्वाद देते हैं। पवित्र सत्य की खोज में तुम देव! धर्म तथा देश के लिये आत्मा को समर्पित करते हो, तुम्हारे लिये जय क्या है, पराजय क्या है?

गांधीजी

श्री बसवरराजु अप्पाराव

अंगोछा पहने तो क्या? हमारे गान्धी जी "हमारे गांधी" बनिया हो कर जनमे तो क्या? मन माखन जैसा, प्रेम माता जैसा, परिपक्व मुख पर ब्रह्मतेज, चार बालो की नाचनेवाली चुटिया, चारों वेदों के निचोड़ की जाननेवाली चुटिया, पोपला मुंह, खोलने पर मोतियों की झड़ी बरसती है, मुस्कराने पर सोने की वर्षा होती है।

खट खट करते हुए चलते हो तो सारी दुनिया थर्रा उठती है, इनकी बातें वेद वाक्य।

कौशिक क्षत्रिय होकर ब्रह्मर्षि नहीं बने? आज वाणिक-पुत्र भी ब्रह्मर्षि हुआ।

मेरे गुरुदेव

श्री वल्लतोल नारायण मेनन

मेरे गुरुदेव के लिए सकल वसुधा ही कुटुम्ब है, उसके पेड़-पौधे, घास-फूस और कीड़े-मकोड़े भी कुटुम्बी हैं। त्याग ही आपकी निजी संपत्ति है। नम्रता ही आप का अभ्युदय है। आप योग के पारगामी हैं और इस प्रकार विजयी हो रहे हैं।

चाहे तारों की मणिमाला से सजा दो, चाहे काली घटा रूपी कीचड़ से, पर आकाश के लिए दोनों बराबर हैं। वह तो इसमें न लिप्त रहता है, न पृथक ही। उसीप्रकार मेरे पूज्य गुरुदेव भी स्वच्छ हैं, सम हैं और निर्मल हैं।

आप वह अगाध पवित्र तीर्थ ह्रद हैं, जिसमें क्रूर जन्तुओं का निवास नहीं है, और आप वह मंगल दीपशिखा हैं, जिसमें काजल की कालिमा छू तक नहीं गई। आप वह माणिक्य महानिधि हैं, जिसे सर्प ने स्पर्श तक नहीं किया है। आप ऐसी चाँदनी हैं जिसमें परछाईं नहीं पड़ती।

आप निरस्त्र होकर भी धर्म-संग्राम करनेवाले रणशूर हैं। बिना धर्मग्रन्थों के पुण्य का पाठ सिखानेवाले सतगुरु हैं। आप ऐसे प्रवीण वैद्य हैं, जिनके पास ओषधि न रहने पर भी, सब रोगों की जड़ उखाड़ फेंकने की शक्ति है, और आप हिंसा-दोष के बिना ही यज्ञ करनेवाले महायाज्ञिक हैं।

अहिंसा ही आपका अटल व्रत है। आपकी उपासनादेवी चिर शांति है। आप इस महान् तत्त्व के घोषणा करनेवाले हैं कि 'तलवार चाहे कितनी ही तेज़ क्यों न हो, अहिंसा के कवच से टकराने पर अवश्य चूर चूर हो जायगी।

अपनी प्रेयसी (अहिंसा) के साथ धर्म के नर्म-संलाप वचन ही आपकी अनमोल उक्ति है, सनातन सत्य की सभा के सुमधुर गान हैं, और मुक्ति के मणिमय चरणों की नूपुर-ध्वनि है।

आप प्रेम के बल पर संसार को जीतनेवाले सैनिक हैं। प्रणव के धनुष पर आत्मा का तीर चढ़ाकर ब्रह्म को ही लक्ष्य बनानेवाले हैं। ओंकार को भी क्रम से पिघला-पिघलाकर उसका केवल सूक्ष्मांशमात्र ही धारण किये हुए हैं।

सब महात्माओं की महत्ता—ईसा की त्याग-बुद्धि, कृष्ण परमात्मा के धर्म-रक्षणपात्र, गौतम बुद्ध की अहिंसा, श्री शंकराचार्य की बुद्धिमत्ता, रंतिदेव की कृपालुता, हरिश्चन्द्र की सत्यप्रियता और हज़रत मुहम्मद की स्थिरता, एक ही साथ एक व्यक्ति पर देखना चाहें तो आप लोग मेरे गुरु के पास जाइये अथवा उनके पावन चरित्र को पढ़िये।

आपके पावन चरणों का एकबार दर्शन कर लेने पर कायर शूर-वीर हो जाता है, निर्दयी पुरुष दयासागर हो जाता है, कृपण महादानी हो जाता है, कटुभाषी के मुँह से मधुरवर्णन हो जाता है, अशुद्ध हो तो परिशुद्ध हो जाता है और अकर्मण्य कर्मठ बन जाता है।

आप पूर्ण शान्ति से घिरे हुए महान् तपस्वी हैं। आपके शरीर पर शत्रु की तेज तलवार भी नीलोत्पल के समान है। आपके सामने पैने दाँतोंवाला सिंह हरिण का बच्चा है और किनारों पर टकरानेवाली गंभीर लहरोंवाला बड़ा सागर भी क्रीड़ा का सरोवर है।

भले ही जंगल हो, जब आप कार्य-चिन्तन करने लगते हैं तब वह भी आपके लिए सुवर्ण सभास्थल है, और गहरी समाधि में लग जाने पर तरह तरह के कोलाहलों से भरा हुआ नगर भी गिरि-कन्दरा है।

अपने सत्कर्मों के बल से प्रत्येक क्षेत्र में शुद्ध स्वर्ण को ही उपजानेवाले धर्म प्रवर्तक हैं। आपकी दृष्टि में सुवर्ण इस पृथ्वी की पीली मिट्टी के समान है। छत्र चामर युक्त साम्राज्य के ऐश्वर्य भी आपके लिए भयंकर दंष्ट्रायें दिखानेवाले पिशाच हैं। आप इतने विरक्त हैं कि विश्व का वैभव आपको लुभा नहीं सका।

दूसरों के कोमल पैरों में पीड़ा न पहुँचाने के लिए स्वतंत्रता के दुर्गम पथ पर आप रेशम बिछा रहे हैं, लेकिन आप तो स्वयं वल्कल के टुकड़े पहने अपना जीवन बिता रहे हैं।

इसमें ज़रा भी सन्देह नहीं कि गीता की जन्मभूमि को छोड़ और भूमि इस तरह के कर्मयोगी को जन्म नहीं दे सकती; सिवा हिमालय तथा विन्ध्याचल के मध्यप्रदेश के और कहाँ इस तरह का शमशील सिंह दिखाई पड़ेगा ? गंगा नदी की प्रवाह-भूमि में ही ऐसे मंगल फल देनेवाले अमर-तरु का जन्म हो सकता है। हे जगद्गुरो ! दुर्द्धर्ष महात्मन् ! मैं आपको बार-बार प्रणाम करता हूँ।

महात्मा गांधी

श्री पालानारायण नायर

अक्षय ज्योति स्वरूपाणि मेरी जन्मभूमि जीती है, जिसमें नक्षत्रलोक के साथ केलि संलाप करनेवाले, निर्दोष तथा निष्कल्मष महान ऊँचा हिमालय गंभीर होकर खड़ा रहता है।

सर्वांग सुन्दरी कुलीना मेरी जन्मभूमि जीती है, जिसमें सन्तोष तथा निर्वाण के फूल खिलनेवाले नन्दन वन सुशोभित हैं, मानव को फिर भी अज्ञानान्धकार से उबारने के लिए गीता की सुरीली वाणी गूँजने लगी है।

अंबिके भारतमाता ! तूने इस महान पुत्र को जन्म देकर अपना नाम सदैव के लिए वीर प्रसविनी रख लिया। अज्ञान तथा दरिद्रता के अंधकार को दूर करके ज्ञान की जलती हुई मशाल हाथ में लेकर तेरा पुत्र खड़ा रहता है।

आपका पुत्र इतना ग़रीब है कि उसकी उपमा कोई नहीं है, पर संसार भर में बुद्धि तथा समृद्धि बाँट रहा है।

आप सत्यान्वेषी साधु अर्द्धनग्न होकर ही खड़ा रहता है; किन्तु परिश्रम से देश भर के लोगों को वस्त्रों से सजा दिया है।

इसके दुर्बल दोनों हाथ विवेक का धक्का देकर विश्व के हृदय को कँपा रहे हैं। बुढ़ापे के कारण लाठी के सहारे खड़े होने पर भी, करोड़ों लोगों को सहारा दे रहा है। इतना ही नहीं, तप से शुष्क इस नेता के मुख से अहिंसा की बाँसुरी की वाणी गूँज रही है।

हमारे गांधीजी

श्री मारा शामरण

भारतमाता की कोख में जन्म लेकर, परतंत्रता की पीड़ा सहकर, सुख देने-वाली स्वतंत्रता की महान इच्छा को मन में रखकर, हमारा पथ प्रदर्शक कौन हैं ? हमारे गांधीजी !

भोग और भाग्य की कामना तथा राग, द्वेष, मोह की माया छोड़कर योगी की भाँति जीवन बितानेवाले जनता में त्याग का बीज बोनेवाले कौन हैं—हमारे बापूजी !

बड़ों में बड़े और छोटों में छोटे होकर संसार के मार्गदर्शक बनकर—विचरनेवाले कौन हैं ? हमारे गांधीजी !

देश के लिये कठिन कारावास को भी सहन कर अनेक कठिनाइयों को सहते हुए अबोध शिशु के समान दिन बितानेवाले और देशसेवा को ही अपना प्रथम कर्तव्य समझकर सर्वस्व समर्पण कर देनेवाले कौन हैं ? हमारे गांधीजी !

उपवास करते हुए सच्ची अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए समस्त संसार को कँपानेवाले और अपनी ओर आकर्षित करनेवाले पुरुषोत्तम कौन हैं ? हमारे बापूजी !

ज्ञान रूपी मधु को ढूँढते फिरनेवाले मानव मधुप को सर्वदा मधु से संतृप्त करनेवाले और दीन मधुपों को अपनी ओर आकर्षित करनेवाले कौन हैं ? हमारे गांधीजी !

प्रेमसुधा की इच्छा कर आनेवाले प्रेमियों को बल देनेवाले, क्षेमसुधा चाहनेवालों को क्षेमसुधा सदैव वितरण करनेवाले कामधेनु से सौम्य कौन हैं ? हमारे गांधीजी !

कांति में सूर्य के समान, शान्ति में चन्द्र के समान, क्रांति में साधु के समान तेज दिखानेवाले कौन हैं ? हमारे गांधीजी !

भारत जननी के प्रिय पुत्र, उनके पुत्रों में अग्रगण्य हैं, और आँखों के तारे कौन हैं ?—हमारे बापूजी !

गांधी महात्मा

श्री ईश्वर सणकल्ल

हे चैतन्य-निधि ! तुम्हारा नाम सुनकर रोमांच हो रहा है। तुम्हारा चित्र देखकर अश्रुपात हो रहा है, और मौन मन में ही हमने बारंबार नमस्कार किया। देखने को अस्थिपंजर मात्र हो ! किन्तु अंतरतम के आत्मा से संसार को कँपानेवाला हुंकार भर रहे हो। जिस प्रकार तृण रूपी विश्व को भस्मसात् करने-वाली प्रचंड अग्नि छिपी रहती है, उसी प्रकार तुम्हारे आत्मा में एक अदृश्य शक्ति है। शरीर से हार जाने पर भी अपराजितों को तुमने पराजित कर दिया।

खाली हाथ से ही भूक को मिटा दिया। भिखमंगे रहते हुए भी जगत् के सम्राट् बन गये। दिगंबर रहते हुए भी संसार को वस्त्र पहना दिया। तुमको बाँधनेवाले बंधन दूसरों की मुक्ति का साधन बन गये, और तुमको मारनेवाली मृत्यु स्वयं मर गई।

तुम्हारे मुख पर खेलनेवाली मंद मुसकान दूसरों की मूर्च्छा को हटा देती है। तुम जहाँ जहाँ जाते हो वहाँ वहाँ सुख शांति नृत्य करती है। जहाँ जहाँ वास करते हो वहाँ वहाँ शांति की वर्षा होती है। जो भारतवासियों के लिये एक सपना था वह तुमसे ही सत्य बन गया। हे भारत के वीर, आज तुम्हारे संकेत पर समस्त संसार वीरता के पथ पर चल रहा है। तुमने स्वयं उपहार बनकर आत्मार्पण कर दिया। यह सब देखकर मैं विवश हो गया, इसीलिए मैं तुम्हारी ओर खिंच आया। मैं तो तुम्हें देखते देखते अंधा बन गया और सुनते सुनते मूक बन गया। द्वन्द्वमय संसार ने तुम्हारी ओर देखकर सचमुच बड़ा अनुभव पाया है, तुमसे ही पूत हो गया है।

उपवास

श्री गोविन्द पाई

महर्षि शुक ने भगवान को देखना चाहा, इसलिए हिमालय के हिमावृत एकांत में अपने हृदय की भूख मिटाने के लिए अपने शरीर का आहार दे देकर लंबे उपवासों द्वारा अपने मन रूपी रंभा (कामना) को जीतकर भगवान् को प्रसन्न किया और भक्ति-रूपी गंगा को भारत की प्यास बुझाने ले आए।

अश्वत्थ वृक्ष के नीचे दीर्घ उपवासों द्वारा भगवान् बुद्ध ने मार (मन्मथ) को जीता और इच्छा-रूपी जंगलों को पार कर उन्होंने हमें अष्टांगिक धर्म-मार्ग के द्वारा "निब्बाण" निर्वाण-प्राप्ति का मार्ग बतलाया।

रूढ़ियों के अंधकार में जिसे हम धर्म मान बैठे हैं, हम उस सर्वव्यापी भगवान् के प्रकाश की खोज करते हैं। फिलस्तीन के जंगलों में बहनेवाली प्रसिद्ध नदी जोर्दन के तट पर महात्मा ईसा ने चालीस दिनों का लम्बा उपवास करके स्वर्गराज्य का दृश्य देखा।

अरबों के असंस्कृत और अज्ञान से भरे हुए जीवन को देखकर अत्यंत दुखी होकर अरब को नवजीवन देने के ही लिए हीरा पहाड़ की गुफ़ा में लंबे लंबे रतजगे और उपवास कर अन्त में एक भगवान् के सर्वरक्षकत्व की घोषणा की और एक सर्वरक्षक भगवान् के महत्व को बतलाकर अरबों के अज्ञान को दूर किया।

हे गुरुवर महात्मा गांधी ! आपने देहली में एक्कीस दिनों का उपवास कर भारतीयों के ही क्यों, संसार के हृदय में विश्वप्रेम का बीज वो दिया है। क्या उस बीज से अंकुर कभी नहीं निकलेगा ? अवश्य निकलेगा और वह प्रेमलता भारत की भाग्यलता बनकर हमें अमर बना देगी।

निःस्व

श्री गोविंद पाई

दधीचि महर्षि ने आगापीछा किये बिना ही देवताओं की सहायता के लिए अपनी अस्थियाँ निकालकर दे दीं। एक पक्षी कबूतर को बचाने के लिए राजा शिवि ने अपने ही शरीर का मांस दे दिया। राजा मयूरध्वज (शिखिकेतन) ने अपने शरीर का आधा भाग उन श्रीकृष्ण और अर्जुन के लिए दिया जो दूसरा आधा भी माँगने से न चूके। राजा भरत ऋषि होने पर भी एक अनाथ मृग-शावक की रक्षा के लिए संसार के बन्धन में आबद्ध हुए।

भगवान बुद्ध ने अपना सब कुछ त्यागकर उस परम सत्य के प्रचार के लिए जिसका उन्हें साक्षात्कार हुआ था देश-विदेशों में भ्रमण किया, गुरु तेगबहादुर ने अपने को तलवार की धार में अर्पण किया, राजपूत की महाराणी पद्मिनी ने चित्तौड़ के गौरव की तथा स्वधर्म की रक्षा के लिए अपने को अग्निकुंड में समर्पित किया।

एक निःस्वार्थी क्या नहीं त्याग सकता और क्या नहीं पा सकता ? पृथ्वी के हित एक निःस्वार्थी ही कष्ट झेल सकता है, और दूसरों के लिए मर सकता है।

जीव संसार की यातनाओं को भोगने ही के लिए है, और यातनाओं का भोगना ही जीव की महानता है। एक निःस्वार्थी के कष्ट झेलने से ही मानव जीवन महत्व को प्राप्त होता है। कष्ट का सहना कभी निष्फल नहीं होता। दुनिया प्रगति को पाती है, इसीलिए कि निःस्वार्थी का त्याग उस प्रगति में निहित है। इसीलिए, उसका कष्ट झेलना कभी निरर्थक या व्यर्थ नहीं होता।

हे पूज्य महात्मा ! सचमुच हम मानते हैं कि भारत का भाग्य आप ही की निःस्वार्थता पर निर्भर है, और आपका निःस्वार्थ ही हमारा पथप्रदर्शक है।

युगे-युगे

श्री सुरकुंद अण्णाजी राव

त्रेतायुग में श्रीरामचन्द्रजी कपि-सेना लेकर लंकाधीश से जब युद्ध करने गये, तब सुन्दर नगर देखकर उन्हें बहुत दुख हुआ उनके मनमें आया कि जब मैं दशमुख से युद्ध कर उसे परास्त करूँगा, तब यह सुन्दर

राजधानी, यहाँ के गगनचुम्बी भव्य भवन और कला की साक्ष्य देनेवाली अट्टालिकाएँ, सब कुछ मिट्टी में मिल जायेंगी। हाय! ऐसा नाश मुझसे देखा न जायगा। यह कहकर उन्होंने छल छल आँसू बहाये थे।

महात्माजी जब देहली नगर के राज-प्रतिनिधि से मिलने गये, तब यह विचार मन में आते ही कि आंग्ल-देश में इस घोर लड़ाई के कारण सत्यानाश होगा, वहाँ के सुन्दर भवन धूलि में मिल जायेंगे, कला का नाम भी न रहेगा, उन्हें भी श्रीरामचन्द्रजी के समान दुख हुआ।

शत्रुओं का नगर हो या मित्रों का हो, उसका नाश होते देख ये दोनों महापुरुष दुख-विह्वल हो गये। ये महापुरुष सत्य की रक्षा के लिए अवतार लेकर इस मृत्यु-भूमि पर आये हैं। जैसे राजाओं में रामचन्द्रजी श्रेष्ठ माने जाते हैं, वैसे ही महात्माजी भरत-देश में श्रेष्ठ और पूज्य हैं।

गांधीजी का पेट

श्री चुआङ्-युङ्

जन भीत-भीत अति
स्तालिन-पुरी पर—
कम्पिता धरित्री के हृदय पर—
हो रहा है, क्रूर घात-प्रतिघात!
स्तालिन-पुरी स्वतंत्र,
जय-घोष से तुम्हारे मैंने सुना, कि
है इस धरती का हृदय धड़कने लगा।
बूढ़ा वह गांधी एक दुःख में,
लोग करते थे जब उत्सव का समारम्भ,
किया उसने था तब निज उपवासारम्भ।
उत्सवोत्साह का प्रदर्शन सड़क पर,
मुँह ढाँप रोता बूढ़ा रंक गली-मुख पर।
स्तालिन-पुरी है यदि हृदय धरित्री का
गांधी का तब तो उदर पाक-यंत्र है।
खड़े होंगे कैसे हम?
उछले हृदय क्यों न—कितना ही
जब जलता है पेट खाली शुष्क-ज्वाला से—क्लेश से
और (हाय,) न्याय की स्वतंत्रता की, मान की मनोज्ञ आशा
जग के महान् उन रेडियो के केन्द्रों से—
घोषित हैं केवल दो चार बूँद नीबूरस—

कोरे जलबीच, (जिसे गांधी हाथ पीता है ।)
पश्चिम की ओर मुँह किए हम ताकते हैं
उठता जहाँ से है प्रकाश !
हरे खेत पुश्किन के, शेली और बायरन के जलधि दुरवगाह
निर्निमेष देखता हूँ होकर समुत्सुक मैं
आशा हूँ लगाए कि
हमारी इस प्राची की निगाह में प्रतीची सा प्रकाश हो ।

मरुभूमि में हरियाली

श्री 'उ-शिओलिङ्' श्री दिवाकर उपाध्याय

गांधी,
मरुभूमि में हरियाली ।
उत्ताल तरंगें ऊपर नीचे निर्मल-जलधारा ।
हिम-क्रूर शीत बाहर है,
भीतर जलती है ज्वाला ।
बीती हैं शरत् पचहत्तर,
जीवन कठिनाई वाला ।
पर सुना फूटती मुँह से शिशु दिव्य हँसी की धारा ।
कुछ सत्य मनुज जीवन का
पा सकते स्वाद कहाँ से ?
(केवल बस बन्धु !) यहाँ से ।

महात्मा गांधी

श्री रवीन्द्रनाथ ठाकुर

अनुवाद पृष्ठ ७ में देखिए

चिरन्तन भारत

श्रीमती सरोजिनी नायडू

तुम्हारी परिवर्तनहीन आँखों ने युगान्तों के दृश्य, उत्थान और पतन देखा है ।

शताब्दियों फूलों ने तुम्हारी परिक्रमा की है । आरम्भ के उषःकाल की शान्ति में संसार के साम्राज्यों से तुम्हारी आयु बड़ी रही है, और उनके पौराणिक तेज और श्री से कहीं अधिक तुम्हारा प्रकाश रहा है । काल के दिगन्त-व्यापी कीर्तिवाले तुम्हारे प्रतिद्वन्दी ईरान, मिस्र, यूनान और बैबीलोन अतल के विवर में विलीन हो गये ।

तुम्हारी यह गंभीर भविष्यदर्शी आँखें भविष्य का क्या रूप देख रही हैं ? उसमें संहार की स्थिति और लय कितनी तीव्र और कितनी अभूतपूर्व है ?

कौन से राज्य अकस्मात् उठे और गिरेंगे जब तक कि तुम जरारहित, सुरक्षित, सर्वोच्च, सीमा और कालहीन स्थिरता में उन सबको पार करते रहोगे ?

गांधी

श्री हुमायूँ कबीर

विस्तृत भूखण्ड और सीमाहीन काल को पारकर, उसने इस प्राचीन जाति की आशाओं में जीवन के स्पर्श से निराशा के गहन अन्धकार में भी शक्ति फूँक दी। अजगर की कुण्डली पर कुण्डली मारकर यह देश, मोह-मुग्ध-सा सो रहा था। किन्तु उसके स्नायुजाल में साँस की गति का संचार हो रहा है। गांधी ने सम्मोहन की तन्द्रा भंग कर दी, उसमें जीवन-बल पैदा किया और अब उन जड़ीभूत अंगों से केंचुल छूट रही है।

भौतिक दुःखों के इस व्यापक दृश्य में भी वह निर्बल स्वरूप अग्रसर हो रहा है, जहाँ मृत्यु धीरे धीरे सारी लोकस्थिति, आशा, विश्वास और कर्म को भूरे रंग में रँगकर निर्जीव करती रही है। यह क्या रहस्य है जो इस सारे दृश्य को ही बदल रहा है ? यह गहरी तीव्र धारा कहाँ से फूट निकली जो इस भूमिपट को जीवन के वेग से हिला रही है। यह सुकुमार मूर्ति इस दृश्य में प्रतिष्ठित होकर सारे भौतिक दुःखों पर विजय प्राप्त कर रही है और नवजीवन की पीड़ा और प्रभा से मृत्यु के इस भूरे दृश्यपट को चीर रही है।

यह मृतक, गतिहीन और विकृतकाय महाद्वीप आशा की नई रागिनी में पुलकित आगे बढ़ चला है। प्रेरणा संचित हो रही है, जनता हिल उठी है और आगे बढ़ने के लिए अधीर होकर ज़ोर मार रही है। धीमी और ह्रास-मयी मृत्यु के आसन पर जीवन की उत्तेजना प्रतिष्ठित हो रही है।

काल की रेतीली भूमि और भारतीय सीमा के छोर पर यह अकेली मूर्ति खड़ी है और इसके अतल से कठोर विषाद और अमर आशाएँ खींच रही है।

हिन्दुस्तान के अशान्त कारवाँ को यह साहस और संकट के नये पथ पर लगा रही है, जहाँ जीवन के तत्वों से ही नये विधान, नये उपदेश और नये आदेश लेने हैं। वह मूर्ति कौन है ? गांधी, महात्मा, भारत के नेता और इस देश की आत्मा।

गांधी

मेरी सीग्रीस्ट

यह कौन है, जो जगत के बीच से उस ओर चला जा रहा है ? ईसा या

बुद्ध। इस साधारण मार्ग पर यह शान्ति का अवतार, जिसके माध्यम से विश्राम हीन भारत चरम चेतन की ओर आकर्षित है?

चुप! क्या विस्मय है यदि हमारी इस धरती पर फिर उसी कोटि का नेता पैदा हुआ हो, जिसमें विजय के वे ही लक्षण हैं जो उसमें थे, जिसने नज़ारेथ में विस्मयजनक मार्ग का अवलम्बन किया था।

कौन है यह जो कारागार की बन्द कोठरी से अपनी आत्मा को विश्व का अतिक्रमण करने के लिए भेज रहा है? इस युग में व्याप्त हो उठनेवाला, जिसके भीतर से वेद और उपनिषद् बोल रहे हैं, जो नंगी और भूखी स्थिति में उस स्थान की खोज में जहाँ मनुष्य का दुःख सबसे गहरा है—भारत की विषाद-मयी भूमि में भीषण शोक की अनुभूति के लिए चल पड़नेवाला यह कौन है?

यह किसका आसन है जो संसार को ललकार रहा है, जो प्रतिरोध का वह दैवी आत्मबल दिखा रहा है, जहाँ किसी भी अन्य मनुष्य की गति नहीं! यह किसकी ध्वनि है जिसमें पूर्व की रागिनी गूँज रही है, यह किसका प्रेम है जो छल और दम्भ के शरीर छेदन के लिए खुली हुई तलवार है? यह किसका मौन है जो संसार के एक छोर से दूसरे छोर तक पुकार रहा है?

इस विस्मय-विभूति उन्नायक में सारी जातियाँ मिलकर एक हो रही हैं, इसके हृदय में पूर्व और पश्चिम का एक ही चिरन्तन रूप है और इसके हृदय से प्रेम की अविराम रागिनी निकल रही है! उन कोटि कोटि पददलितों के लिए जो युगों से अत्याचार के चक्कों के नीचे पिस रहे हैं—वह अविश्रान्त महा-पुरुष उन्हें अतीत की स्मृति में किसी महान् उषःकाल और परम्परा का सत्य सन्देश दे रहा है।

अपने एकान्त कारागार में, भारत के किसी कोने में वह आकाश और सूर्य की संगति में प्रतीक्षा कर रहा है। क्या है यदि फिर भी कोई ईसा उन्मत्त शक्ति के द्वारा सूली पर चढ़ा दिया जाय? अन्धे अपना स्वभाव नहीं बदलते।

इस पृथ्वी पर पैर धीरे से रक्खो, कदाचित् भारतवर्ष में फिर कोई ईसा पथ-प्रदर्शन कर रहा है।

गांधी

श्री बेन्जमिन कालिन्स उडबरी

अब कोई सन्त फिर कब प्रकट होगा जो पवित्रात्मा अपनी जाति का उद्धारक होगा? ईसा फिर कब एक बार और अपना दर्शन देंगे?

गौतम ने स्वेच्छा ही से तो राजप्रासाद छोड़ा था। और वे जब अपने अज्ञात पथ पर बढ़े थे, श्रान्ति, क्षुधा, असहाय और संज्ञाहीन के जब उस वट-वृक्ष के नीचे अपने ही भार से दब गये। ईसा ने तो पापियों की मुक्ति के लिए मृत्यु स्वीकार किया।

अपने व्रत का ऐसा ही निष्ठावान एक व्यक्ति अवतरित हुआ है, जो पराधीन मानवों की एक जाति का महात्मा है।

याद आया। गांधी अपने राष्ट्र की आत्मा का बन्धन काट रहा है। आत्मा की मुक्ति यह उसकी माँग है।

क्या बुद्ध को शान्तिपूर्ण निर्वाण मिल गया या ईसा फिर इस धरती पर चल पड़े हैं।

प्रजातंत्र के प्रति

श्री हरीन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय

वह विश्वशान्ति का प्रतीक है। कोई भी अत्याचार उसकी ज्योति को न स्पर्श कर सकता है न मंद कर सकता है। उसके बंदी होने में समस्त देश बंदी है और उसके स्वतंत्र होते ही समस्त देश स्वतंत्र होगा।

प्रजातंत्र! क्या यह तुम्हारे लिए उपहासास्पद नहीं है कि जो तुम्हारे लिए जीवित है, उसी को तुम बंदी बनाये हो। हमें इस समय तो रोषोन्मेष सा हो रहा है—हे परमात्मा उन्हें क्षमा करो जो यह भी नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।

उसे मुक्त करो, क्योंकि इतिहास प्रतीक्षा नहीं कर सकता! उसे मुक्त करो, क्योंकि वर्तमान युद्ध के रक्त से लाल हो रहा है। उसे मुक्त करो क्योंकि हमारे भाग्य का निर्णय होने जा रहा है। प्रजातंत्र! इससे तुम्हारे जीवन को निश्चित दिशा मिलेगी।

मानवता की लेखनी को उसके रक्त बिन्दुओं में डूबकर यह घोषणा न करने दो कि तुम मिथ्या कह रहे हो—क्योंकि यदि यह मानवों के बंदीगृह से सदैव के लिए विदा हो गया, तो क्या उत्तर दोगे?

मन्दिर के घंटे बजे

श्री एस० के० डूंगरकर

देश में उत्साह और आनन्द व्याप्त हो रहा है। उसके देशभक्त ऋषि, उसके सबसे महान् पुत्र ने एकमात्र आत्मबल से, भीषण अग्निपरीक्षा में विजय प्राप्त कर ली है। उसने जब अपने उपवास की घोषणा की, मृत्यु जैसी निराशा देश में छाया की तरह छा गई। बहुतों ने समझा बस यह अब प्रलय की सूचना है, सर्वनाश और ध्वंस निकट आ गया है। घर-घर से, हृदय-हृदय से संसार के कोने कोने से, निकट और दूर से प्रार्थनाएँ की गईं। अनन्त आकाश मन्दिर का घेरा बन गया, जिसके नीचे कोटि कोटि मानव धड़कते हुए हृदय से घुटनों पर बैठ गये।

आनन्द मनाओ! और मन्दिर के घंटों को गंभीर ध्वनि में बजने दो, क्योंकि अब वह मुस्करा रहा है और सत्य के सर्वोन्नत झण्डे को फहरा रहा है।

महात्मा गांधी

श्री ज्याने टाम्पकिन्स

किन्तु, तुम क्या देखने गये थे ? वायु से प्रताड़ित तिनके को ? उसकी करुणा हिल उठी।

वह भी मनुष्य है, जिसने मृत्यु के आवरण के भीतर से अमरत्व की प्रतिष्ठा के लिए सतत प्रयत्न किया।

अपने मांस और मांस के बन्धनों से तो वह मुक्त हो गया; किन्तु उस पर भी उसने अपने बन्धु के घावों से रक्त बहते देखा।

मानवता की पीड़ा से मुक्त करने के लिए प्रेम की ओर उसने अपनी आत्मा को झुका दिया है।

साम्राज्य उसके पथ का अवरोधक बना। उसके प्रतिकार के लिए उसने अपना शस्त्र उठाया—रोष का नहीं—प्रेम का।

शत्रुओं के लिये भी उसके पास केवल प्रेम है। पत्थर, घूँसे और कारागार उसकी क्षमता को विचलित न कर सके।

साम्राज्य अपने रक्त रंजित पथ पर दौड़ता जा रहा है। किन्तु उसका राज्य चन्द दिनों का नहीं है।

प्रेम बन्धन नहीं मानता। सम्राटों से त्यक्त किये गये इस विश्व पर प्रेम का अधिकार है।

नियति के उस विनम्र गृह के सामने संसार के उसपार उत्सुक मानवता प्रतीक्षा कर रही है जहाँ एकमात्र प्रेम की अनन्त शक्ति है जो आपने शुद्ध काल में आ रही है।

वृद्ध गांधी

श्री एल० एन० साहू

गांधी, वृद्ध गांधी, वह कितना सशक्त है, आश्चर्यजनक ? वह मरता नहीं, इच्छा हो तो उसे मारकर देखिए, वह नहीं मर सकता। वह अमर महापुरुष है।

वृद्ध गांधी का निर्माण अनेक साधनाओं से हुआ है। उसने यौवन की अग्नि तथा इच्छाओं की ज्वाला से मोर्चा लिया है। उसने सभी कुत्सित भावनाओं का दमन किया है। वह ऊँचा उठा। वह उच्च नक्षत्रों के साथ प्रलय तथा अग्नि से खेल खेला है। उनको पारकर उसने विश्व-माता महामहेश्वरी के दर्शन किए हैं। उसने पृथ्वी को पदाक्रान्त किया है।

सभी स्थान उसके हैं। कोई भी नवीन नहीं। महामहा में लीन होने के कारण वह शक्तिमान् है। यह है गांधी, वृद्ध पुरुष। वह भारतवर्ष की वेदना तथा क्रोध का मूर्तिमान स्वरूप है।

वह संपूर्ण अग्नि तथा संपूर्ण सौंदर्य है। गत बीस वर्षों से अधिक काल से वह किस अग्नि-परीक्षा में लीन है? वह सारे भारतवर्ष को अपने साथ शक्ति तथा मुक्ति की ओर ले चल रहा है। शत्रु चारों ओर हैं। युद्ध की भेरी उच्च घोष कर रही है। परन्तु वृद्ध पुरुष गांधी ने यौवन को सफलतापूर्वक ग्रहण किया है। महान साधक, मनसा पूर्ण संन्यासी, वह भारत की जीवित वाणी तथा प्रतीक है।

बलि-पुरुष

श्री साधु टी० एल० वासवानी

आज मैं अपने हृदय में संगीत लेकर उठा जैसे कि अशोक के वृक्ष में वायु की लहरें उठती हैं।

उसने कहा "वह स्वप्न अभी सत्य होगा, क्योंकि भगवान् के स्वप्न कर्म हैं और भारतीय स्वतन्त्रता का स्वप्न उसी का स्वप्न है।"

मैंने पूछा 'विजय का मार्ग कहाँ है?'

मेरी मूर्छना ने उत्तर दिया 'जो कष्ट सहन करते हैं, उन्हीं की जीत होती है'।

दीवालों और पहरे के भीतर आज महान् आत्मा गांधी बन्द हैं। किन्तु, दीवालों और कारागारों ने कब आत्मा को आत्मा से पृथक् किया है? कष्ट और संकट की इस स्थिति में उस मुक्तात्मा का रहस्य-सिंहासन आज कोटि-कोटि' हृदयों में स्थापित है और संसार के चारो ओर यह निनाद घूम रहा है कि शक्ति न्याय से फिर लड़ रही है।

वह कहते हैं—क़ैद किया। मैं कहता हूँ उसकी आत्मा तो सनासन तीर चलाकर लक्ष्यबेध करती जा रही है। अन्धकार में भी उसका प्रकाश फूटकर हृदय-हृदय में गति प्रदान कर रहा है और उसकी विनीत आत्मा उस संघर्ष का नेतृत्व कर रही है जिसका चरम लक्ष्य स्वतन्त्रता है क्योंकि वह अमर है।

उस एकता और प्रेम के ऋषि को प्रणाम है। राष्ट्र के जीवन में उसका स्वप्न प्रवेश कर रहा है।

हमारे ऊपर चिरन्तन आकाश है; हमारे ऊपर अब भी वीरों की, प्राचीन देवों और ऋषियों की मंगल कामनायें हैं और गांधी अभी भी हमारा नेता है।

साथियो! दुर्भाग्य की इस निराश घड़ी में मुझे अभी भी विश्वास है कि भारत के दुःखों का अन्त चरम मोहक और सुन्दर होगा। नित्य के प्रातःकाल का सूर्य, जब मैं उसकी पूजा आहत हृदय से करता हूँ उस बलि पुरुष के जीवन और श्री का सन्देश लाता है और वह यह है कि "पीड़ित राष्ट्र की विजय होगी।"

महात्मा गांधी

श्री योन नागूची

विपत्ति-ग्रस्त कोई सम्राट् नहीं, केवल एक निरीह छोटी बकरी, अपने नंगे पैरों पर मुस्कराती हुई, जो अपने झुकने में भी लौह-कठोर है।

गांधी एक छत पर लगाये गये शिविर में बीमार हैं, जहाँ सूर्य की किरणों के प्रेम की वर्षा हो रही है।

अपने सिर पर रक्खे गये रुई के गद्दे की ओर संकेत कर वह कहते हैं—

'मैं इस पृथ्वी से पैदा हुआ। यह भारत की मिट्टी है जो मेरा मुकुट बन रही है।"

संसार पर उनका जो ऋण है, वह उन्हें ईश्वर से मिलेगा, उन्हें इसका विश्वास है।

उनका संघर्ष स्वर्ग के निकट हो रहा है और उन्हें विश्वास है कि उन्हें अलक्षित विजय मिलेगी। उनकी वह रणभेरी बज रही है जो नरक की अन्तिम परिखा में भी गूँज रही है।

एकान्तवासी वीर जो झिलमिल भविष्य को ललकार कर अपनी ओर खींच रहा है।

किन्तु, उसकी विराट् आत्मा विश्व को भय से प्रकम्पित कर रही है।

इस पुरुष के भीतर से मनुष्य का पतित और तिरस्कृत प्रेम, जीवन की ध्वस्त और भूमिसात् स्वतन्त्रता, शारीरिक श्रम जो सम्मान और पुरस्कार से वंचित रक्खा गया है, चीत्कार कर अत्याचार के विरुद्ध विद्रोह की पुकार कर रहे हैं।

ईश्वरीय न्याय की प्रतिष्ठा और यशःस्तुति हो। लोकजीवन के विषाद का गायक जो धरती माता के निकट है।

सत्य का एकान्त अन्वेषक जिसके लिये न तो रात है और न निजी सुख, इस पुरुष से बढ़कर ज्वलन्त देशभक्त और कहाँ है?

इस पुरुष से बढ़कर भविष्यदर्शी आत्मरूप और कहाँ है?

भूख और पीड़ा के अन्तहीन पथ पर चलनेवाला अकेला तीर्थ-यात्री, जो प्रकृति से उद्धत प्रथम मनुष्य का रूप देखने के आनन्द में लीन है। वह पुरुष जो दरिद्रनारायण की सेवा को भक्ति कहता है, वह पुरुष जो अपने अधिकार की सम्पत्ति खोकर लघुता का अनुभव करता है।

कौन, केवल दरिद्र ही दूसरे दरिद्र की रक्षा कर सकता है; मैं गांधी के शिविर से निकलकर सीढ़ियों से उतरने लगा। बाहरी सहन में सुन्दर प्रकृति व्यंग्य कर रही है। पक्षी और वृक्ष शान्ति-संगीत में मग्न हैं। एक वृक्ष की छाया में तीन बकरियाँ खेल रही हैं। मैं उनके निकट से जा रहा हूँ जो सहिष्णुता और प्रेम की प्रतीक हैं।

प्रकाशक
पं० भृगुराज भार्गव
अवध-पब्लिशिंग-हाउस, लाटूश रोड, लखनऊ

मूल्य दस रुपया

मुद्रक
पं० भृगुराज भार्गव
भार्गव-प्रिंटिंग-वर्क्स, लाटूश रोड,